हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



आज से अधिकांश जिलों में बढ़ेगी बारिश की रफ्तार

# आधा प्रदेश 'भीगा'... बाकी में 'आंधी-ओले'

- हवा की रफ्तार थी करीब 70 किमी प्रति घंटा
- पारा सामान्य से 9 डिग्री तक नीचे पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोमवार को लगातार तीसरे दिन आंधी, बारिश और ओले से प्रदेशभर में पारा गिरकर सामान्य से औसतन 5 डिग्री तक नीचे पहुंच गया। कुछ जिलों में 6 से 9 डिग्री तक कम रहने से गर्मी और लू से राहत मिली है। भोपाल सहित अधिकांश जिलों में सुबह से धूप-छांव के बीच दोपहर बाद से मौसम बदला। भोपाल में आसपास बारिश होने से ठंडी हवाएं चलीं। मौसम केंद्र के अनुसार मंगलवार से बारिश और आंधी में और बढ़त होगी। राजधानी सहित प्रदेशभर की हवा में सोमवार से नमी की मात्रा तेजी से बढ़ी है। प्रदेश में अब सुबह औसतन 75 से 80 और शाम को 50 फीसदी तक पहुंच गई है। मौसम केंद्र के अनुसार मंगलवार से बारिश और आंधी में और बढ़त होगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अब नया पश्चिमी विक्षोभ 3 जून से एक्टिव हो रहा है। सर्वाधिक बारिश सतना में 22 मिमी दर्ज हुई।

### विंध्य में पारा 5 डिग्री तक गिरा

भोपाल में आधा डिग्री गिरकर पार 37.6 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 3.6 डिग्री कम है। दतिया में 4 डिग्री गिरकर 34.4 डिग्री रहा। यह सामान्य से 8.5 डिग्री कम है। गुना में सामान्य से 8.2 डिग्री कम रहा है। टीकमगढ़, सतना, रीवा, नौगांव, खजुराहो, ग्वालियर और श्योपुर में 5 से 6 डिग्री तक कम रहा है। इससे प्रदेशभर में भीषण गर्मी और लू से राहत मिली है। सोमवार सुबह से शाम तक आगर मालवा, शाजापुर, अशोकनगर, राजगढ़, सीहोर, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा में 70 किमी की रफ्तार से आंधी चली और ओले गिरे। शिवपुरी, ग्वालियर, गुना, नीमच, मंदसौर, भोपाल, विदिशा, सिवनी, पांढुर्णा, जबलपुर, मंडला, कटनी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना और सतना में तेज हवाओं के साथ कुछ जगह बारिश और ओले गिरे हैं।

### आंधी-बारिश से यह घटनाएं

1. सीहोर-रायसेन में भी पेड़ों व तारों को नुकसान
2. इंदौर, देवास व उज्जैन में कई पेड़ उखड़े
3. कई होर्डिंग्स उड़े, बिजली के पोल भी गिरे
4. देवास में दीवार गिरने से 7 लोग घायल हुए
5. देवास की माता टेकरी की लाइटें क्षतिग्रस्त
6. अकोदिया मंडी में रखी उपज पूरी तरह भीगी

हरिभूमि सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
02 जून 2026
कूपन नं. 3

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### नागेंद्र राष्ट्रीय संगठक व अजेय संगठन महामंत्री बने

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को पार्टी में दो संगठनात्मक नियुक्तियां की हैं। बिहार भाजपा के पूर्व संगठन मंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी को भाजपा का राष्ट्रीय संगठक नियुक्त किया गया है, जिनका केंद्र दिल्ली होगा। साथ ही, अजेय कुमार को राजस्थान प्रदेश भाजपा का नया प्रदेश महामंत्री (संगठन) नियुक्त किया गया है। दोनों नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू हो गई हैं।

### अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए जेट फ्यूल 27% सस्ता

**नई दिल्ली।** सरकारी तेल कंपनियों ने घरेलू उड़ानों के लिए इस्तेमाल होने वाले एटीएफ यानी जेट फ्यूल के दामों में लगातार दूसरे महीने कोई बदलाव नहीं किया है। इसके साथ ही, अंतरराष्ट्रीय रूट पर उड़ान भरने वाली भारतीय एयरलाइंस के लिए जेट फ्यूल की कीमतों में 27% की बड़ी कटौती की गई है। इस फैसले से अंतरराष्ट्रीय और घरेलू उड़ानों के लिए जेट फ्यूल की कीमतें लगभग बराबर हो गई हैं। विमानन कंपनियां सरकार से दरों को समान करने की मांग कर रही थीं।

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मप्र यात्री परिवहन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के संचालक मंडल की बैठक

# इंदौर संभाग से होगा बसों का ऑपरेशन पड़ोसी 4 राज्यों में भी अंतर्राज्यीय सेवा

*वर्तमान संचालित निजी बसों के अनुज्ञा-पत्र पर कोई प्रभाव नहीं आएगा*

*बसों के किराए से लेकर यात्रियों की सुविधाओं का पूरा खाका तैयार किया गया है। कंपनी की पहली बैठक में यह तय हुआ*

- सात क्षेत्रों में सभी श्रेणी के 1164 मार्ग चिन्हित
- समप्र को 7 क्षेत्रों इंदौर, उज्जैन, भोपाल, जबलपुर, सागर, ग्वालियर एवं रीवा में बांटा गया
- जुलाई से कुल 5206 बसें होंगी संचालित

I संचालन किया जाना प

- पीएम ई बस सेवा के तहत इंदौर शहर में शुरू होगा 150 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन
- इंदौर से प्रदेश के अन्य जिलों में कुल 121 मार्ग चिन्हित, जिन पर 608 बसें चलेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में जुलाई महीने से सार्वजनिक बस सेवा शुरू हो जाएगी। प्रदेश में एक साथ 5206 बसें चलाने का खाका सोमवार को तैयार हो गया। पहले चरण में कुल 2432 बसें जबकि सभी चरणों को मिलाकर कुल 7 क्षेत्रों के 55 जिलों व चार राज्यों महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात व उप्र में कुल मिलाकर 5206 बसें संचालित होंगी। बसों के किराए से लेकर यात्रियों की सुविधाओं आदि का पूरा खाका तैयार किया गया है। पीएम ई बस सेवा के तहत इंदौर शहर में 150 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन भी साथ में शुरू होगा। राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना के लिए मप्र यात्री परिवहन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का गठन किया है।

### महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान एवं उप्र के लिए 101 बसें चलेंगी

इंदौर क्षेत्र से महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान एवं उत्तरप्रदेश राज्यों के लिए जाने वाली बसों के मार्ग अनुबंध अनुसार कुल 101 बसें चलेंगी। इसमें कुल 276 अंतर्राज्यीय बसों का संचालन अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड से किया जाएगा। इंदौर से प्रारंभ होने वाली अन्तर्शहरी, सिटी बसें एवं अंतर्राज्यी कुल मार्गो की संख्या क्रमशः 250 हैं। इनमें कुल 1688 बसों का संचालन किया जाना प्रस्तावित हैं। प्रबंध संचालक सिंह ने बताया कि जिस प्रकार से इंदौर क्षेत्र से उक्त तीनों श्रेणी की बसों का संचालन विभिन्न मार्गों पर किया जाएगा। इसी प्रकार अन्य 6 क्षेत्रीय मुख्यालयों से भी इन तीनों श्रेणी की बसों का संचालन चिन्हित मार्गों पर उस क्षेत्र की सहायक कंपनियों की ओर से चलाया जाएगा।

*बसें शहर से आगे महत्वपूर्ण उप नगरीय क्षेत्रों तक भी जा सकेंगी*

*सात क्षेत्रों में सिटी बसों का संचालन भी किया जाएगा। यह बसें आमजन की सुविधा के लिए शहर से आगे महत वपूर्ण उप नगरीय क्षेत्रों तक भी जा सकेंगी। इस श्रेणी के सिटी रूट के तहत इंदौर में कुल 28 मार्ग शहर के अंदर एवं उप नगरीय क्षेत्रों तक चिन्हित किए गए हैं तथा इनमें आमजन की सुविधा के लिए 784 बसें (पीएम ई-बस सेवा की 150 बसों को मिलाकर) संचालित की जाएंगी।*

### इन क्षेत्रों के जिलों के रूटों पर चलेंगी 2432 बसें

- इंदौर क्षेत्र- 121 मार्ग 608 बसें
- उज्जैन क्षेत्र- 120 मार्ग 371 बसें
- भोपाल क्षेत्र- 104 मार्ग 398 बसें
- जबलपुर क्षेत्र- 83 मार्ग 309 बसें
- सागर क्षेत्र- 92 मार्ग 344 बसें
- ग्वालियर क्षेत्र-65 मार्ग 298 बसें
- रीवा क्षेत्र- 35 मार्ग 184 बसें

छिंदवाड़ा के सर्किट हाउस में ...

# स्पीकर तोमर से कांग्रेस के 5 विधायकों की मुलाकात

तोमर के साथ कांग्रेस विधायक

- सभी विधायक कमलनाथ खेमे से
- नाथ की यह दबाव की राजनीति

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के छिंदवाड़ा दौरे के दौरान कांग्रेस के 5 विधायकों की मुलाकात से सियासत गरमा गई है। ये सभी विधायक वरिष्ठ नेता कमलनाथ खेमे से हैं। कांग्रेस विधायकों में सोहन वाल्मीकि परासिया, सुनील उइके जुन्नारदेव, विजय चौरे सौंसर, सुजीत चौधरी चौरई और पांढुर्णा विधायक निलेश उइके शामिल रहे।

### विधायकों ने कहा विकास पर बातचीत

इन विधायकों ने कहा कि यह मुलाकात क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर हुई, इसका राज्यसभा चुनाव से कोई संबंध नहीं। उन्होंने कहा कि हमने अपने विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए पर्याप्त बजट नहीं मिलने का मुद्दा उठाया। भाजपा विधायकों के क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए 15-15 करोड़ रुपए की विशेष राशि स्वीकृत की गई है।

मप्र में भी लागू होगा यूसीसी

# सीएम बोले-वेबसाइट पर जनता जरूर साझा करे अपने सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में समान नागरिक संहिता (यूनिफार्म सिविल कोड-यूसीसी) जल्द लागू होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यूसीसी को लेकर समिति बना दी गई है।

*प्रदेश में यूसीसी के लिए बन चुकी है समिति*

यह समिति धार्मिक लोगों से राय ले रही है। इसके बाद प्रदेश में यूसीसी को लागू किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं चाहता हूं कि जनता भी इस संबंध में लांच की गई वेबसाइट पर अपने सुझाव जरूर साझा करें।

इटारसी में हादसा की शिकार हुई जबलपुर की महिला

## ट्रेन पकड़ने के प्रयास में महिला ने गंवाए दोनों पैर

**इटारसी।** रेलवे जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर-4 पर सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जिसका सीसीटीवी फुटेज भी जारी हुआ है। जबलपुर निवासी 25 वर्षीय अंजलि कश्यप अपने तीन साल के बेटे के साथ रानी कमलापति-अधारताल इंटरसिटी एक्सप्रेस (22187) में चढ़ने का प्रयास कर रही थीं। ट्रेन रवाना हो चुकी थी और चलती गाड़ी पकड़ने के दौरान संतुलन बिगड़ने से वह बच्चे समेत ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच ट्रैक पर जा गिरीं। हादसा देखते ही यात्रियों ने तुरंत चेन पुलिंग कर ट्रेन रोकी और आरपीएफ को सूचित किया। रेलवे और सफाई कर्मचारियों ने मुस्तैदी दिखाते हुए दोनों को पटरी से बाहर निकाला। एंबुलेंस का इंतजार किए बिना महिला को ऑटो से तत्काल शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया।

एक पैर जांघ के पास से, दूसरा पंजे से कटा बच्चा सुरक्षित

मप्र में तबादलों का दौर शुरू

## खाली पड़े पद पर जोर 15 जून तक फेरबदल

**भोपाल।** प्रदेश में नई तबादला नीति के तहत सोमवार से अधिकारियों और कर्मचारियों के स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जो 15 जून तक चलेगी। इस दौरान विभिन्न विभागों में प्रशासनिक और स्वैच्छिक आधार पर बड़े पैमाने पर फेरबदल किए जाएंगे। शुरुआती चरण में लंबे समय से खाली पड़े पदों और संवेदनशील क्षेत्रों में नई तैनाती पर विशेष जोर दिया जाएगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व और पुलिस जैसे प्रमुख विभागों ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। पुलिस मुख्यालय ने आरक्षक से एसआई स्तर तक के तबादले 5 जून तक करने के निर्देश दिए हैं। नीति के अनुसार 200 तक कर्मचारी वाले विभागों में अधिकतम 20% और 2000 से अधिक कर्मचारी वाले विभागों में 5% तक ही तबादले हो सकेंगे।

- प्रशासनिक और स्वैच्छिक आधार पर तबादले

एलपीजी सिलेंडर के फिर बढ़े दाम

## कमर्शियल में 42 रुपए व छोटू में 10 रुपए की वृद्धि

**भोपाल।** कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी दर्ज हुई है। 19 किलो ग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर के दामों में 42 रुपए का इजाफा हुआ है, तो छोटू एलपीजी सिलेंडर यानि 5 किलो ग्राम वाले में 10 रुपए की मूल्य वृद्धि हुई है। भोपाल में कमर्शियल गैस सिलेंडर की नई कीमत अब लगभग 3116.50 रुपए तो छोटू गैस सिलेंडर 836.50 रुपए का हो गया है। गैस डिस्ट्रीब्यूटर्स के अनुसार पिछले तीन महीनों में कमर्शियल सिलेंडर के दामों में करीब 1300 रुपए तक की वृद्धि हो चुकी है। कमर्शियल गैस सिलेंडर पहले की तुलना में करीब 60 प्रतिशत तक महंगा हो चुका है। इसके चलते भोपाल में खाने की कीमतों में 10 से 15 प्रतिशत तक बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सिलेंडर महंगा होने से कैटरिंग लागत में लगभग 10 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है।

कमर्शियल 3116.50 रु. का हुआ और 5 किलो वाला 836.50 रु. का हुआ

यूपीआई का ऐतिहासिक रिकॉर्ड

## मई में हुआ 29.90 लाख करोड़ रुपए का लेन-देन

**नईदिल्ली।** आईपीएल 2026 और गर्मियों की छुट्टियों के कारण देश में डिजिटल पेमेंट ने सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के अनुसार, मई 2026 में यूपीआई के जरिए 29.90 लाख करोड़ का रिकॉर्ड लेन-देन हुआ है। इस महीने कुल 23.2 अरब (बिलियन) ट्रांजैक्शन किए गए, जो सालाना आधार पर 24% और वैल्यू के मामले में 19% की बढ़ोतरी दर्शाता है। ट्रैवल सीजन, होटल-फ्लाइट बुकिंग, ऑनलाइन शॉपिंग और आईपीएल के रोमांच ने डिजिटल खर्च को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। रिजर्व बैंक के अनुसार लोग अब रोजमर्रा की छोटी खरीदारी के लिए भी यूपीआई का उपयोग कर रहे हैं। इसके अलावा, क्रेडिट-ऑन-यूपीआई और यूएई, सिंगापुर जैसे देशों में इसके विस्तार से भी वैश्विक स्तर पर यूपीआई का दबदबा बढ़ रहा है।

- पैसों के वैल्यू में 19% की बढ़त दर्ज

जेईई एडवांस्ड 2026 के नतीजे घोषित

# शुभम कुमार बने ऑल इंडिया टॉपर, लड़कियों में आरोही देशपांडे शीर्ष पर

टॉप-3 पर दिल्ली का कब्जा

**नई दिल्ली।** आईआईटी दिल्ली जोन के शुभम कुमार ने जेईई एडवांस्ड 2026 में ऑल इंडिया रैंक (एआईआर 1) हासिल की है। शुभम ने 360 में से 330 अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान पाया। इस बार परीक्षा के नतीजों में दिल्ली जोन का दबदबा रहा और टॉप-3 रैंकर्स इसी जोन से रहे। कबीर छिल्लर 329 अंकों के साथ दूसरे (एआईआर 2) और जतिन चाहर 319 अंकों के साथ तीसरे (एआईआर 3) स्थान पर रहे। महिला वर्ग में आईआईटी दिल्ली जोन की ही आरोही देशपांडे ने बाजी मारी है। उन्होंने 360 में से 280 अंक हासिल कर ऑल इंडिया 77वीं रैंक के साथ लड़कियों में पहला स्थान प्राप्त किया।

शुभम कुमार आरोही देशपांडे

- कुल रजिस्ट्रेशनः 1,87,389 उम्मीदवार
- परीक्षा में शामिलः 1,79,694 छात्र
- कुल क्वालिफाइडः 56,880 उम्मीदवार
- क्वालिफाइड महिलाएंः 10,107

चीफ जस्टिस सचदेवा का सुप्रीम कोर्ट में उन्नयन

नए चीफ जस्टिस की नियुक्ति तक संभालेंगे कार्यभार

# जस्टिस विवेक रूसिया बने मप्र हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व न्यायमूर्ति शील नागू सहित पांच जजों की नियुक्ति को केंद्र सरकार की मंजूरी मिल गई है। शपथ ग्रहण इसी सप्ताह होगा। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट जज के रूप में पदोन्नत करने के लिए सुप्रीम कोर्ट कालेजियम ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा के नाम की पिछले दिनों अनुशंसा की थी। इसके साथ ही पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू, बॉम्बे हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस चंद्रशेखर और जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस अरुण पल्ली को भी उनके उत्कृष्ट सेवा रिकॉर्ड के आधार पर पदोन्नत किया गया है। पांचवें नाम के रूप में सुप्रीम कोर्ट की ही वरिष्ठ अधिवक्ता वी. मोहाना को सीधे बेंच में शामिल करने का फैसला लिया गया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा की पदोन्नति के बाद जस्टिस विवेक रूसिया हाईकोर्ट सिया मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश बनाए गए हैं। मिनिस्ट्री ऑफ लॉ एंड जस्टिस डिपार्टमेंट ने नियुक्ति आदेश जारी कर दिए हैं। जस्टिस विवेक रूसिया उनका जन्म 2 अगस्त 1969 को जबलपुर में हुआ था। बीएससी और एलएलबी की डिग्रियां प्राप्त करने के बाद उन्हें मध्य प्रदेश राज्य बार काउंसिल ने 8 अगस्त 1992 को अधिवक्ता के रूप में नामांकित किया था। उनके पिता स्वर्गीय प्रभाकर रूसिया मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता थे। उन्होंने अपनी वकालत की शुरुआत मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में अधिवक्ता के रूप में की थी।

विवेक रूसिया

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की जांच में हुए कई हैरान करने वाले खुलासे

आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे, सभी को धर्म पूछकर मारा था

# पहलगाम हमला अचानक नहीं, 4 साल पहले पाकिस्तान में रची गई थी साजिश

- हमले में इस्तेमाल दो मोबाइल लंबे वक्त से बंद थे, अचानक एक्टिव हुए
- हमले के लिए कराची के फेसल बैंक ने आतंकी फंडिंग में मदद की थी

बड़ी खबर

:नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को अब ऐसे सबूत मिले हैं जो बताते हैं कि 2025 में पहलगाम का आतंकी हमला अचानक नहीं हुआ था। इसकी साजिश 4 साल से पाकिस्तान में रची जा रही थी। एनआईए और जम्मू-कश्मीर पुलिस की जांच में सामने आया कि आतंकियों से बरामद मोबाइल फोनों में से एक फोन चार साल पहले पाकिस्तान में खरीदा गया था। यह फोन हमले से ठीक पहले तक बंद पड़ा रहा और इस्तेमाल नहीं किया गया। दोनों मोबाइल हमले के दौरान अचानक एक्टिव हुए। यह फोन पाकिस्तान में 2021 में आयात की गई खेप का हिस्सा था।

'ऑपरेशन महादेव' में मारे गए थे तीन आतंकियों से मिले थे मोबाइल

सुरक्षा बलों ने श्रीनगर के पास दाचीगाम में 'ऑपरेशन महादेव' के दौरान 3 आतंकियों सुलेमान शाह, हबीब ताहिर उर्फ जिबरान और हमजा अफगानी को मार गिराया था। मुठभेड़ के बाद आतंकियों के पास से दो मोबाइल फोन बरामद हुए, जो जांच की सबसे अहम कड़ी साबित हुए।

### आतंकी लॉन्ग-रेंज रेडियो कम्युनिकेशन को यूज कर रहे थे

- रेडमी 9टी फोन जनवरी 2021 में पाकिस्तान पहुंचा, लेकिन अगले चार साल तक कभी चालू नहीं किया गया। इसका कोई नेटवर्क रिकॉर्ड नहीं मिला, न कोई कॉल की गई और न ही कभी सिम डाली गई। 2025 में यह फोन अचानक एक्टिव हुआ और फिर पहलगाम हमले में शामिल आतंकियों के पास मिला।
- आशंका है कि फोन को शुरू से ही किसी खास मकसद के लिए अलग रखा गया था। संभव है कि मोबाइल को किसी सुरक्षित जगह पर रखा गया हो और जरूरत पड़ने पर ही आतंकियों को सौंपा गया हो।

## पश्चिम बंगाल में कैबिनेट विस्तार

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में सोमवार को सरकार का पहला मंत्रिमंडल विस्तार हुआ। लोकभवन में हुए कार्यक्रम में राज्यपाल आरएन रवि ने 35 नए मंत्रियों को शपथ दिलाई। सीएम सुवेंदु अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। 13 नेताओं को कैबिनेट मंत्री, 3 को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 19 को राज्य मंत्री बनाया गया। इस विस्तार के साथ बंगाल में मंत्रिपरिषद की मंत्रियों की संख्या 41 हो गई है। इससे पहले 9 मई को सुवेंदु अधिकारी ने सीएम पद की शपथ ली थी। उनके साथ दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, निशीथ प्रमाणिक, अशोक कीर्तनिया और क्षुदीराम टुडू ने भी मंत्री पद की शपथ ली थी।

# 35 मंत्रियों ने ली शपथ, इनमें घरेलू सहायिका से लेकर पत्रकार भी शामिल

» लोकभवन में हुए कार्यक्रम में राज्यपाल आरएन रवि ने 35 नए मंत्रियों को शपथ दिलाई। इस विस्तार के साथ बंगाल में मंत्रिपरिषद की मंत्रियों की संख्या 41 हो गई है

**13** कैबिनेट मंत्री

**3** राज्य मंत्री (स्वंतत्र प्रभार)

**19** राज्य मंत्री

मंत्री पद की शपथ लेते विधायक

### अभी भी 3 पद खाली

संविधान के 91वें संशोधन के अनुसार, राज्य मंत्रिमंडल में विधायकों की संख्या कुल संख्या के 15% तक सीमित है। पश्चिम बंगाल में 294 विधायक हैं, इसलिए मंत्रिमंडल में अधिकतम 44 मंत्री हो सकते हैं। सोमवार के शपथ ग्रहण के बाद कैबिनेट में 41 मंत्री हो गए हैं। तय सीमा के आधार पर 3 मंत्री और बनाए जा सकते हैं।

### नए मंत्रियों की सूची

कैबिनेट मंत्रियों में दीपक बर्मन, तपस रॉय, शंकर घोष, मनोज कुमार उरांव, अर्जुन सिंह, गौरी शंकर घोष, स्वपन दासगुप्ता, जगन्नाथ चट्टोपाध्याय, कल्याण चक्रवर्ती, अजय पोद्दार, शरद्वत मुखर्जी, दूध कुमार मंडल और अनुप कुमार दास शामिल हैं। राज्य मंत्रियों में जोएल मुर्मू, हरेकृष्ण बेरा, आनंदमय बर्मन, अशोक डिंडा, नदियार चंद बाउरी, विशाल लामा, शांतनु प्रमाणिक, मौमिता बिस्वास मिश्रा, उमेश रे, पूर्णिमा चक्रवर्ती, कौशिक चौधरी, भास्कर भट्टाचार्य, दिबाकर घरामी, अमिया किस्कू, कलिता माझी, गार्गी दास घोष, बिराज विश्वास, दीपंकर जना और सुमना सरकार को जगह मिली है। इसके अलावा, इंद्रनील खान, मालती राभा रॉय और राजेश महतो ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में शपथ ली।

### घरेलू सहायिका कलिता माझी बनी मंत्री

पूर्व बर्धमान जिले की आउसग्राम विधानसभा सीट से जीती 37 वर्षीय कलिता माझी कभी घरेलू सहायिका के रूप में काम करती थीं। अब मंत्री बन गई

### पत्रकारिता से जुड़े स्वप्नदास बने मंत्री

नए मंत्रियों में शामिल स्वपन दासगुप्ता को भाजपा के प्रमुख बौद्धिक चेहरों में गिना जाता है। पत्रकारिता और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को देखते हुए 2015 में उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया था।

### पूर्व तेज गेंदबाज डिंडा भी अब सरकार में मंत्री

पूर्व तेज गेंदबाज अशोक डिंडा बंगाल सरकार में मंत्री बन गए हैं।। उन्होंने दिसंबर 2009 में श्रीलंका के खिलाफ भारत के लिए डेब्यू किया था। वे भारत की ओर से 13 वनडे और 9 टी-20 मैच खेल चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### राज्यसभा की 27 सीटों की अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने 27 राज्यसभा सीटों और 3 राज्यों में विधान परिषदों के चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी। सभी के लिए वोटिंग 18 जून को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक होगी। गिनती उसी दिन शाम 5 बजे से शुरू होगी। राज्यसभा और विधान परिषद चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 8 जून है।

### अकाली नेता मजीठिया के ठिकानों पर रेड

**अमृतसर।** मजीठा थाने पर हुए कथित हमले के मामले में शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता बिक्रमजीत सिंह मजीठिया पर गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है। अमृतसर के एसपी देहात आदित्य वारियर ने बताया कि उनकी तलाश में सोमवार सुबह पंजाब पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापे मारे, लेकिन वे वहां नहीं मिले।

### 6 जून को भारत आ रहे सीजेपी के अभिजीत दिपके

**नई दिल्ली।** 'कॉकरोच जनता पार्टी' (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दिपके ने को कहा कि वह परीक्षा से जुड़ी गड़बड़ियों को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन शुरू करने जा रहे हैं। उन्होंने साफ किया कि 6 जून को वो भारत लौटेंगे। उन्होंने समर्थकों से दिल्ली पहुंचने की अपील की।

### आईपीएल चैंपियन आरसीबी नहीं निकालेगी विजय परेड

**बेंगलुरु।** दो बार की आईपीएल चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने पिछली बार से सबक लिया है और इस बार विजय परेड नहीं निकालने का फैसला किया है। फ्रेंचाइजी ने यह फैसला पिछले साल हुई भगदड़ के बाद लिया है जिससे फैंस की भारी भीड़ इकट्ठा होने से बचा जा सके।

## नीट पेपर लीक मामले में सुप्रीम कोर्ट को बड़ा फैसला

# सीबीटी नहीं, पेन-पेपर मोड में ही होगी दोबारा परीक्षा, 21 जून की तारीख तय

एनटीएक की जगह नई राष्ट्रीय परीक्षा संस्था बनाने की मांग

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच ने मामले को जुलाई तक के लिए टाल दिया, जिससे नीट की दोबारा परीक्षा के लिए मांगी गई राहत प्रभावी रूप से खारिज हो गई। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि वह केवल उस मांग पर जोर दे रहे हैं

### सीबीआई का दावा: पुणे के टीचर ने नीट पेपर अरेंज कराया था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीट-यूजी की 21 जून की होने वाली परीक्षा को कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) के रूप में कराई जाने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने अभी कोई आदेश देने से साफ इनकार किया है। कोर्ट ने कहा कि पेपर लीक से जुड़ी पहले से लंबित याचिकाओं के साथ ही हम जुलाई में इसकी सुनवाई करेंगे। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के सांसद सुधाकर सिंह ने सुप्रीम कोर्ट में इस संबंध में याचिका दाखिल की थी। सोमवार को जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच ने मामले को जुलाई तक के लिए टाल दिया, जिससे नीट की दोबारा परीक्षा के लिए मांगी गई राहत प्रभावी रूप से खारिज हो गई। बेंच ने संकेत दिया कि वह इस मामले पर तुरंत सुनवाई नहीं करेगी। जस्टिस नरसिम्हा ने कहा कि हम इसे छुट्टियों के बाद देखेंगे। इसके साथ ही, उन्होंने मामले की सुनवाई टाल दी।

सीबीटी पर सुनवाई जुलाई में

### मुख्य आरोपी से लिए थे 5 लाख रुपए

नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने कहा कि पुणे की एक मेडिकल एकेडमी में फिजिक्स फैकल्टी रहे हर्षदकुमार शाह ने क्वेश्चन पेपर अरेंज कराने में भूमिका निभाई थी। शाह ने फिजिक्स का प्रश्नपत्र मनीषा हवालदार तक पहुंचाया था। जांच में यही पेपर मनीषा के मोबाइल से बरामद हुआ। सीबीआई ने अदालत को बताया कि डॉ. मनोज शिरुरे पेपर लीक से जुड़े नेटवर्क का हिस्सा थे। मुख्य आरोपी शिवराज मोटेगांवकर से 5 लाख रुपए लिए थे।

### 3 आरोपी 15 जून तक न्यायिक हिरासत में

मामले में दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने आरोपी डॉक्टर मनोज शिरूरे, आरोपी तेजस हर्षद कुमार शाह और मनीषा संजय हवलदार को 15 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। सोमवार को तीनों आरोपियों की कस्टडी समाप्त होने पर सीबीआई ने उन्हें अदालत में पेश किया। सुनवाई के दौरान सीबीआई ने तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजे जाने की मांग की। इसके बाद कोर्ट ने अपना फैसला देते हुए तीनों आरोपियों को 15 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

**संसदीय समिति की मांग: एनटीए को भंग करें**

संसद की शिक्षा, महिला, बाल, युवा एवं खेल मामलों की स्थायी समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने की। यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट (यूडीएफ) ने समिति ने कहा कि नीट से जुड़े सवाल केवल परीक्षा के तरीके तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पारदर्शिता, जवाबदेही और परीक्षा कराने वाली एजेंसी की विश्वसनीयता से भी जुड़े हैं। संगठन ने एनटीए को भंग कर संसद के कानून के तहत नई राष्ट्रीय परीक्षा संस्था बनाने की मांग की।

**राहुल गांधी का सरकार पर तीखा हमला**

### पीएम आम की बात कर सकते हैं पर सीबीएसई की नहीं

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैनिंग और पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया को लेकर केंद्र सरकार तथा शिक्षा मंत्रालय पर तीखा हमला बोला है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सीबीएसई की गलतियों का खामियाजा छात्रों को भुगतना पड़ रहा है और अपनी ही उत्तर पुस्तिका की सही जांच कराने के लिए विद्यार्थियों से भारी शुल्क वसूला जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक छात्र को करीब 2000 रुपए तक खर्च करने पड़ सकते हैं। 4 लाख लोगों ने आवेदन दिए हैं। वहीं, राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम में आम पर बात कर सकते हैं, लेकिन सीबीएसई पर नहीं।

### शिक्षा मंत्रालय ने शुरू की आंतरिक जांच

सीबीएसई के अधिकारियों के खिलाफ जल्द ही एक्शन होने वाला है, क्योंकि शिक्षा मंत्रालय ने एक विवादित टेंडर प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं और बोर्ड के डिजिटल मूल्यांकन सिस्टम में गंभीर कमियों को लेकर आंतरिक जांच शुरू कर दी है। मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, बोर्ड के 'ऑन स्क्रीन मार्किंग' (ओएसएम) सिस्टम से जुड़ी टेंडर प्रक्रिया पर सीबीएसई से एक विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। अब तक दी गई सफाई से मंत्रालय पूरी तरह संतुष्ट नहीं हुआ है और अब बोर्ड के भीतर कई स्तरों पर जवाबदेही तय किए जाने की संभावना है।

## फर्जी खातों की जांच कराएगी सरकार

# सीएम सुवेंदु ने दिए सख्त निर्देश 'एसआईटी' गठित करें डीजीपी

सुवेंदु अधिकारी ममता बेनर्जी

### 'लक्ष्मीर भंडार' योजना में 30 लाख फर्जी खाते मिले

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में महिलाओं को आर्थिक मदद देने वाली 'लक्ष्मीर भंडार' योजना में राज्य सरकार ने दावा किया है कि इस योजना में लाखों फर्जी खाते बनाए गए और सरकारी पैसे का गलत तरीके से इस्तेमाल हुआ। इसी मामले को लेकर सीएम सुवेंदु अधिकारी ने राज्य के पुलिस महानिदेशक को विशेष जांच दल यानी एसआईटी बनाने का निर्देश दिया है। सरकार का कहना है कि योजना के नाम पर बड़े स्तर पर गड़बड़ी हुई और अब इसकी पूरी जांच कराई जाएगी। सीएम सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि लक्ष्मीर भंडार योजना में करीब 30 लाख खाते फर्जी पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ फर्जीवाड़ा नहीं बल्कि मनी लॉन्ड्रिंग का मामला भी हो सकता है।

### दो टीएमसी विधायक निष्कासित

बंगाल की विधानसभा के भीतर 'फर्जी हस्ताक्षर कांड' को लेकर सीएम अधिकारी ने इस मामले में सीआईडी जांच के आदेश देने के महज 15 मिनट के भीतर, तृणमूल कांग्रेस ने अपने दो विधायकों, ऋतब्रत बनर्जी (उलुबेरिया पूर्व) और संदीपन साहा (एंटाली) को पार्टी से निष्कासित कर दिया। 4 मई को चुनावी नतीजों के बाद टीएमसी को सदन में विपक्ष की भूमिका तय करनी थी। 6 मई की बैठक में ममता बनर्जी को नेता चुनने का अधिकार दिया गया, लेकिन तकनीकी तौर पर विधानसभा ने इस फैसले को खारिज कर दिया। इसके बाद 19 मई को बैकडेट (6 मई) में विधायकों के हस्ताक्षर लेने का खेल शुरू हुआ। निष्कासित विधायक ऋतब्रत और संदीपन ने ही स्पीकर रवींद्रनाथ बोस से लिखित शिकायत की थी कि हाजिरी बही के हस्ताक्षरों को प्रस्ताव का समर्थन मान लिया गया। इसी शिकायत के आधार पर हेयर स्ट्रीट थाने में मामला दर्ज हुआ। मामले में सीआईडी नयना बनर्जी, कुणाल घोष, तापस मैती के घर भी पहुंची।

### पुलिस ने नहीं दी ममता को धरने की इजाजत

कोलकाता में पूर्व सीएम ममता बेनर्जी के प्रस्तावित धरने से पहले सियासत गरमा गई है। तृणमूल कांग्रेस ने दावा किया है कि पुलिस ने 2 जून को होने वाले धरने की अनुमति नहीं दी। इतना ही नहीं, रानी रासमणि एवेन्यू पर मंच बनाने के लिए लाया गया सामान भी वहां से हटवा दिया गया। यह धरना टीएमसी नेताओं पर हुए हमलों के विरोध में किया जाना था। पार्टी का आरोप है कि धरने की अनुमति भी नहीं दी गई। इस पूरे घटनाक्रम के बीच ममता बनर्जी ने साफ कर दिया है कि वह अपना कार्यक्रम रद्द नहीं करेंगी।

## कांग्रेस चिंतन समारोह में पहुंचे राहुल

# संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर दिया जोर

एजेंसी ▶▶ अजमेर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को अजमेर जिले के पुष्कर पहुंचे, जहां उन्होंने कांग्रेस के 10 दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन एवं संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर के समापन कार्यक्रम में भाग लिया। वाइल्ड रोज रिसॉर्ट में आयोजित इस शिविर में देशभर से आए कांग्रेस पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद बढ़ाने पर जोर दिया।

राहुल का स्वागत करते पूर्व सीएम

### आमजन तक पहुंचें

राहुल गांधी ने प्रशिक्षण शिविर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने पार्टी की विचारधारा को आमजन तक पहुंचाने को कहा।

## अन्नामलाई का भाजपा से मोहभंग!

# नई पार्टी का कर सकते हैं ऐलान अध्यक्ष नबीन से मिलने मांगा समय

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

पूर्व आईपीएस अधिकारी और तमिलनाडु में भाजपा के अहम चेहरों में शुमार के अन्नामलाई के तमिलनाडु भाजपा से अलग होने की अटकलें सामने आ रही हैं। उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात के लिए वक्त मांगा है। अन्नामलाई के करीबी लोगों के मुताबिक वे 3 जून को कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। वे अन्नामलाई मक्कल शक्ति इय्यक्कम नाम से अपनी ही पार्टी जल्द शुरू कर सकते हैं।

नितिन नबीन अन्नामलाई

### गठबंधन से थे नाराज

साल 2021 से 2025 तक तमिलनाडु भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने अहम भूमिका निभाई। वे तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में भाजपा के अन्नाद्रमुक के साथ चुनावी गठबंधन से नाराज थे।

## नायब सैनी की उपस्थिति में 1 लाख 10 हजार करोड़ के हुए एमओयू

# 5 लाख करोड़ के निवेश लक्ष्य के साथ सीएम ने किया 'मेक इन हरियाणा पॉलिसी' को लॉन्च

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम में 'मेक इन हरियाणा' इंडस्ट्रियल पॉलिसी को लॉन्च किया। प्रदेश में 5 लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य लेकर लॉन्च की गई इस पॉलिसी के पहले ही दिन 1 लाख 10 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों के एमओयू हुए। इसके साथ-साथ उन्होंने 9 नई सेक्टोरल पॉलिसी, एक स्मार्ट निवेश सुविधा पोर्टल को भी लॉन्च किया। सीएम सैनी ने ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के लोगो का भी अनावरण किया।

**इन्वेस्टिंग इन हरियाणा का मतलब है इन्वेस्टिंग इन फ्यूचर**

### आर्थिक विकास का रोडमैप

सीएम सैनी ने कहा कि 'मेक इन हरियाणा' हरियाणा के आर्थिक विकास के अगले चरण का रोडमैप है। यह कॉम्पिटिटिवनेस, इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी, एक्सपोर्टस, रोजगार और फ्यूचर–रेडी मैन्युफैक्चरिंग पर आधारित है।

### जल्द ग्लोबल इन्वेस्टर समिट होगी

उन्होंने कहा कि इन्वेस्टिंग इन हरियाणा का मतलब इन्वेस्टिंग इन फ्यूचर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जल्द ही हरियाणा ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का आयोजन किया जाएगा। हरियाणा भारत की जीडीपी में लगभग 3.6 प्रतिशत योगदान देता है।

## आईएमडी की चेतावनी

# सावधान! फिर आ रहा 'तूफान' 90 किमी की गति से चलेंगे झोंके

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अपने पूर्वानुमानों से जुड़े ताजा बुलेटिन में कहा है कि इस सप्ताह फिर तूफान आने की संभावना है। आईएमडी ने कहा कि उत्तर-पूर्वी भारत और दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत में छिटपुट से लेकर भारी वर्षा और गरज के साथ तूफान आने की संभावना है। उत्तर-पश्चिमी, मध्य और उससे सटे पूर्वी भारत में इस दौरान 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं और इस दौरान तूफानी हवाओं के साथ मध्यम से गंभीर गरज के साथ छिटपुट ओलावृष्टि की भी संभावना है।

**पूर्वी राज्यों में बारिश की संभावना**

आईएमडी ने अपने बुलेटिन में कहा है कि पूर्वी भारत में दक्षिण गंगा बेसिन, पश्चिम बंगाल, झारखंड और ओडिशा के ऊपर भी एक चक्रवाती परिसंचरण मौजूद है। इसकी वजह से झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में तेज आंधी-पानी के आसार हैं।

**6 साइक्लोनिक सर्कुलेशन सक्रिय**

पूर्वोत्तर भारत और दक्षिणी असम के ऊपर भी एक चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। इसकी वजह से असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भारी से बहुत बारी बारिश हो सकती है। मध्य भारत में दक्षिण-पूर्वी मध्य प्रदेश के ऊपर भी एक चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है।

## राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी ने निधन पर शोक व्यक्त किया

# राजकीय सम्मान के साथ पंचतत्व में विलीन हुई गायिका सुमन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'रहें न रहें हम' गीत की मार्मिक धुनों के बीच प्रख्यात पार्श्व गायिका सुमन कल्याणपुर का सोमवार का यहां राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। लता मंगेशकर और आशा भोसले की समकालीन रहीं सुमन कल्याणपुर को वह पहचान और सम्मान शायद कभी पूरी तरह नहीं मिल पाया, जिसकी वह हकदार थीं। 'ना तुम हमें जानो' जैसे भावपूर्ण गीतों से लेकर ''आज कल तेरे मेरे प्यार के चर्चे'' जैसे लोकप्रिय गीतों को अपनी मधुर आवाज देने वाली सुमन कल्याणपुर का रविवार देर रात उनके घर पर उम्र संबंधी समस्याओं के चलते निधन हो गया। वह 89 वर्ष की थीं।

'रहें न रहें हम, महका करेंगे' गाकर अंतिम विदाई दी

बेटी चारू ने अंतिम संस्कार की रस्में पूरी की

पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेटा गया

### मुंबई पुलिस के जवानों ने सलामी दी

सांताक्रूज श्मशान घाट में उनके पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेटा गया और मुंबई पुलिस के जवानों ने उन्हें सलामी दी। उनकी बेटी चारू ने अंतिम संस्कार की रस्में पूरी कीं। चपरिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने 1966 की फिल्म 'ममता' का यादगार गीत 'रहें न रहें हम, महका करेंगे' गाया।

### भारतीय कला जगत के लिए अपूरणीय क्षति : मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि प्रसिद्ध गायिका सुमन कल्याणपुर का निधन भारतीय कला जगत के लिए अपूरणीय क्षति है और वह उनके परिवार व असंख्य प्रशंसकों के प्रति संवेदना व्यक्त करती हैं। उन्होंने कहा कि शास्त्रीय धुनों से लेकर लोकप्रिय गीतों तक, उनके योगदान का दायरा अत्यंत व्यापक और प्रभावशाली रहा है। मैं उनके परिवार और उनके असंख्य प्रशंसकों के प्रति हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करती हूं।

### प्रशंसकों के बीच उनका विशेष स्थान: पीएम

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि सुमन कल्याणपुर के निधन से दुखी हूं। उनकी सुरीली आवाज और भावपूर्ण गायन ने हमारे सांस्कृतिक जगत को समृद्ध किया। गीतों के माध्यम से संगीत प्रेमियों और भारतीय सिनेमा के प्रशंसकों के बीच विशेष स्थान रहा है।

# अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल नई दिल्ली पहुंचा: भारत और अमेरिका के बीच लगभग सभी मुद्दे सुलझे, दोनों देश जल्द करेंगे समझौते पर हस्ताक्षर

उम्मीद है कि इन वार्ताओं का मुख्य जोर एक अंतरिम व्यापार समझौते के विवरण को अंतिम रूप देने पर होगा

साथ ही व्यापक द्विपक्षीय ढांचे के तहत बातचीत को आगे बढ़ाने पर भी ध्यान दिया जाएगा

भारत का प्रतिनिधित्व मुख्य वार्ताकार दर्पण जैन के नेतृत्व वाला एक प्रतिनिधिमंडल करेगा

वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव जैन को द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं की कमान सौंपी गई है

**1** दोनों देश पहली किस्त पर हस्ताक्षर करने के बहुत करीब पहुंचा

**2** यूएसए का उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल 7 जून तक रहेगा

**3** 2, 3 और 4 जून को होगी बैठक, जिसमें कई बिंदुओं पर चर्चा होगी

**4** दोनों देशों के नेताओं ने 3 फरवरी को ही फ्रेमवर्क समझौते की घोषणा की थी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते की पहली किश्त पर हस्ताक्षर करने के करीब पहुंच गए हैं। इसकी ज्यादातर अहम बातें पहले ही तय हो चुकी हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को यह जानकारी दी। उनकी यह प्रतिक्रिया तब आई जब अमेरिका का एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल बातचीत के एक नए दौर के लिए नई दिल्ली पहुंचा है। चल रही बातचीत के बारे में गोयल ने कहा कि अमेरिकी टीम के सदस्य 2, 3 और 4 जून को होने वाली बैठकों से पहले ही भारत पहुंचना शुरू हो गए थे। उन्होंने बताया, जहां तक अमेरिकी टीम की बात है, कुछ सदस्य पहले ही पहुंच चुके हैं, जबकि बाकी आज रात पहुंच रहे हैं। हमारी बैठकें 2, 3 और 4 जून को होनी हैं। दोनों देशों

के नेताओं ने 3 फरवरी को ही फ्रेमवर्क समझौते की घोषणा कर दी थी। भारत-अमेरिका व्यापार सौदे पर चल रही बातचीत के संबंध में मंत्री ने कहा, सभी मुख्य बिंदु तय हो चुके हैं। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने हाल ही में कहा था कि 99% विवरण अंतिम रूप ले चुके हैं... मुझे पूरा भरोसा है कि हम अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते की पहली किश्त को जल्द से जल्द पूरा कर लेंगे। वह बोले, हम इस पर हस्ताक्षर करेंगे और फिर आगे चलकर एक और भी ज़्यादा व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौता कैसे बनाया जाए, इस पर आगे की बातचीत शुरू करेंगे। गोयल ने यह भी कहा कि इस समझौते में अमेरिका की टैरिफ संरचना में हुए बदलावों को भी ध्यान में रखा जाएगा। मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच के नेतृत्व में अमेरिका का एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल 1 से 4 जून तक चार दिवसीय भारत दौरे पर है ।

### इन क्षेत्रों पर होगा फोकस

*एक बयान में मंत्रालय ने कहा, चर्चाओं को आगे बढ़ाने के लिए मुख्य वार्ताकार के नेतृत्व में अमेरिकी टीम 1 से 4 जून 2026 तक भारत का दौरा करेगी। इसमें अंतरिम समझौते के विवरण को अंतिम रूप देने और व्यापक बीटीए के तहत कई क्षेत्रों जैसे बाजार पहुंच, गैर-टैरिफ उपाय, सीमा शुल्क और व्यापार सुविधा, निवेश संवर्धन, इकोनॉमिक सिक्योरिटी अलाइनमेंट पर बातचीत को आगे बढ़ाने का प्रस्ताव है। आमने-सामने की बातचीत का यह ताजा दौर 20 से 23 अप्रैल, 2026 के बीच वाशिंगटन में हुई पिछली बैठकों के बाद हो रहा है। तब जैन के नेतृत्व में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने अपने अमेरिकी समकक्षों से मुलाकात की थी।*

### 7 फरवरी को जारी हुआ था ज्वॉइंट स्टेटमेंट

*ये चर्चाएं 7 फरवरी, 2026 को दोनों देशों की ओर से जारी एक संयुक्त बयान पर आधारित हैं। इसके तहत भारत और अमेरिका ने पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार पर केंद्रित अंतरिम समझौते के लिए एक रूपरेखा पर सहमति जताई थी। साथ ही एक व्यापक बीटीए के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को कन्फर्म किया था। बातचीत अब उस चरण में प्रवेश कर गई है जिसे अधिकारियों ने अंतिम स्टेज बताया है। इसमें दोनों पक्ष अंतरिम व्यापार समझौते को पूरा करने के करीब पहुंच रहे हैं। हालांकि, अमेरिकी टैरिफ परिदृश्य में बदलाव के कारण दोनों देशों को समझौते की रूपरेखा के कुछ हिस्सों पर फिर से विचार करना पड़ सकता है।*

### अमेरिका-भारत व्यापार समझौता

*मौजूदा रूपरेखा के तहत भारत ने सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं के साथ अमेरिकी कृषि और खाद्य उत्पादों की एक विस्तृत रेंज पर टैरिफ को समाप्त करने या कम करने का प्रस्ताव दिया है।*

## खबर संक्षेप

### मलेशिया में बच्चे नहीं चला सकेंगे फेसबुक

**नई दिल्ली।** मलेशिया ने सोमवार को 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के इंटरनेट मीडिया अकाउंट बनाने

पर रोक लगाने वाले नियम को लागू कर दिया है। नियम के तहत इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म को आयु सत्यापन प्रणाली लागू करनी होगी और 16 वर्ष से कम आयु के यूजर्स को अकाउंट बनाने से रोकना होगा। ये नियम फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिकटॉक और यूट्यूब सहित अन्य पर लागू होंगे। नियमों का पालन न करने वाली कंपनियों पर 100 लाख रिंगिट (25 लाख अमेरिकी डालर) तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

### भारतीय जमीन कब्जाने के दावे का विरोध

**काठमांडु।** नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने रविवार को कहा था कि सिर्फ भारत ने ही नेपाली जमीन

पर कब्जा नहीं किया, बल्कि नेपाल ने भी कुछ भारतीय इलाकों पर कब्जा किया है। इस बयान का आज नेपाल की संसद में जमकर विरोध हुआ, विपक्षी दलों ने बालेन शाह से भारत से जुड़े इस विवादित दावे पर जवाब मांगा। विपक्षी सांसदों ने प्रधानमंत्री से कहा कि या तो वे अपने बयान को वापस लें या फिर इसके समर्थन में ठोस सबूत पेश करें। विपक्ष का आरोप है कि यह दावा नेपाल के राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंचाने वाला है।

### भीड़ में घुसा ट्रक 6 की मौत,13 घायल

**कोलंबो।** बौद्ध धर्म के प्रमुख वेसाक उत्सव के दौरान एक बेकाबू ट्रक ने लोगों की भीड़ को कुचल

दिया, जिसमें छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई और 13 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, ट्रक का ड्राइवर नशे की हालत में वाहन चला रहा था और नशे की हालत में ही उसने उत्सव मना रहे लोगों की भीड़ को कुचल दिया। कोलंबो को मीगोडा इलाके में हुआ, जहां वेसाक समारोह के तहत लगाए गए एक मुफ्त फूड स्टॉल के बाहर बड़ी संख्या में लोग कतार में खड़े थे।

## इस समझौते के तहत भारतीय उत्पादों पर कोई भी टैक्स नहीं लगेगा

# भारत ने निकाला होर्मुज से बच निकलने का रास्ता ओमान के साथ फ्री ट्रेड लागू, मुश्किलें होंगी दूर

*यह समझौता भारत के छात्रों, कारीगरों, महिलाओं, किसानों, मछुआरों की समृद्धि लाएगी*

*निर्यात को बढ़ावा मिलेगा निवेश आकर्षित होगा और रोजगार सृजित होंगे*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-ओमान व्यापार समझौता सोमवार से लागू हो रहा है, इस समझौते के तहत भारतीय उपादों पर कोई भी टैक्स नहीं लगेगा। यह व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) पर पिछले साल दिसंबर में प्रधानमंत्री मोदी की मस्कट दौरे के दौरान हुआ था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बात करते हुए केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने समझौते की शुरू होने की घोषणा करते हुए कहा कि यह छात्रों, कारीगरों, महिलाओं, किसानों, मछुआरों और लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए समृद्धि के वैश्विक मार्ग बनाने के केंद्र सरकार के मिशन में मील का पत्थर साबित होगा। इसके तहत नए बाजार खोले जाएंगे, निर्यात को बढ़ावा मिलेगा, निवेश आकर्षित होगा और रोजगार सृजन में तेजी आएगी। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार (1 जून, 2026) को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए दोनों देशों के बीच लागू सीईपीई की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह समझौता भारत के छात्रों, कारीगरों, महिलाओं, किसानों, मछुआरों

और एमएसएमई की समृद्धि के लिए नए वैश्विक रास्ते खोलने के नई दिल्ली के मिशन में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि इससे नए बाजार उपलब्ध होंगे, निर्यात बढ़ेगा, निवेश को आकर्षित किया जाएगा और रोजगार के मौकों में भी इजाफा होगा। भारत और ओमान के बीच सीईपीए ऐसे समय पर लागू हुआ है, जब अमेरिका और ईरान के बीच बढ़े संघर्ष और तनाव ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरने वाले वैश्विक समुद्री व्यापार को व्यापक तौर पर प्रभावित किया है। यह रणनीतिक समुद्री रास्ता दुनिया में हर रोज होने वाले कुल तेल खपत का करीब 20 प्रतिशत और समुद्री रास्ते से होने वाले वैश्विक तेल व्यापार का करीब 25 प्रतिशत संभालता है। इसी वजह से इसे दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्ग माना जाता है। वहीं, इसके अलावा, ओमान की सबसे बड़ी रणनीतिक विशेषता उसकी भौगोलिक स्थिति है। ईरान की तरफ से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर बढ़ते दबाव की वजह से भारत को सऊदी अरब, कतर और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित होने का खतरा रहता है, लेकिन ज्यादातर खाड़ी देशों के उलट ओमान का बड़ा समुद्री किनारा होर्मुज स्ट्रेट के बाहर अरब सागर और ओमान की खाड़ी में स्थित है। इस समझौते के संबंध में थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि सलालाह और दुक्म के प्रमुख बंदरगाह स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में किसी भी परेशानी के बावजूद आराम से संचालित रह सकते हैं।

निर्यात और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

### विकसित देशों से व्यापार समझौते हर भारतीय का जीवन स्तर सुधारेंगे : प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-ओमान व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) और उससे होने वाले लाभों पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का एक लेख साझा किया है। लेख में बताया गया है कि यह समझौता भारतीय निर्यातकों को नए बाजारों तक पहुंच बनाने, रोजगार सृजन को बढ़ावा देने, किसानों के हितों की रक्षा करने और भारत-ओमान के बीच साझा समृद्धि को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। लेख में कहा गया है कि भारत-ओमान सीईपीए भारतीय निर्यातकों के लिए बाजारों में विविधता लाने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। इसके साथ ही यह समझौता रोजगार के नए अवसर सृजित करने और विभिन्न क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को गति देने में भी सहायक होगा। लेख के अनुसार, समझौते को इस तरह तैयार किया गया है कि भारतीय किसानों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके। साथ ही दोनों देशों के बीच व्यापारिक सहयोग बढ़ाकर साझा आर्थिक समृद्धि को मजबूत करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया

प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने अपने लेख में इस बात पर प्रकाश डाला है कि भारत-ओमान सीईपीए भारतीय निर्यातकों को बाजारों में विविधता लाने, रोजगार सृजन को बढ़ावा देने, किसानों के हितों की रक्षा करने और दोनों देशों के बीच साझा समृद्धि को बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है। पीएम नरेंद्र मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि विकसित देशों के साथ व्यापार समझौते करने के लिए सरकार के निरंतर प्रयास प्रत्येक भारतीय के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में सहायक हैं। उन्होंने संकेत दिया कि ऐसे समझौते भारत की आर्थिक प्रगति को नई गति देने के साथ-साथ नागरिकों के लिए बेहतर अवसर भी पैदा करेंगे।

दिल्ली में रक्षा मंत्रियों ने बैठक में दिए बड़े संकेत

# इंडो-पैसिफिक में मजबूत होगी भारत-ऑस्ट्रेलिया की ताकत

*दोनों देश रक्षा, उद्योग और व्यापार में करेंगे सहयोग*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रक्षा संबंधों को नई उड़ान देने के लिए सोमवार को नई दिल्ली में एक दूसरी द्विपक्षीय बैठक हुई। बैठक में भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह व ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत बनाने पर चर्चा की।

इस बैठक में समुद्री सुरक्षा, सैन्य सहयोग, रक्षा उद्योग, सह-विकास और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की सुरक्षा से जुड़े मुद्दे प्रमुख रहे। बैठक के दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने ऑस्ट्रेलिया की 2026 की राष्ट्रीय रक्षा रणनीति और इंटीग्रेटेड इन्वेस्टमेंट प्रोग्राम का स्वागत करते हुए कहा कि दोनों देशों के रक्षा संबंधों में विकास की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा, आज की चर्चा के दौरान, मैं इस नीतिगत दस्तावेज और भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा संबंधों में विकास की संभावनाओं पर आपके विचार जानने के लिए उत्सुक हूं। वहीं रिचर्ड मार्ल्स ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया पहले से कहीं अधिक रणनीतिक रूप से एकजुट हैं और दोनों देश समुद्री क्षेत्र में सहयोग बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा, हम निश्चित रूप से समुद्री क्षेत्र में और अधिक काम कर रहे हैं और हम आज अपनी नियमित बैठक में इस बारे में बात करेंगे। गौरतलब है कि यह महत्वपूर्ण बैठक ऐसे समय में हो रही है जब हिंद-प्रशांत क्षेत्र वैश्विक रणनीतिक चर्चाओं का केंद्र बना हुआ है। दोनों देशों के बीच होने वाली यह वार्ता केवल औपचारिक मुलाकात नहीं, बल्कि भविष्य की रक्षा साझेदारी की दिशा तय करने वाली अहम कड़ी मानी जा रही है।

### ये हैं चर्चा के महत्वपूर्ण मुद्दे

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इस बैठक में रक्षा और सुरक्षा सहयोग को और मजबूत बनाने, दोनों सेनाओं के बीच तालमेल बढ़ाने, संयुक्त सैन्य अभ्यासों को नई गति देने तथा रक्षा उद्योग में सहयोग के अवसरों पर विस्तार से चर्चा हो रही है। खास तौर पर रक्षा उपकरणों के सह-विकास और सह-उत्पादन की संभावनाओं पर भी विचार किया जाएगा, जिससे दोनों देशों की रक्षा क्षमताओं को मजबूती मिल सके। क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर भी दोनों नेता विचार-विमर्श करेंगे। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और मुक्त नौवहन सुनिश्चित करने के लिए साझा रणनीति पर चर्चा इस संवाद का महत्वपूर्ण हिस्सा होगी।

रूस बोला- ये अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद

# फ्रांस ने जब्त किया तेल टैंकर तो भड़क गया रूस, कर दी निंदा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बीते रोज सोमवार को अटलांटिक महासागर में फ्रांस द्वारा रूस के तेल टैंकर टैगोर को जब्त किए जाने के बाद दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। रूस ने फ्रांस की इस कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए इसे अवैध करार दिया है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने तीखा रुख अपनाते हुए कहा, हम इस कदम को गैर-कानूनी मानते हैं। जहाज को हिरासत में लेना अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद की सीमा तक पहुंच गया है। रूस ने चेतावनी दी है कि वह अपने समुद्री कार्गो

परिवहन की सुरक्षा के लिए कठोर कदम उठाएगा। फ्रांसीसी अधिकारियों के अनुसार, यह टैंकर उत्तर-पश्चिमी रूस के मरमांस्क से कैमरून की ओर जा रहा था, तभी इसे ब्रिटनी से 400 समुद्री मील पश्चिम में रोक लिया गया। संदेह है कि यह टैंकर रूस के शैडो फ्लीट (छाया बेड़े) का हिस्सा है, जिसका इस्तेमाल यूक्रेन युद्ध के कारण लगे पश्चिमी प्रतिबंधों से बचने के लिए किया जा रहा था।

केरल के रहने वाले थे नवदंपती

# शादी के दिन हेलिकॉप्टर क्रैश में भारतवंशी पायलट की मौत, पत्नी को रेस्क्यू किया

एजेंसी ▶▶ जॉर्जिया

अमेरिका के जॉर्जिया में शादी के कुछ घंटों बाद भारतीय मूल के पायलट की हेलिकॉप्टर हादसे में मौत हो गई। उनकी पत्नी घायल हो गईं और करीब 6 घंटे तक मलबे में फंसी रहीं। डेव फिजी और जेस्नी की शादी 29 मई को डॉसनविल के द रिवेरे वेडिंग वेन्यू में हुई थी। समारोह में करीब 400 मेहमान शामिल हुए थे। नवविवाहित जोड़ा शादी के बाद हेलिकॉप्टर से अटलांटा के लिए रवाना हुआ था, लेकिन उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो

गया। अमेरिका की नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड इस मामले की जांच कर रही है। हालांकि, एजेंसी ने अभी तक दुर्घटना की वजह नहीं बताई है। शुरुआती जांच रिपोर्ट अगले 30 दिनों में आने की उम्मीद है। डेव के पिता जॉर्ज फिजी ने बताया कहा, मेरा बेटा बहुत खुश था। मैं उसे देख रहा था और उसकी खुशी महसूस कर रहा था। वह बेहद हैंडसम लग रहा था। जॉर्ज के मुताबिक, डेव और जेस्नी की दोस्ती चर्च के जरिए हुई थी।

मेक इन इंडिया को मिला बूस्ट

# खुफिया मिशन और दुश्मन पर सटीक निशाने में माहिर भारत का दिव्यास्त्र, एमके-1 का परीक्षण हुआ सफल

*दिव्यास्त्र एमके-1 से प्लेटफॉर्म की तेजी से तैनात होने की क्षमता*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकी इकोसिस्टम को बढ़ावा देते हुए, होवरिट ने जोधपुर में टैक्टिकल लोइटरिंग म्यूनिशन प्लेटफॉर्म,दिव्यास्त्र एमके-1 का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। दिव्यास्त्र एमके-1 के परीक्षण के दौरान भारतीय सेना का वरिष्ठ नेतृत्व भी मौजूद था। इस प्रदर्शन के

हिस्से के तौर पर, दिव्यास्त्र एमके-1 यूएवी को एक वाहन पर लगे मोबाइल लॉन्चर से कई बार सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया। दिव्यास्त्र एमके-1 एक स्वदेशी टैक्टिकल यूएवी है जिसे खुफिया जानकारी, निगरानी, टोही और सटीक हमले के मिशनों के लिए विकसित किया गया है। दिव्यास्त्र एमके-1 से प्लेटफॉर्म की तेजी से तैनात होने की क्षमता, युद्ध के मैदान में गतिशीलता और जमीनी हालात में टैक्टिकल लॉन्च की तैयारी का प्रदर्शन हुआ। इस अभ्यास के दौरान ऑपरेशनल माहौल में गतिशील आईएसआर और टोही मिशनों में मदद करने की यूएवी की क्षमता को भी और पुख्ता किया। आज के दौर के में, हथियारों की आर्थिक व्यवहार्यता उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी कि उनकी विस्फोटक क्षमता। आज के समय में जहां पारंपरिक क्रूज मिसाइलें बहुत महंगी होती हैं और उन्हें दुर्लभ, बहुत ही विशिष्ट लक्ष्यों के लिए सुरक्षित रखा जाता है ।

पीएम मोदी और म्यांमार के राष्ट्रपति की हुई मुलाकात

# म्यांमार में शांति और संवाद की प्रक्रिया को बढ़ाने के लिए भारत तैयार: पीएम मोदी

*भारत ने कहा पहले प्राथमिकता नेबरहुड फर्स्ट*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और म्यांमार ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के साथ ही व्यापार, निवेश, संपर्क (कनेक्टिविटी), विकास साझेदारी, क्षमता निर्माण, सुरक्षा और सीमा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई है। सोमवार को नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में हुई विस्तृत वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और म्यांमार

के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग ने दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंधों को और गहरा करने पर सहमति व्यक्त की। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने म्यांमार में शांति और संवाद की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में भारत हर तरह की मदद को तैयार है। उन्होंने संघीय शासन व्यवस्था और आर्थिक विकास के अनुभवों को साझा करने की भी बात कही। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और म्यांमार के राष्ट्रपति की बातचीत व्यापक रही और दोनों देशों ने शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए साझेदारी को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई। उन्होंने कहा कि भारत म्यांमार के लिए एक भरोसेमंद पड़ोसी और संकट के समय में पहला सहयोगी है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारत की नेबरहुड फर्स्ट, एक्ट ईस्ट और महासागर नीतियों के अनुरूप भारत हमेशा म्यांमार का सहयोग करता रहेगा।

## समझौते पर चर्चा और सीजफायर के ऐलान के बाद भी हमला

ईरान के गोरुक और केशम द्वीप पर स्थित ड्रोन कमांड ठिकाने किए ध्वस्त

यह कार्रवाई ईरान द्वारा अमेरिकी एमक्यू-1 ड्रोन को मार गिराने के बाद हुई

# अमेरिका ने ईरान ड्रोन और रडार सिस्टम को उड़ाया तो तेहरान ने यूएस बेस को बनाया निशाना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ईरान के साथ समझौता करने का दावा कर रहे हैं तो दूसरी तरफ उनकी सेना तेहरान पर हमले भी कर रही है। ताजा घटनाक्रम में अमेरिका ने दावा किया है कि उसने इस वीकेंड ईरान के ड्रोन कमांड ठिकानों पर हमला किया है। अमेरिका ने रविवार को कहा कि उसने इस वीकेंड ईरान के गोरुक और केशम द्वीप पर स्थित ईरानी रडार और ड्रोन नियंत्रण स्थलों पर आत्मरक्षा में हमले किए। अमेरिका ने इसे तेहरान की आक्रामक कार्रवाइयों का जवाब

बताया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ईरान ने एक अमेरिकी एमक्यू-1 ड्रोन को मार गिराया था, जो अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र के ऊपर उड़ान भर रहा था। सेंटकॉम ने कहा कि अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए ईरानी हवाई सुरक्षा प्रणालियों, एक ग्राउंड कंट्रोल स्टेशन और दो वन-वे (एकतरफा) हमलावर ड्रोनों को नष्ट कर दिया। उसने यह भी बताया कि इस दौरान किसी भी अमेरिकी सैन्यकर्मी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। वहीं, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने सोमवार को कहा कि उसकी एयरोस्पेस सेना ने उस एयरबेस को निशाना बनाया, जिसका इस्तेमाल उसके अनुसार सिरिक द्वीप पर एक टेलीकॉम टावर पर अमेरिका द्वारा किए गए हमले में किया गया था। हालांकि, उसने उस एयरबेस की जगह के बारे में कोई जानकारी नहीं दी।

### पिछले हफ्ते भी हुआ था हमला

*पिछले हफ्ते भी दोनों देशों के बीच जवाबी हमले हुए थे। तब अमेरिका की सेना ने होर्मुज स्ट्रेट के पास चल रहे एक ईरानी ड्रोन अभियान को निशाना बनाते हुए हमले किए थे। इस बात की जानकारी वॉशिंगटन के एक अधिकारी ने दी थी। उसके बाद ईरान ने एक अमेरिकी हवाई अड्डे को निशाना बनाया था। ये घटनाक्रम वॉशिंगटन और तेहरान के बीच जारी तनाव के बीच सामने आया है। अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने चेतावनी दी है कि अगर भविष्य का कोई भी समझौता अमेरिका की शर्तों को पूरा करने में विफल रहता है तो सैन्य कार्रवाई फिर से शुरू हो सकती है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेनाएं आगे की कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस बीच खबरों के मुताबिक राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ प्रस्तावित समझौते को और संशोधनों के लिए वापस भेज दिया है।*

# फ्रेंच ओपन: दिग्गज खिलाड़ियों की उम्मीदों की कब्रगाह बनता रोलां गैरो

पेरिस से डॉ. हिमांशु द्विवेदी

हरिभूमि खास

जैसे मुट्ठी में रेत को लंबे समय तक संभालकर रखना बेहद कठिन होता है, वैसे ही टेनिस की दुनिया में रेत के मैदान पर अपनी बादशाहत कायम रखना भी अ सा धा र ण चुनौती है। इसीलिए क्ले कोर्ट को टेनिस जगत की सबसे कठिन परीक्षा माना जाता है। राफेल नडाल और ब्योन बोर्ग ही इस नियम के अपवाद थे, जिन्होंने वर्षों तक फ्रेंच ओपन पर ऐसा आधिपत्य स्थापित किया जिसे खेल इतिहास की महानतम उपलब्धियों में गिना जाएगा। लेकिन अधिकांश महान खिलाड़ी उस स्वप्न को साकार नहीं कर पाते। क्ले कोर्ट यानि रेतीला मैदान इस बार तो तमाम दिग्गज खिलाड़ियों की उम्मीदों की कब्रगाह बनता जा रहा है।

क्या यह अपने आप में आश्चर्यजनक नहीं है कि टूर्नामेंट के शुरुआती तीन दौर पूरा होने तक पुरुष वर्ग के शीर्ष दस वरीय खिलाड़ियों में से आधे से अधिक बाहर हो चुके हैं? कार्लोस अल्काराज तो फिटनेस संबंधी समस्याओं के कारण पहले ही प्रतियोगिता से दूर थे, लेकिन यानिक सिनर, नोवाक जोकोविच और डेनियल मेदवेदेव जैसे बड़े नाम भी क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने में भी नाकाम रहे। कुछ तो दूसरे और तीसरे दौर में ही विदा हो गए। यह दर्शाता है कि रोलां गैरो की चुनौती केवल प्रतिभा या रैंकिंग के बल पर पार नहीं की जा सकती।

दरअसल, फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट खिलाड़ियों के धैर्य, संयम, एकाग्रता, शारीरिक सामर्थ्य, मानसिक दृढ़ता और तकनीकी कुशलता की कठोर परीक्षा लेता है। यहां गति से कहीं अधिक महत्व धैर्य का है। हार्ड कोर्ट और घास के मैदानों पर अपनी विस्फोटक सर्विस से प्रतिद्वंद्वी को असहाय कर देने वाले खिलाड़ी यहाँ अक्सर एक-एक अंक के लिए संघर्ष करते नजर आते हैं। क्ले कोर्ट पर गेंद टप्पा खाने के बाद अपनी गति खो देती है, रैलियां लंबी हो जाती हैं और अंक जीतने के लिए बार-बार नए अवसर बनाने पड़ते हैं। ऐसे में पैरों की चपलता, कोर्ट कवरेज और मानसिक दृढ़ता ही खिलाड़ी की सबसे बड़ी पूंजी बन जाती है। जहाँ अन्य टूर्नामेंटों में कई मुकाबले अपेक्षाकृत तेजी से समाप्त हो जाते हैं, वहीं फ्रेंच ओपन में पाँच सेट तक चलने वाली थकाऊ लड़ाईयां सामान्य बात हैं। यही कारण है कि यहां केवल कौशल नहीं, बल्कि सहनशक्ति और मानसिक शक्ति भी निर्णायक भूमिका निभाती है। पिछले वर्ष का फाइनल इसका सर्वश्रेष्ठ उदाहरण था, जब यानिक सिनर और कार्लोस अल्काराज के बीच ग्रैंड स्लैम इतिहास के सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक खेला गया। जो पांच घटे से भी ज्यादा समय तक चला था। कई बार ऐसा लगा कि मैच सिनर की मुट्ठी में है, लेकिन अल्काराज ने असाधारण जुझारूपन दिखाते हुए हार के कगार से वापसी की और अंततः खिताब अपनी झोली में डाल लिया।इस वर्ष भी क्ले कोर्ट का वही निर्मम स्वभाव दिखाई दे रहा है। सिनर कई मौकों पर मैच जीतने की स्थिति में पहुँचने के बावजूद अपनी लय खो बैठे। कुछ क्षणों की एकाग्रता भंग हुई और प्रतिद्वंद्वी ने वापसी का रास्ता खोज लिया। अंतिम सेटों में उनका खेल बिखरता हुआ नजर आया। यह क्ले कोर्ट की सबसे बड़ी ख़ासियत ही यह है कि खिलाड़ी की तकनीक से पहले उसके धैर्य की परीक्षा लेता है। पिछली बार के उपविजेता सिनर इस बार दूसरे दौर में ही चारों खाने चित हो गये।

कमोबेश यही स्थिति पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच के साथ भी देखने को मिली। 39 वर्ष की आयु में भी जिस स्तर का टेनिस वह खेल रहे हैं, वह खेल प्रेमियों को हैरत में डाल देता है। लेकिन उम्र और परिस्थितियों की अपनी सीमाएं होती हैं। इस बार उन्हें एक ऐसे युवा खिलाड़ी ने चुनौती दी, जो उनके करियर की शुरुआत के समय पैदा भी नहीं हुआ था। तीसरे दौर में उन्नीस वर्षीय ब्राजील खिलाड़ी के साथ पाँच सेट तक चले संघर्ष में जोकोविच ने अनुभव, कौशल और इच्छाशक्ति का परिचय दिया, लेकिन निर्णायक क्षणों में उनकी थकान साफ दिखाई दी।

जोकोविच अपने प्रतिद्वंदी फोन्सेका से भले ही तीसरे दौर मे हार गये लेकिन उनमें अभी काफी टेनिस बाकी है। उनके पास अनुभव है, दक्षता है, एकाग्रता है लेकिन सामर्थ्य का अभाव दिखने लगा है। पिछले कुछ समय से देखने में आ रहा है कि वह शुरुआती तीन सेट में जितना बेहतर खेलते हैं, वह लय पांच सेट तक बरकरार नहीं रख पाते। अगर मैच पांच सेट तक खिंच जाता है तो उम्र उनके प्रदर्शन पर हावी हो जाती है। पेरिस की गर्मी, लंबी रैलियां और लगातार शारीरिक दबाव अंततः उन पर भारी रहे। जोकोविच के अलावा मेदवेदेव, बेन शेल्टर, फ्रिट्ज, बबलिक भी बाहर हो चुके हैं। महिला वर्ग में पिछली चैंपियन गाफ भी हार चुकी हैं। यही फ्रेंच ओपन की वास्तविकता है। यहाँ नाम, प्रतिष्ठा और उपलब्धियाँ सम्मान तो दिला सकती हैं, जीत की गारंटी नहीं। क्ले कोर्ट हर खिलाड़ी को नए सिरे से परखता है।

यही कारण है कि टेनिस के इतिहास में अनेक महान खिलाड़ी आए, लेकिन साम्राज्य तो राफेल नडाल जैसा खिलाड़ी ही स्थापित कर सका। नडाल के खाते में फ्रेच ओपन का खिताब चौदह बार दर्ज है , जिस पर विश्वास ही नहीं होता। आज जब एक के बाद एक दिग्गज बाहर हो रहे हैं, तब यह तथ्य और भी स्पष्ट होकर सामने आता है कि रोलां गैरो केवल प्रतिभा का नहीं, बल्कि धैर्य, सहनशक्ति और मानसिक दृढ़ता का भी सर्वोच्च मंच है। यहाँ वही टिकता है जो अंत तक लड़ने की क्षमता रखता है। इस बार यहां नया चैंपियन देखने को मिलेगा क्योंकि पुराना कोई विजेता अब टूर्नामेंट में मौजूद नहीं है।

---

### मुख्यमंत्री ने शाजापुर जिले को 388 करोड़ रुपए की लागत के 43 विकास कार्यों की दी सौगात

# राज्य सरकार सुशासन के माध्यम से मध्य प्रदेश की प्रगति का मार्ग कर रही प्रशस्त

**मुख्यमंत्री ने शुजालपुर से किया कॉलेज चलो अभियान और महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया का शुभारंभ**

**शुजालपुर के सुंदरसी का संबंध पुराने समय में सम्राट विक्रमादित्य से जुड़ता है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र के गठन के बाद यहां सिर्फ 5 मेडिकल कॉलेज थे, लेकिन हमारी सरकार ने जनहित को सर्वोपरि रखा और पिछले दो साल में ही प्रदेश को 7 नए मेडिकल कॉलेजों की सौगात मिल चुकी है। मप्र में शाजापुर जिले की अपनी एक अलग पहचान रही है। शुजालपुर के सुंदरसी का संबंध पुराने समय में सम्राट विक्रमादित्य से जुड़ता है। शुजालपुर शाजापुर जिले की सबसे सक्षम और संपन्न तहसील है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुजालपुर में आयोजित कॉलेज चलो अभियान और प्रदेश के महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया के शुभारंभ के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने 388 करोड़ रुपए की लागत से 43 विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया। इसके साथ ही 70 करोड़ रुपए की लागत से आयुर्वेदिक महाविद्यालय, चिकित्सालय और 14 करोड़ 37 लाख की लागत से 50 बिस्तरीय आयुष चिकित्सालय का भूमि-पूजन किया।

सीएम ने शुजालपुर में विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया।

### मुख्यमंत्री ने 4 सांदीपनि विद्यालयों का किया लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 122 करोड़ रुपए की लागत से मां शारदा सांदीपनि विद्यालय, महाराणा प्रताप सांदीपनि विद्यालय, मिहिर भोज सांदीपनि विद्यालय और राजा भोज सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम में 14 करोड़ 58 लाख रुपए की लागत से 4 नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का लोकार्पण संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी वर्ष किसानों से 2625 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं खरीदा गया। प्रदेश में गेहूं खरीद का नया कीर्तिमान स्थापित हुआ है। हम किसान कल्याण वर्ष की घोषणाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### देश में 25 करोड़ से अधिक लोगों को निकाला जा चुका है गरीबी रेखा से बाहर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार सुशासन के माध्यम से प्रदेश की प्रगति का मार्ग प्रशस्त कर रही है। राज्य के प्रत्येक गरीब, किसान, युवा और महिला सहित सभी वर्गों के जरूरतमंदों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। आज देशभर में 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया हैं। यह गर्व का विषय है। आज उज्जैन से लेकर अयोध्या और धार की भोजशाला तक जयकारे गूंज रहे हैं। हमारी सरकार न्यायालय के निर्णय को लागू कराने की प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती है।

### उज्जैन में आरंभ होगा शासकीय होम्योपैथिक महाविद्यालय

मंत्री परमार ने कहा कि एक शासकीय होम्योपैथिक महाविद्यालय उज्जैन में खोला जाएगा। नागरिकों के लिए बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य हमारी सरकार की प्राथमिकता है। मध्यप्रदेश नई शिक्षा नीति को लागू करने वाला देश का अग्रणी राज्य है। शुजालपुर में सड़कों के चौड़ीकरण की आवश्यकता बताई तथा अन्य स्थानीय अपेक्षाओं से डॉ. यादव को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने शुजालपुर में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय से निकलते हुए आम जनता से मिलने के लिए डेढ़ किमी लंबा रोड शो किया। इस अवसर पर अनेक सामाजिक संस्थाओं ने 50 से अधिक मंचों से मुख्यमंत्री का पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया।

---

### 'इंदौर ट्रैफिक साथी' मोबाइल एप का किया शुभारंभ

# इंदौर शहर में खोले जाएंगे तीन नए थाने पुलिस बल की कमी भी की जाएगी दूर

**सीएम ने 'डिस्ट्रिक्ट ड्रोन यूनिट' के तहत 18 हाईटेक ड्रोन किए लोकार्पित 10 पुलिस वाहनों को दिखाई हरी झंडी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को इंदौर में 'डिस्ट्रिक्ट ड्रोन यूनिट' का लोकार्पण तथा 'इंदौर ट्रैफिक साथी' मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने 18 अत्याधुनिक हाईटेक ड्रोन्स का और 10 पुलिस वाहनों का लोकार्पण कर इन्हें इंदौर पुलिस के बेड़े में शामिल कराया। यह ड्रोन्स पुलिस की तीसरी आंख के रूप में हर वक्त कानून-व्यवस्था बनाए रखने, यातायात प्रबंधन और निगरानी व्यवस्था को और भी अधिक प्रभावी बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों की मांग पर इंदौर शहर में तीन नए पुलिस थाने खोलने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि पुलिस बल की कमी की पूर्ति भी क्रमबद्ध रूप से की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम हर साल पुलिस विभाग के 22 हजार 500 पदों पर भर्ती कर रहे हैं। हम प्रदेश के हर जिले में पुलिस बैंड की स्थापना भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ड्रोन पुलिस का कान्सेप्ट इंदौर से ही आया है। अब यह एक मिसाल बनेगा। इस अवसर पर मंत्री तुलसीराम सिलावट, पूर्व मंत्री एवं विधायक उषा ठाकुर, महेन्द्र हार्डिया, विधायक रमेश मेंदोला, मालिनी गौड़, मधु वर्मा, मनोज पटेल, राकेश शुक्ला सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

### तकनीक से लोगों की तकदीर बदलेंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विज्ञान वास्तव में सुशासन की दिशा में 'लोक कल्याणकारी राज्य' के लिए एक वरदान साबित हो रहा है। मध्यप्रदेश सरकार तकनीक से लोगों की तकदीर बदलने, उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने और लोकसेवा का नया अध्याय लिखने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं 'डिस्ट्रिक्ट ड्रोन यूनिट' और 'इंदौर ट्रैफिक साथी' जैसे नवाचार पुलिस और प्रशासन दोनों को नई ताकत प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज लोकार्पित ड्रोन्स कानून व्यवस्था की स्थापना में पुलिस के लिए सहायक होंगे, वहीं ट्रेफिक साथी ऐप वाहन चालकों के लिए बेहद कारगर साबित होगा। इस एप के जरिए वाहन चालक पार्किंग की बेहतर लोकेशन जान सकेंगे।

---

### 6.77 करोड़ मूल्य का तेंदूपत्ता जलकर हुआ नष्ट

# तेंदूपत्ता गोदाम में आग मामले में दो वनरक्षकों को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

ईटपाल स्थित तेंदूपत्ता गोदाम में 25 मई 2026 को भीषण अग्निकांड हुआ था। इस घटना में लगभग 6.77 करोड़ रुपये मूल्य का तेंदूपत्ता जलकर नष्ट हो गया। वन विभाग ने पहली कार्रवाई करते हुए दो वनरक्षकों को निलंबित किया है। वनमंडलाधिकारी बीजापुर ने गोदाम सहायक सुनील बुरका को निलंबित कर दिया है। वनरक्षक कामेश्वर एनका के निलंबन का प्रस्ताव इंद्रावती टाइगर रिजर्व के उप निदेशक को भेजा गया है। वनक्षेत्रपाल और उपवनक्षेत्रपाल स्तर के गोदाम प्रभारियों पर कार्रवाई की अनुशंसा भी उच्च कार्यालय को भेजी गई है। नुकसान की भरपाई के लिए दावा प्रक्रिया शुरू की है।

### अफसरों पर कब होगी कार्रवाई

स्थानीय लोगों ने घटना के आठ दिन बाद भी बड़े अधिकारियों पर कार्रवाई न होने पर सवाल उठाए हैं। बड़े नियंत्रणकर्ता अधिकारियों और गोदाम प्रभारियों को बचाने की कोशिश की जा रही है। लोगों के अनुसार, घटना के तीसरे दिन ही डीएफओ को हटा दिया गया था। लेकिन आठ दिन बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। जांच टीम भी मौके पर नहीं पहुंची है।

---

### विधायक के साथ राज्य कर्मचारी संघ की बैठक

# विधायक सबनानी ने कहा: कर्मियों की जायज मांगों का अधिकारी जल्द करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश कार्यालय तुलसी नगर में संघ की जिला इकाई भोपाल के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में विधायक भगवान दास सबनानी, संघ के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव, प्रदेश महामंत्री जितेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में कर्मचारियों की लंबित मांगों सहित समस्याओं पर चर्चा की गई।

बैठक में विधायक सबनानी ने आयुष विभाग के समयमान, लोक निर्माण विभाग के समयमान के लिए अधिकारयों को निर्देश दिए। साथ ही शिक्षा विभाग के विकलांग भत्ता के लिए हेड चेंज करने, अर्जित अवकाश के एरियर आदि के निराकरण हेतु अधिकारियों से फोन पर चर्चा कर शीघ्र निराकरण करने को कहा। बैठक में जिले की कार्यकारिणी द्वारा वर्तमान मे टीईटी परीक्षा हेतु केंद्र कार्यकारिणी के माध्यम से केंद्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से चर्चा हेतु समय लेकर निराकरण का प्रस्ताव दिया गया। जिला अध्यक्ष जितेंद्र शाक्य एवं जिला सचिव शिवेंद्र चौहान ने जिला संगठन में जिला उपाध्यक्ष के दायित्व के लिए राकेश धनगर शिक्षक कार्यालय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ईंटखेड़ी को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

कर्मचारियों से चर्चा करते विधायक सबनानी।

### स्व. सारंग की जयंती पर वृद्धजनों का होगा सम्मान

**भोपाल।** भाजपा के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व सांसद स्व. कैलाश नारायण सारंग की जयंती दो जून की पूर्व संध्या पर नरेला विधानसभा के विभिन्न वार्डों में वृद्धजनों का सम्मान कार्यक्रम किया जाएगा। मंत्री विश्वास सारंग आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलत होकर वृद्धजनों के चरण पखारकर, उन्हें शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित करेंगे। स्व. कैलाश नारायण सारंग के अनुयायियों, प्रशंसकों एवं समर्थकों द्वारा दो जून को संपूर्ण भोपाल शहर में शरबत वितरण एवं विभिन्न सेवाकार्य किए जाएंगे। इसके साथ ही अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा भी विभिन्न राज्यों में सेवाकार्य किए जाएंगे।

### भोपाल गौरव दिवस पर बोले सांसद आलोक

# विलीनीकरण आंदोलन स्वतंत्रता के बाद का एक महत्वपूर्ण अध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आज भोपाल गौरव दिवस मनाया जाएगा। यह दिन भोपाल की आजादी को लेकर मनाया जाता है। जब पूरे देश में आजादी का जश्न बनाया जा रहा था तब भोपाल में सन्नाटा पसरा हुआ था। इसे असली आजादी देश की स्वतंत्रता के 2 साल बाद 1 जून 1949 को मिली व 659 दिन बाद तिरंगा फहराया जा सका। यह बात भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने भोपाल गौरव दिवस को याद करते हुए कही। महापौर रहते हुए मैंने पार्षदों के बीच यह बात रखी कि हमें 'भोपाल गौरव दिवस' के रूप में मनाना चाहिए। नगर परिषद ने भोपाल विलीनीकरण दिवस को 'भोपाल का गौरव दिवस' के रूप में मनाने का संकल्प पारित किया। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसकी शुरुआत की और तब वर्ष 2017 से लगातार प्रतिवर्ष भोपाल गेट पर 'भोपाल गौरव दिवस' मनाया जा रहा है। विलीनीकरण आंदोलन में भोपाल रियासत के नागरिकों के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता।

---

### अधिकारियों को दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**जल संकट की स्थिति पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ली बैठक**

# इंदौर के संकटग्रस्त वार्डों में विशेष जलापूर्ति योजना की जाए लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को इंदौर स्थित संभागायुक्त कार्यालय पहुंचकर शहर में उत्पन्न जल संकट की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की तथा अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि 24×7 जल नियंत्रण कक्ष के माध्यम से प्रतिदिन सुबह एवं शाम जलापूर्ति की समीक्षा की जाए। संकटग्रस्त वार्डों में विशेष जलापूर्ति योजना लागू कर प्रभावित क्षेत्रों को प्राथमिकता के आधार पर राहत प्रदान की जाए।

बैठक में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, विधायक गोलू शुक्ला, विधायक मालिनी गौर, विधायक मधु वर्मा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि नल से जल सप्लाई के समय में असमानता और विसंगतियों को तत्काल दूर किया जाये। साथ ही सभी क्षेत्रों में संतुलित जल वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने शासकीय महाविद्यालयों, छात्रावासों तथा अन्य आवासीय संस्थानों में जल उपलब्धता की विशेष चिंता करने के निर्देश दिए। साथ ही जल चोरी करने वालों एवं मोटरों के माध्यम से अवैध रूप से पानी खींचने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई करने को कहा।

### जल टंकियों का पूर्ण क्षमता से उपयोग सुनिश्चित करें

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि शहर की बड़ी जल टंकियों का पूर्ण क्षमता से उपयोग सुनिश्चित किया जाए। निजी एवं नगर निगम के टैंकरों की मिनट-टू-मिनट मॉनिटरिंग की जाए। पाइपलाइन लीकेज एवं वितरण हानि को तत्काल सुधारकर जल की बर्बादी रोकी जाए। इउन्होंने कहा कि भोपाल से वरिष्ठ अपर मुख्य सचिव स्तर के अधिकारी पूर्व में भी इंदौर का दौरा कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों और नागरिक समितियों के साथ नियमित संवाद तथा समन्वय बनाए रखने तथा जल संकट की स्थिति से संबंधित जानकारी एवं प्रतिवेदन मुख्यमंत्री कार्यालय को निरंतर उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

### कुछ बोलने से पहले पटवारी आत्ममंथन करें: डॉ. बाजपेई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के शुजालपुर में दिये बयान को लेकर प्रदेश की राजनीति में जारी बयानबाजी के बीच भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ हितेश बाजपेई ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर पलटवार किया है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कांग्रेस नेतृत्व पर जनादेश का सम्मान नहीं करने का आरोप लगाया। डॉ बाजपेई ने कहा कि चुनाव हारना और जनता के फैसले को लगातार नकारना दो अलग-अलग बातें हैं। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का उदाहरण देते हुए लिखा कि अटल जी चुनाव हारे, लेकिन उन्होंने कभी जनता के निर्णय पर सवाल नहीं उठाए। वहीं कांग्रेस नेताओं पर हार के बाद जनादेश को स्वीकार न करने और चुनी हुई सरकारों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि किसान का बेटा होना गर्व की बात है, लेकिन किसानों के नाम पर राजनीति करना उचित नहीं है। उन्होंने दावा किया कि मप्र की जनता ने 2023 के विस चुनाव में अपना फैसला स्पष्ट रूप से दिया था और वर्ष 2028 में भी वही जनता अपना निर्णय करेगी।

डॉ. बाजपेई

### गौरेला थाना क्षेत्र की सनसनीखेज घटना

# विधवा महिला से उसके दो देवरों ने किया दुष्कर्म, पुलिस कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पेंड्रा

गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले से रिश्ते को शर्मसार कर देने वाला एक मामला सामने आया है, जहां विधवा महिला से उसी के दो देवरों ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह घटना गौरेला थाना क्षेत्र की है।जानकारी के अनुसार, पीड़ित महिला के पति का निधन करीब दस साल पहले हो गया था। पति की मौत के बाद महिला घर में अकेली थी। इसी का फायदा उठाते हुए महिला के रिश्ते में लगने वाले दो देवरों ने अलग-अलग समय पर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि उसने पहले भी इस घटना की रिपोर्ट लिखाने और कानूनी कार्रवाई के लिए काफी कोशिश की थी।

### शिकायत करने के बाद अन्यत्र चली गई थी पीड़िता

मामले में गौरेला के थाना प्रभारी शानिप रात्रे ने बताया कि पीड़ित महिला द्वारा आवेदन देने के बाद वे करीब एक साल के लिए किसी अन्य स्थान पर चली गई थीं। उनके द्वारा जो मोबाइल नंबर उपलब्ध कराया गया था वो भी लगातार गलत या बंद आ रहा था, इसके कारण पुलिस उनसे संपर्क नहीं कर पा रही थी। अब उनके वापस आने पर तत्काल दोनों मामले दर्ज किए गए हैं। मामला दर्ज कर जांच में जुटी पुलिसः इस मामले में भारतीय न्याय संहिता के तहत दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 64 (दुष्कर्म) के तहत दो अलग-अलग अपराध दर्ज किए गए हैं। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि पीड़ित महिला की शिकायत अनुसार दोनों घटनाएं अलग-अलग व्यक्तियों द्वारा, अलग समय और अलग परिस्थितियों में की गई थीं, अतः कानूनी रूप से दो पृथक मामले दर्ज करना आवश्यक था।

## हाईकोर्ट के नाम पर फर्जी दस्तावेज पेश करने का मामला

# पांच आरोपियों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के नाम से कथित रूप से फर्जी दस्तावेज तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने के मामले में पांच आरोपियों को राहत नहीं मिली है। दशम अपर सत्र न्यायाधीश संजोग सिंह वाघेला की अदालत ने शिल्पा पाण्डेय, मधुलता दुबे, शिवांक दुबे, शिवानी चतुर्वेदी और अनूप चतुर्वेदी की अग्रिम जमानत याचिकाएं खारिज कर दी हैं।

अभियोजन के अनुसार, जबलपुर निवासी वीरेन्द्र पाण्डेय ने 15 मई 2023 को रजिस्ट्रार जनरल, मध्यप्रदेश हाईकोर्ट को शिकायत प्रस्तुत कर आरोप लगाया था कि आरोपियों ने आपराधिक पुनरीक्षण प्रकरण क्रमांक 523/19 में हाईकोर्ट के नाम से कूटरचित दस्तावेज तैयार कर उनका उपयोग किया और उससे अनुचित लाभ प्राप्त किया। शिकायत के बाद की गई जांच में कथित रूप से नोटिस और एक्नॉलेजमेंट की कूट रचना सामने आई, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

### हाईकोर्ट के आदेश के बाद दोबारा दर्ज हुई एफआईआर

मामले में फरियादी ने बाद में जेएमएफसी न्यायालय के समक्ष धारा 156(3) के तहत आवेदन प्रस्तुत किया था। न्यायालय के निर्देश पर थाना ओमती में एफआईआर दर्ज की गई, लेकिन शिकायतकर्ता ने इसे त्रुटिपूर्ण बताते हुए हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की। हाईकोर्ट के 8 अप्रैल 2026 के आदेश के अनुपालन में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 419, 420, 467, 468, 471, 120-बी और 34 के तहत नए सिरे से प्रकरण दर्ज किया। इसके बाद दायर अग्रिम जमानत आवेदन पर सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के उपरांत अदालत ने याचिका निरस्त कर दी। शिकायतकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजकुमार सोनी, आदर्श सोनी, राकेश सोनी और निधि कुशवाहा ने पैरवी की।

### दुष्कर्म पीड़ित गर्भवती नाबालिग की पेश करें मेडिकल रिपोर्ट : हाई कोर्ट

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस राजेंद्र कुमार वाणी की सिंगल बेंच ने दुष्कर्म पीड़ित नाबालिग किशोरी के गर्भपात की अनुमति के मामले में मेडिकल रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई पांच जून को नियत की गई है। खरगौन निवासी दुष्कर्म पीड़िता के गर्भवती होने के संबंध में संबंधित जिला न्यायालय के द्वारा हाई कोर्ट को सूचित किया गया था। हाई कोर्ट संज्ञान लेते हुए मामले की सुनवाई संज्ञान याचिका के रूप में कर रहा है। हाई कोर्ट ने याचिका की सुनवाई करते हुए शासकीय अधिवक्ता को निर्देशित किया है कि पीड़िता की मेडिकल जांच कर उसकी रिपोर्ट न्यायालय में पेश करें।

## तंबाकू के सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों संबंधी लोगों को दी गई जानकारी

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता रैली आयोजित

**जबलपुर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर अखिल विश्व गायत्री शक्ति पीठ, जबलपुर द्वारा रेलवे स्टेशन परिसर में तंबाकू निषेध जनजागरण रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य आमजन को तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवन के लिए तंबाकू त्यागने हेतु प्रेरित करना था।

यह जागरूकता रैली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 से प्रारंभ होकर प्लेटफॉर्म क्रमांक 2, 3, 4, 5 एवं 6 तक निकाली गई। रैली के दौरान गायत्री शक्ति पीठ के कार्यकर्ताओं ने यात्रियों एवं आम नागरिकों को तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों, विशेष रूप से कैंसर, हृदय रोग तथा श्वसन संबंधी समस्याओं के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर लोगों के बीच जागरूकता पर्चों का वितरण भी किया गया तथा उनसे तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों का सेवन छोड़ने की अपील की गई। कार्यकर्ताओं ने नागरिकों से स्वस्थ समाज के निर्माण में सहयोग करने तथा तंबाकू मुक्त जीवन अपनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में गायत्री शक्तिपीठ, जबलपुर के ट्रस्टी श्री ब्रज बिहारी शर्मा, व्यवस्थापक श्री प्रमोद राय, व्यसन मुक्ति अभियान प्रभारी श्री बाबूलाल वर्मा, श्री हेमंत विश्वकर्मा , प्रकाश सेन जी श्री हेमंत बड़गैया, डॉ डी डी चौकसे सहित अनेक गणमान्य सदस्य एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गायत्री शक्ति पीठ के पदाधिकारियों ने कहा कि तंबाकू सेवन न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसलिए सभी नागरिकों को तंबाकू से दूर रहकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनानी चाहिए।

## मनजीत सिंह पुनः बने मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा विभाग ने मनजीत सिंह को एक बार फिर मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक पद पर नियुक्त किया है। जारी आदेश के अनुसार उन्हें कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। ऊर्जा विभाग द्वारा 23 मई 2026 को जारी आदेश में बताया गया कि कंपनी के आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन की कंडिका 58 (ई) के प्रावधानों के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह नियुक्ति की गई है। उल्लेखनीय है कि मनजीत सिंह को इससे पूर्व मई 2020 में पहली बार और मई 2023 में दूसरी बार प्रबंध संचालक के रूप में नियुक्त किया गया था। अब वे तीसरी बार इस पद की जिम्मेदारी संभालेंगे।

### शिकायतकर्ता पर 1 दर्जन है मामले दर्ज

**सिहोरा।** पुलिस का कहना है कि मंगल चौधरी के खिलाफ डकैती सहित गंभीर धाराओं के करीब 12 मामले दर्ज हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा के मुताबिक शिकायत मिलने पर एफआईआर दर्ज कर ली गई थी, लेकिन शिकायतकर्ता कई अज्ञात व्यक्तियों के नाम रिपोर्ट में शामिल कराने की जिद कर रहा था। पुलिस का यह भी कहना है कि वह थाने के भीतर मोबाइल से वीडियो बनाकर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचा रहा था। अधिकारियों के अनुसार दोनों पक्षों के आरोपों को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच प्रारंभ कर दी गई है।

## सिहोरा पुलिस पर अभद्रता के आरोप

**जबलपुर।** सिहोरा थाने में पदस्थ एक उपनिरीक्षक और पुलिसकर्मियों पर शिकायत दर्ज नहीं करने तथा महिला से अभद्र व्यवहार करने के आरोप लगाए गए हैं। प्रियदर्शनी कॉलोनी निवासी मंगल चौधरी ने पुलिस अधिकारियों को शिकायत सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। वहीं पुलिस ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा है कि शिकायतकर्ता के खिलाफ पहले से कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं और मामले की जांच की जा रही है। मंगल चौधरी के अनुसार 31 मई की रात वह बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार डंपर उसके बेहद करीब से गुजरा, जिससे वह दुर्घटना का शिकार होते-होते बचा। आरोप है कि चालक को रोककर विरोध जताने पर वाहन में सवार कुछ लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी। घायल अवस्था में वह अपनी पत्नी के साथ सिहोरा थाने पहुंचा, लेकिन पुलिस ने शिकायत दर्ज करने के बजाय दुर्व्यवहार किया।

### जबलपुर पहुंचे जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के अधिकारी

**जबलपुर।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोहर झांझरी, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश कासलीवाल, अमित कासलीवाल राष्ट्रीय परामर्श दाता, अश्विन कासलीवाल राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष फेडरेशन का संस्कारधानी में अल्प प्रवास हुआ। जाबालीपुरम के अध्यक्ष आलोक जैन, हेमंत जैन रीजन सचिव व सदस्यों के साथ गंगानगर स्थित जैन मंदिर दर्शनार्थ हेतु गये तत्पश्चात महाकौशल विंध्य रीजन के अंतर्गत सभी ग्रुपों ने राष्ट्रीय पदाधिकारियों के सानिध्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, इसी तारतम्य में दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप संस्कारधानी ने वृद्धाश्रम में राष्ट्रीय पदाधिकारियों के सानिध्य में 90 से अधिक वृद्धजनों को प्रातःकालीन नाश्ता एवम् सुविधा हेतु व्हील चेयर प्रदान की गई। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप जबलपुर नगर ने मढिया जी तीर्थ में उन सभी के सानिध्य में पौधारोपण किया गया। महाकौशल विंध्य रीजन की कार्यकारिणी मीटिंग में राष्ट्रीय पदाधिकारी मनोहर झांझरी राष्ट्रीय अध्यक्ष फेडरेशन, कमलेश कासलीवाल पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, अमित कासलीवाल राष्ट्रीय परामर्श दाता फेडरेशन, अश्विन कासलीवाल राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष फेडरेशन सभी राष्ट्रीय पदाधिकारियों एवं ग्रुप के अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष ने माला दुपट्टा से सम्मान किया गया। सभी राष्ट्रीय पदाधिकारियों व सीए मनोज जैन रीजन अध्यक्ष, निवर्तमान अध्यक्ष प्रदीप जैन, पूर्व अध्यक्ष रश्मि अमित पारस, प्रवीण सिंघई अतिरिक्त सचिव, प्रशांत जैन अतिरिक्त महासचिव, सुबोध कामरेड कोषाध्यक्ष मढिया को तीर्थ एवं संजय चौधरी उपाध्यक्ष मढियाजी तीर्थ की विशेष उपस्थिती रहीं।

## साधु संतों की सुरक्षा हेतु अधिनियम बनाया जाये

**जबलपुर।** विगत दिनों रीवा में घटित जैन साध्वियों के साथ वाहन दुर्घटना एवं गुजरात के राजकोट में घटित घटना को लेकर साधु संतों की सुरक्षा हेतु अल्पसंख्यक कांग्रेस द्वारा राज्यसभा सांसद विवेक तनखा से भेंट कर ज्ञापन दिया।ज्ञापन में मांग की गई कि राष्ट्रीय स्तर पर साधु संतों की सुरक्षा को लेकर विशेष अधिनियम बनाया जाये। इस अवसर पर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के सरदार दलवीर सिंह जस्सल, सुमन कुमार जैन, राजकुमार जैन मामा, हाजी मुईन खान, एड. हाजी अयाज खान, फैजान कुरैशी, एड. आसिफ मंसूरी, शाकिर कुरैशी, हाजी हामिद खान, दिलावर खान, अशोक यादव, श्याम सोलंकी, अनिल गुप्ता, अतुल जोसफ, कृष्ण गुप्ता, संजय वर्मा आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## पूरी कार्रवाई में लगा 8 घंटे का समय

# खुदाई में मिले जिंदा बम को सेना ने किया निष्क्रिय

**जबलपुर।** डुमना एयरपोर्ट के समीप गधेरी गांव में निर्माणाधीन मकान की खुदाई के दौरान जमीन से निकले जिंदा बम को सेना और सेंट्रल ऑर्डिनेंस डिपो (सीओडी) की टीम ने सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया। बम मिलने के बाद प्रशासन, पुलिस और सेना के बीच त्वरित समन्वय से पूरी कार्रवाई करीब 7 से 8 घंटे में पूरी कर ली गई, जिससे संभावित बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार गधेरी निवासी सुनील यादव के प्लॉट पर भवन निर्माण के लिए पिलर की खुदाई चल रही थी। इसी दौरान करीब तीन से चार फीट नीचे एक संदिग्ध धातु की वस्तु मिली। प्रारंभ में इसे कबाड़ समझा गया, लेकिन आकार देखकर संदेह होने पर पुलिस को सूचना दी गई। जांच में यह जिंदा यूएक्सओ बम निकला। एसपी संपत उपाध्याय की रिपोर्ट पर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने रक्षा मंत्रालय को पत्र भेजकर तत्काल कार्रवाई का अनुरोध किया। अनुमति मिलने के बाद सेना और सीओडी की टीम ने बम को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर नियंत्रित विस्फोट के माध्यम से डिफ्यूज कर दिया।

### 50 मीटर तक थी मारक क्षमता

सूचना मिलते ही सीएसपी रांझी सतीश साहू, खमरिया थाना पुलिस और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा। जांच में सामने आया कि बम का वजन करीब 12 से 15 किलो था और इसकी मारक क्षमता लगभग 50 मीटर तक हो सकती थी। सुरक्षा के मद्देनजर आसपास के क्षेत्र को खाली कराया गया। अधिकारियों के अनुसार बम मिलने का स्थान आयुध निर्माणी खमरिया से करीब छह किलोमीटर दूर है। बम सक्रिय अवस्था में होने के कारण उसे लंबे समय तक रखना जोखिमपूर्ण था, इसलिए प्राथमिकता के आधार पर उसे निष्क्रिय कराया गया।

## पाटन के वेयर हाउस के पास मिला खून से सना शव

# दोस्त को छोड़ने निकले युवक की हत्या

**जबलपुर।** पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम नरगुवा तेंदूखेड़ा में सोमवार सुबह एक युवक की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान खिल्लू आदिवासी के रूप में हुई है। युवक का शव गांव स्थित वेयर हाउस के समीप रक्तरंजित अवस्था में पड़ा मिला, जिसके शरीर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं। प्रारंभिक तौर पर धारदार हथियारों से हमला कर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी। परिजनों के अनुसार रविवार दोपहर एक युवक खिल्लू से मिलने उसके घर आया था। इसके बाद खिल्लू यह कहकर घर से निकला कि वह अपने एक मित्र को पाटन छोड़ने जा रहा है और जल्द लौट आएगा। देर रात तक उसके घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की और परिचितों से भी संपर्क किया, लेकिन उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस और फोरेंसिक टीम भी घटनास्थल पहुंची और आवश्यक साक्ष्य जुटाए।

## निवेश और फर्जी लिंक के जरिए 5.33 लाख की ठगी

# इंस्टाग्राम रील देखना और बच्चों का गेम खेलना पड़ा महंगा

**जबलपुर।** शहर में साइबर ठगी के दो अलग-अलग मामलों में जालसाजों ने निवेश पर भारी मुनाफे और मोबाइल लिंक के जरिए दो लोगों से कुल 5 लाख 33 हजार 413 रुपये की धोखाधड़ी कर ली। गोहलपुर और कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गोहलपुर थाना पुलिस के अनुसार त्रिमूर्ति नगर निवासी 53 वर्षीय सेल्समैन चंद्रकांत माव सोशल मीडिया पर इंस्टाग्राम रील देख रहे थे। इसी दौरान उन्हें एक रील दिखाई दी, जिसमें 6 हजार रुपये निवेश कर तीन घंटे में 85 हजार रुपये तक लाभ कमाने का दावा किया गया था। रील में दिए गए निर्देशों के अनुसार उन्होंने टेलीग्राम पर "लक्ष्मी इनकम स्ट्रेटजी" और बाद में "लक्ष्मी इंडिया" नामक ग्रुप जॉइन किया।

ग्रुप संचालकों ने उन्हें विभिन्न बहानों से रकम जमा करने के लिए प्रेरित किया। पीड़ित ने 21 अप्रैल से 27 अप्रैल 2026 के बीच अलग-अलग खातों और यूपीआई आईडी पर कई किश्तों में राशि भेजी। आरोपियों ने कभी वेरिफिकेशन, कभी राउंडऑफ राशि, कभी अमाउंट क्लियरेंस तो कभी करेंसी एक्सचेंज के नाम पर पैसे जमा कराए। इस तरह उनसे कुल 1 लाख 2 हजार 125 रुपये ठग लिए गए।

इसके बाद भी जालसाजों ने इंटरनेशनल मनी एक्सचेंज प्लेटफॉर्म चार्ज के नाम पर 36 हजार 111 रुपये और जमा करने का दबाव बनाया तथा 3 लाख 1 हजार 890 रुपये मिलने का लालच दिया। संदेह होने पर चंद्रकांत ने अतिरिक्त राशि जमा नहीं की और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। वहीं दूसरे मामले में कोतवाली थाना क्षेत्र के शीतला माई रोड, घमापुर निवासी सिरीश शर्मा ने शिकायत दर्ज कराई कि उनका मोबाइल फोन घर पर रखा था, जिसे बच्चे गेम खेलने के लिए उपयोग कर रहे थे। इसी दौरान मोबाइल पर आए एक संदिग्ध लिंक के माध्यम से साइबर ठगों ने उनके बैंक खातों तक पहुंच बना ली। जांच में सामने आया कि मोबाइल से जुड़े तीन बैंक खातों से अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 4 लाख 31 हजार 288 रुपये निकाल लिए गए। इनमें मंजूलता शर्मा के एसबीआई खाते से 90 हजार रुपये, शिव गैराज इंटरप्राइजेस के बैंक ऑफ बड़ौदा खाते से 1 लाख 96 हजार 288 रुपये तथा सिरीश शर्मा के एसबीआई खाते से 46 हजार रुपये की राशि निकाली गई। पीड़ित को जब खातों से पैसे कटने की जानकारी मिली तो उन्होंने तत्काल पुलिस से संपर्क किया। दोनों मामलों में पुलिस ने अज्ञात साइबर अपराधियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

## राज कपूरजी की पुण्यतिथि पर विशेष खबर

# राज कपूर लोगों से गर्व से कहते थे कि वे तो जबलपुर के दामाद हैं

**जबलपुर।** भारतीय हिंदी फिल्म जगत के द ग्रेट शोमैन राज कपूर वो चमकता सितारा आज भले ही इस दुनिया में नहीं हैं। लेकिन उनकी यादों की गंगा, नर्मदा नदी किनारे जबलपुर में आज भी बहती है। ये वही शहर है जहां लोग, राज कपूर को शहर का दामाद कहते थे।हिंदी फिल्म जगत के दिग्गज सबसे बड़े शो मेन अभिनेता राज कपूर पुराने जमाने की फिल्म इंडस्ट्री के नगीना थे। अपने देश ही नहीं चीन और रूस तक में लोकप्रिय रहे राज कपूर का नर्मदा किनारे बसे जबलपुर से विशेष लगाव था। आपको बताते है कि राज कपूर खुद को जबलपुर संस्कारधानी का दामाद क्यों बताते थे। जब कि राज कपूर की 12 मई 1946 में राय कर्तारनाथ की बेटी और प्रेमनाथ, राजेंद्र नाथ और नरेंद्रनाथ की बहिन कृष्णा से विवाह रीवा में हुआ था। राय कर्तारनाथ और उनके बेटे प्रेमनाथ ने जबलपुर में एम्पायर टॉकीज को स्थापित किया था। इसी एम्पायर टॉकीज से लगा हुआ प्रेमनाथ मल्होत्रा परिवार का बंगला है।लेखक और जानकार विष्णु विनोदिया बताते हैं शहर संस्कारधानी के थे दामाद राज कपूर जिस देश में गंगा बहती है, उनकी एक अन्य मशहूर फिल्म 'तीसरी कसम' (1966) की सुपरहिट फिल्म 'बॉबी' (1973) के कुछ प्रमुख दृश्यों की शूटिंग भी भेड़ाघाट में ही की गई थी शूटिंग के भी कुछ हिस्से जबलपुर के आसपास फिल्माए गए थे अनाड़ी, 420 की जबलपुर में बसी यादें, राज कपूर को जब लोग कहते थे जबलपुर के दामाद कि यह बंगला ही राज कपूर की ससुराल थी। कृष्णा और राज कपूर दोनों के परिवार पेशावर से रीवा, जबलपुर और मुंबई आए थे। कृष्णा बच्चों के साथ छुट्टी में जबलपुर आती थीं। शादी के बाद राज कपूरजी की ससुराल का प्रेमनाथ मल्होत्राजी का बंगला एम्पायर टॉकीज के बाजू से जबलपुर संस्कारधानी से गहरा लगाव गया था पांचवे दशक में मल्होत्रा परिवार में एक विवाह के अवसर पर राज कपूरजी के साथ उनके छोटे भाई शम्मी कपूर भी जबलपुर में एम्पायर टॉकीज के बंगले में आए थे। दोनों भाईयों ने मल्होत्रा परिवार के विवाह में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर मेहमानों का स्वागत किया था। श्रीमती कृष्णा राज कपूर छुट्टियों के बाद जब जबलपुर से वापस मुंबई जाती थीं तब परंपरा के अनुसार उनके साथ मायके वाले काफी कुछ सामान रखते थे। उनमें जबलपुर खोवा मंडी की प्रसिद्ध खोवे की जलेबी भी हुआ करती थी। राज कपूर मीठे के कम शौकीन थे। लेकिन एक खोवे की जलेबी वे अवश्य खाते थे। जब लता को भी कृष्णा राज कपूरजी ने जबलपुर कमानिया गेट खोवा मंडी की खिलाई थी जलेबी-जबलपुर से लौट रही थी कृष्णा एक बार खोवे की जलेबी लेकर आरके स्टूडियो पहुंची। उस समय एक गाने को लेकर राज कपूर और लता मंगेशकर एवं मुकेश मन्ना डे और किशोर कुमार के बीच गंभीर विचार विमर्श हो रहा था। लता मंगेशकर जी कृष्णा कपूर को भाभी कहती थीं। कृष्णा कपूर ने लता मंगेशकर को भी खोवे की जलेबी पेश की। संभवतः लता मंगेशकर ने अपने जीवन में पहली और आखिरी बार जबलपुर की खोवे की जलेबी खायी तो वे आनंद से भर गई। बाद में राज कपूर लोगों से गर्व से कहते थे कि वे तो जबलपुर के दामाद हैं।नर्मदा नदी के प्रति आस्था-राज कपूर ने जबलपुर प्रवास के दौरान प्रेमनाथ के जिलहरी घाट वाले फार्म हाउस पर साथ नर्मदा तट के सुंदर दृश्यों को निहारा था। नर्मदा के दर्शन से वे कृत कृतार्थ हो गए थे। नर्मदा के प्रति उनकी आस्था जाग गई थी। उस समय भेड़ाघाट धुआंधार बंदर कूदने न्यू भेड़ाघाट उन्हें ऐसा भाया कि उन्होंने वर्ष 1960 में आरके बैनर की जिस देश में गंगा बहती के एक गाने का दृश्यांकन नर्मदा नदी भेड़ाघाट की संगमरमरी चट्टानों में किया। इस दृश्य में साउथ की अभिनेत्री पद्मिनी पर एक गाना ओ बंसती पवन पागल फिल्माया था। गाने को लता मंगेशकर ने शंकर-जयकिशन के मधुर संगीत में पूरी तन्यमता के साथ गाया था। फिल्म से भी फेमस हुआ जबलपुर का नर्मदा नदी का भेड़ाघाट-लेखक और जानकार विष्णु विनोदिया बताते हैं कि राज कपूरजी के गाने की शूटिंग के बाद वह पहला मौका था जब मुंबई की किसी फिल्म में नर्मदा नदी भेड़ाघाट की सुंदरता को देश-विदेश में लोगों ने देखा था ऐसे ही कई विषय उनके दिमाग वर्षों तक घूमते रहते थे और समय आने पर वे उन्हें फिल्म का विषय बना कर प्रस्तुत करते थे। भेड़ाघाट में जिस देश में गंगा बहती के गाने को शूट करते वक्त राज कपूर के मन में नदियों को लेकर विचार तैरने लगे थे।

### 1 से 30 जून तक खेत बचाओ अभियान का शुभारंभ

**जबलपुर।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के आह्वान पर 1 से 30 जून 2026 तक चलने वाले "खेत बचाओ अभियान" के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता निदेशक डॉ. जे.एस. मिश्र ने की, जिसमें सभी वैज्ञानिकों एवं तकनीकी अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में अभियान के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा करते हुए किसानों तक वैज्ञानिक कृषि तकनीकों को पहुंचाने की रणनीति तैयार की गई। बैठक में रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग, मृदा परीक्षण आधारित पोषण प्रबंधन, प्राकृतिक खेती, दलहन एवं तिलहन मिशन तथा एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन को ग्रामीण स्तर तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि जबलपुर क्षेत्र की अधिकांश मिट्टियां फॉस्फोरस से समृद्ध हैं, ऐसे में किसानों को मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए जागरूक करना आवश्यक है। साथ ही हरी खाद, जैविक खेती एवं संसाधन-कुशल कृषि पद्धतियों को अपनाने पर बल दिया गया। प्रधान वैज्ञानिक डॉ. पी.के. सिंह ने बताया कि अभियान के तहत वैज्ञानिकों एवं तकनीकी अधिकारियों की टीमें गठित कर दी गई हैं, जो गाँव-गाँव जाकर किसानों एवं पंचायत प्रतिनिधियों से संवाद कर तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराएंगी। निदेशक डॉ. जे.एस. मिश्र ने अभियान को जन-आंदोलन का रूप देने तथा किसानों तक समय पर वैज्ञानिक जानकारी पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

ग्रामवासियों पर भारी पड़ रही अधिकारियों की मनमानी

# करोड़ों के सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदारों की रुचि नहीं

## कब तक बनेगी सड़क कोई नहीं जानता

**सिहोरा।** लोक निर्माण से लोक कल्याण तक का नारा बुलंद करने वाले लोक निर्माण विभाग के आला अधिकारियों एवं ठेकेदारों की मनमानी के चलते निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहे हैं नौ दिन चले अढ़ाई कोस वाले कहावत को चरितार्थ करते ठेकेदारों पर विभागीय अधिकारियों का अंकुश ना होना विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाता है।जिसका जीवंत उदाहरण पाटन मझौली विधानसभा में चल रहे सड़क निर्माण के कार्य है जिनका भूमि पूजन प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, विधायक अजय विश्नोई सहित अनेक जनप्रतिनिधियों के द्वारा 26 दिसंबर 2025 को किया गया था किंतु आज 5 माह बीत जाने के बाद भी उक्त निर्माण कार्य ढाक के तीन पात प्रतीत हो रहे हैं जिससे क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों पर क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा प्रश्न उठाना शुरू हो गए हैं। कुछ दिन बाद बारिश प्रारम्भ हो जायेगी तब ग्रामवासियों को अनेक दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

### क्षेत्र में स्वीकृत सड़क निर्माण के कार्य

गौरतलब है कि मझौली विधानसभा में लमकना घाना,पटोरी,संगोनी मार्ग जिसकी लंबाई 4.20 किलो मीटर और लागत चार करोड़ 54 लाख रुपए है वहीं भीटा खुर्द से लेकर लमकना मार्ग जिसकी लंबाई 1.10 किलो मीटर है और लागत एक करोड़ रुपए है वहीं सररा से सरइया मार्ग जिसकी लंबाई 4.20 किलो मीटर है और लागत एक करोड़ तीस लाख रुपए है इसी तरह सिमरिया से बरगवां 1.50 किलो मीटर और लागत एक करोड़ चालीस लाख नब्बे हजार रुपए है।

### ब्लो रेट में टेंडर तो ले लेते हैं पर काम में जरा भी रुचि नहीं रखते

विदित हो कि कथित तौर पर पता चला है कि अधिकांश ठेकेदार ब्लो रेट पर टेंडर ले लेते हैं और निर्माण कार्य अपने हिसाब से बिना रुचि के मंथर गति से करते रहते हैं। कथित तौर पर पता चला है कि उपरोक्त निर्माण कार्यों में एक ठेकेदार तो ऐसे भी हैं जो अमोलक कंस्ट्रक्शन कंपनी का संचालन करते हैं तथा कटनी जिले में उनके कार्य में रखरखाव तथा कमी पाई जाने पर विभागीय कार्य के लिए टर्मिनेट कर दिया गया है और उन्हें अगले दो वर्ष तक सरकारी विभागीय टेंडर की प्रक्रिया मैं भाग लेने से प्रतिबंधित किया गया है आगे कथित तौर पर यह भी पता चला है कि उक्त ठेकेदार द्वारा कुंडम,मझौली एवं डिंडोरी जिले में अनेक कार्यो के टेंडर लिए गए हैं और सभी मंथर गति से चल रहे हैं कथित तौर पर यह भी पता चला है कि उक्त कंपनी द्वारा ब्लो रेट पर टेंडर लेने के बाद अधिकारियों से सेटिंग करके राशि बढवा ली जाती है ।उक्त निर्माण कार्य के ठेकेदारों द्वारा साइट पर किसी भी प्रकार का बोर्ड नहीं लगाया गया है जिसमें आम जनता को लागत किलोमीटर और कार्य पूर्ण करने की समय सीमा की जानकारी की जानकारी उपलब्ध हो सके जिसकी उच्च स्तरीय जांच होने पर खुलासा होने की संभावना है।

### इनका कहना है

कार्य पूर्ण करने का समय अक्टुबर 2026 तक का है विभाग की देखरेख में गुणवत्तायुक्त कार्य कराया जा रहा है।जिस कंपनी को ब्लेक लिस्ट किया है वो यहां कार्य नहीं कर रही।

**मनीष कुमार ठाकुर**
**पी डब्लू डी एसडीओ, जबलपुर**

## आईडीए ग्रेजुएशन सेरेमनी में विद्यार्थियों को मिली सफलता की उड़ान

### सांसद विवेक तन्खा ने किया प्रेरित, इंटर्नशिप और स्टार्टअप संस्कृति पर रहा जोर

**जबलपुर।** इंटरनेशनल डिजाइन एकेडमी (आईडीए), विजय नगर द्वारा घंटाघर स्थित कन्वेंशन सेंटर में वार्षिक ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। समारोह में इंटीरियर डिजाइनिंग, फैशन डिजाइनिंग एवं ग्राफिक डिजाइनिंग के विद्यार्थियों को डिप्लोमा प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सही मार्गदर्शन मिलने पर युवा हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर देश का नाम रोशन कर सकते हैं। आईडीए की डायरेक्टर बतुल अली ने बताया कि संस्थान के इटली और अमेरिका सहित कई देशों के संस्थानों से टाई-अप हैं, जिससे विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आईडीए में विद्यार्थी प्रथम वर्ष से ही इंटर्नशिप के माध्यम से कमाई शुरू कर देते हैं तथा कई छात्र आगे चलकर अपने स्टार्टअप भी स्थापित कर रहे हैं। बतुल अली ने बताया कि संस्थान विद्यार्थियों को कौशल विकास योजनाओं से भी जोड़ रहा है तथा बड़ी संख्या में सफल डिजाइनर और उद्यमी तैयार कर चुका है। समारोह में कुसई अली, आशा मंझानी, अर्चना मिश्रा, अमृता गुप्ता, काजोल सिंह ठाकुर, वंशिता जैन, आजरा परवीन, सृष्टि जायसवाल, सम्राट सराफ, मुस्कान मतानी, किमी पाण्डेय, निमिशा यादव, एशा धमान, मुर्तजा अली एवं मुस्तफा अली सहित अनेक गणमान्यजन एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# गुलजार सिंह मेहरा सेवानिवृत्त

**पाटन।** पीएम श्री शासकीय कन्या शाला पाटन में कार्यरत वरिष्ठ शिक्षक गुलजार सिंह मेहरा 43 वर्ष की शासकीय सेवा पूर्ण करने के उपरांत सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर विद्यालय में आयोजित संक्षिप्त विदाई समारोह में उन्हें सम्मानपूर्वक भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में प्राचार्य वंदना वैद्य, कैलाश शर्मा, राजेंद्र सिंह ठाकुर, रजनीश ठाकुर एवं शेख आसिफ की उपस्थिति में विद्यालय परिवार की ओर से श्री मेहरा का सम्मान पत्र, शॉल, श्रीफल, पुष्पहार एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर उन्हें सेवानिवृत्ति लाभ एवं पेंशन संबंधी स्वीकृति आदेशों की जानकारी भी प्रदान की गई। अभिनंदन पत्र का वाचन राजेश नायक ने किया। समारोह में नन्हे भाई प्रधान, सुदेश नामदेव, सुशील जैन, लेखपाल सहित

संकुल के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं श्री मेहरा के परिजन उपस्थित रहे।

## शैलेश पटेल बने तहसील अध्यक्ष बने

**सिहोरा।** भारतीय किसान संघ के प्रांताध्यक्ष अध्यक्ष गजराज सिंह ने सिहोरा तहसील ग्राम टिकरिया निवासी प्रगतिशील किसान शैलेश पटेल को भारतीय किसान संघ तहसील इकाई सिहोरा का अध्यक्ष मनोनीत किया है। यह नियुक्ति भारतीय किसान संघ उप प्रांताध्यक्ष नंदकुमार परौहा,प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की सहमति एंव जिला अध्यक्ष रामदास पटेल की अनुशंसा पर की गई है इनकी नियुक्ति पर बलराम पटेल,मेवा लाल पटेल,नितिन पटेल,दीपक पटेल, आशुतोष पटेल,अभय पटेल,विमल पटेल,मनोज पटेल ने आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# श्री नरसिंह टेकरी खितौला में पुरुषोत्तम माह पर बह रही हरे राम संकीर्तन की भक्तिमय धारा

**सिहोरा।** ब्रम्हलीन संत स्वामी द्वारका दास जी महाराज की तपो स्थली श्री नरसिंह टेकरी खितौला सिहोरा में पुरषोत्तम माह के पावन अवसर पर अखंड हरी नाम संकीर्तन निरंतर चल रहा है।पूज्य गुरुदेव स्वामी गोविंद दास ने कहा इस मास में हरी नाम संकीर्तन करना अत्यंत पुन्यदायी और आध्यात्मिक रूप से फलदायी माना गया है। यह मास जगत के पालक भगवान श्री नरसिंह को समर्पित है क्योंकि भगवान का प्राकट्य भी इसी माह में हुआ था। पध्म पुराण के अनुसार पुरषोत्तम मास में भक्ति करने से मनुष्य के जन्म–जन्मांतर के पाप

धुल जाते हैं और वह आत्म शुद्धि प्राप्त करता है अन्य किसी भी सामान्य मास की तुलना में इस महीने में किए गए जप,कीर्तन और सत्संग का अनेक गुना अधिक फल प्राप्त होता हैं इस अवसर पर पुजारी बांके बिहारी दास,लखन पांडे,गणेश प्रसाद मिश्रा,

## संकल्प संगठित परिवार का सेवा अभियान, जीव सेवा का दिया संदेश

**पनागर।** "जीव सेवा ही सच्चा धर्म है" के संकल्प को साकार करते हुए सामाजिक संस्था संकल्प संगठित परिवार द्वारा गढ़ा क्षेत्र में एक प्रेरणादायक जीव सेवा अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान संस्था के सदस्यों ने बेसहारा गौमाता, श्वानों, मछलियों एवं चींटियों की सेवा कर करुणा और मानवता का संदेश दिया। अभियान की शुरुआत गौसेवा से हुई, जिसमें सड़क पर घूमने वाली गौमाताओं को हरी सब्जियां, फल एवं पौष्टिक चारा खिलाया गया। इसके बाद सदस्यों ने गौशाला पहुँचकर स्वयं चारा काटकर गौसेवा की। इस कार्य को उपस्थित लोगों ने भारतीय संस्कृति एवं सनातन मूल्यों का जीवंत उदाहरण बताया। कार्यक्रम में संस्था के सदस्यों ने जलाशयों में मछलियों को दाना डाला, चींटियों के लिए भोजन की व्यवस्था की तथा बेसहारा श्वानों को बिस्किट एवं खाद्य सामग्री वितरित की। इस सेवा अभियान में चांदनी ताम्रकार, विद्या केवट, नीलम जैन, सचिन गुप्ता, सुरभि जैन, राजेश प्रिंसी, दिनेश गरहेटे, डीके उपाध्याय, हेमंत शर्मा, साई बाबा, मदन माली, अनुराग पटेल, अग्रिम जैन, उमेश उपाध्याय, किशन पटेल, बसंत कोरी सहित अनेक समाजसेवियों का सहयोग रहा। वहीं दूरस्थ सदस्य इटावा, कानपुर एवं लखनऊ से जुड़े लोगों ने आर्थिक सहायता एवं सामग्री भेजकर सहभागिता निभाई। संस्था की संचालिका प्रिया यादव ने कहा कि संस्था का उद्देश्य समाज में जीवों के प्रति दया, करुणा और सेवा भावना को जागृत करना है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य लगातार जारी रखने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में सभी सहयोगियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

# पनागर में अवैध बीज पैकिंग पर कृषि विभाग की बड़ी कार्रवाई, 200 क्विंटल धान बीज जब्त

**जबलपुर।** पनागर क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित बीज पैकिंग एवं भंडारण के खिलाफ कृषि विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 200 क्विंटल धान बीज जब्त किया है। मामले में कनक एग्री सीड्स के संचालक राजेश मोर्थे तथा सम्यक सीड्स एंड एग्रोटेक के संचालक अनिल जैन के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार बीज निरीक्षक पंकज शर्मा को देवरी खुर्द स्थित आनंद ज्योति प्रिंटिंग प्रेस परिसर में अवैध बीज पैकिंग की सूचना प्राप्त हुई थी। उप संचालक कृषि यू.के. कटरे के निर्देशन में गठित टीम ने मौके पर

पहुंचकर जांच की, जहां बड़ी मात्रा में धान बीज, पैकिंग सामग्री एवं तैयार बीज पैकेट पाए गए। कार्रवाई के दौरान लगभग 200 क्विंटल धान बीज, सैकड़ों तैयार पैकेट, बिना सीलबंद बोरियां तथा अन्य पैकिंग सामग्री जब्त की गई। जांच में पाया गया कि बीजों की पैकिंग बिना वैध लाइसेंस एवं निर्धारित नियमों के विपरीत की जा रही थी। इस कार्रवाई में सहायक संचालक कृषि रवि अमरवंशी, अनुविभागीय कृषि अधिकारी प्रतिभा गौर, जी.पी. मांझी, इशिता राजपूत एवं संगीत सिंह सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे। कृषि विभाग ने दोनों संचालकों के खिलाफ बीज नियंत्रण आदेश 1983 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत एफआईआर दर्ज कर मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

## कांग्रेस ने "पोल खोल हल्ला बोल" अभियान चलाकर किया प्रदर्शन

**जबलपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महाराजपुर के तत्वावधान में अध्यक्ष सुभाष पटेल के नेतृत्व में "पोल खोल, हल्ला बोल" अभियान के तहत 01 जून को नगर निगम 15 नंबर जोन कार्यालय सुहागी में प्रदर्शन कर वार्डों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। उसके पश्चात प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। इस आयोजन में जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) संजय यादव, पूर्व मंत्री कौशल्या गोंटिया, पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी पनागर राजेश पटेल, संगीता सिंह, पार्षद मथुरा प्रसाद चौधरी, पार्षद लक्ष्मी लक्ष्मण गोंटिया, प्रवीण चौबे, ब्लॉक अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, विष्णु पटेल, विजय यादव, राजेंद्र वाल्मीकि, कमलेश सिंह, शंकर सिंह, अतुल विश्वकर्मा, मधु पाल सेंगर, राजकुमार चक्रवर्ती, पप्पू वर्मा, सीताराम, सुमरू कोल, नेम सिंह ठाकुर, अजय पाल सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष ताहिर खोखर, आनंद जायसवाल, जितेंद्र यादव, सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## ठेकेदार पर चायना चाकू से हमला

**जबलपुर।** रांझी थाना अतंर्गत पुराना शोभापुर में पुरानी रंजिश पर तीन बदमाशों ने एक ठेकेदार के साथ मारपीट कर बटनदार चायना चाकू से हमल कर घायल कर दिया।रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुराना शोभापुर निवासी 38 वर्षीय ठेकेदार पुष्पेंद्र रजक गत रात लगभग 11 बजे पुराना शोभापुर स्थित एक किराना स्टोर्स में खड़ा था तभी प्रवीण रजक, पवन रजक और देबू अन्ना आए और पुरानी रंजिश पर गालीगलौज कर बटनदार चायना चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने तीनों अरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 109(1), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# पंचवटी में फ्रीजर के पास फैली गिट्टी से हादसे का खतरा, पर्यटक हो रहे घायल

**भेड़ाघाट।** पंचवटी क्षेत्र में रेस्ट हाउस के समीप ठंडे पानी के लिए लगाए गए फ्रीजर के पास फैली गिट्टी पर्यटकों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। स्थानीय लोगों एवं दुकानदारों के अनुसार पानी पीने के लिए आने वाले पर्यटक गिट्टी पर फिसलकर गिर रहे हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है। दुकानदारों का कहना है कि सड़क किनारे बड़ी मात्रा में गिट्टी डाली गई है, जिस पर अब तक नगर परिषद भेड़ाघाट के अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया है। उनका कहना है कि यदि समय रहते गिट्टी नहीं हटाई गई तो किसी भी दिन बड़ी दुर्घटना हो सकती है।स्थानीय लोगों ने नगर परिषद प्रशासन से मांग की है कि संबंधित स्थल का निरीक्षण कर तत्काल गिट्टी हटाई जाए, ताकि पर्यटकों एवं दोपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। लोगों का कहना है कि दुर्घटना होने का इंतजार करने

के बजाय प्रशासन को पहले ही आवश्यक कदम उठाने चाहिए।

## ग्रीष्मकालीन फुटबॉल शिविर बना व्यक्तित्व विकास की पाठशाला

**जबलपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग जबलपुर तथा जिला फुटबॉल संघ के निर्देशन में ईस्ट यूनाइटेड फुटबॉल क्लब द्वारा कांचघर स्थित महाकौशल हॉट बाजार के पीछे संचालित निशुल्क ग्रीष्मकालीन फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर बच्चों के लिए खेल के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास की भी पाठशाला बन गया है। शिविर में लगभग 60 बालक एवं बालिकाएं नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। शिविर का उद्देश्य बच्चों को फुटबॉल प्रशिक्षण देने के साथ-साथ उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना एवं सकारात्मक सोच का विकास करना है। इसी क्रम में प्रशिक्षुओं का परिचय नचिकेता कॉलेज के खेल प्रशिक्षक संजय समुद्रे से कराया गया। श्री समुद्रे ने बच्चों को खेल तकनीक के साथ-साथ जीवन में खेलों के महत्व, फिटनेस, अनुशासन एवं नियमित अभ्यास के बारे में प्रेरक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि खेल व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर बी.पी.एड. कोच विजय शंकर सतनामी, डी-लाइसेंस कोच दीपक यादव, क्लब सचिव कुलदीप सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष पवन केवट, कोऑर्डिनेटर अमित कुमार खरे, हर्षित दुबे सहित अन्य सदस्य एवं अभिभावक उपस्थित रहे। शिविर में प्रतिदिन बच्चों को तकनीकी प्रशिक्षण, शारीरिक फिटनेस एवं खेल कौशल के साथ व्यक्तित्व विकास संबंधी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे खेल के साथ जीवन में भी सफल नागरिक बन सकें।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर राही फाउंडेशन ने आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम

**जबलपुर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर राही फाउंडेशन की ओर से बेलबाग, घमापुर, जबलपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ताहिर खान, ने युवाओं एवं नशे से प्रभावित व्यक्तियों के साथ नशा और उसके दुष्प्रभावों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि तंबाकू, गुटखा, सिगरेट, शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों का सेवन व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक जीवन पर नकारात्मक प्रभाव डालता है तथा कई गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। ताहिर

खान ने उपस्थित लोगों को नशे से बचाव के उपाय एवं समाधान बताते हुए नियमित व्यायाम, खेलकूद, सकारात्मक संगति, परिवार के सहयोग तथा समय पर परामर्श एवं उपचार लेने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नशे की समस्या से जूझ रहे व्यक्ति जिला सरकारी अस्पताल में उपलब्ध निःशुल्क परामर्श एवं उपचार सेवाओं का लाभ लेकर नशे की लत से बाहर निकल सकते हैं। उन्होंने सभी युवाओं से नशे से दूर रहने और अपने परिवार एवं समाज को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने नशामुक्त जीवन अपनाने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

## राजश्री गुटखा नहीं खिलाया तो घोंप दिया चाकू

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत दुर्गा मंदिर के पास राजश्री गुटखा नहीं खिलाने की बात पर दो बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषिनगर करौंदा अधारताल निवासी 24 वर्षीय विक्की उर्फ रिंकू यादव गत रात लगभग 10.30 बजे काम कर अपने घर आ रहा था तभी रास्ते में दुर्गा मंदिर के पास उसके पूर्व के परिचित शानू केवट, नीरज केवट मिले और उससे राजश्री गुटखा मांगा, उसने कहा कि उसके पास राजश्री गुटखा नहीं है इस पर दोनों नाराज हो गए और गाली गलोज कर नीरज ने चाकू से उस पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया । पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 109, 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**श्री रोहित कोरी-** आजाद चौक गोरखपुर राम मंदिर के पास निवासी श्री हरि लाल कोरी के पुत्र श्री रोहित कोरी (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लीला यादव-** चांदमारी तलैया लालमाटी निवासी श्री लीला यादव (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती देवमुनी शर्मा-** सुहागी स्थित साईं मंदिर के निकट निवासी श्री विनोद कुमार शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती देवमुनी शर्मा (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कन्हैया लाल सोनी-** गलगल मुमताज बिल्डिंग के पास निवासी श्री कन्हैया लाल सोनी (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री चंद्रभान अग्रवाल-** अभिषेक विहार रतन कॉलोनी गोरखपुर थाने के पीछे निवासी श्री चंद्रभान अग्रवाल (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुगंधा बाई पाटिल-** गौतम नगर सरकारी कुआं घमापुर निवासी श्री मानिक राव पाटिल की धर्मपत्नी श्रीमती सुगंधा बाई पाटिल (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि बिजी/शोक/उद्घाटन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति कॉलम से.मी.
बिजिस साइज:- 1x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
बिजिस साइज:- 1x4 से.मी. रंगीन 400/-
बिजिस साइज 1x6 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

## खबर संक्षेप

### महिंद्रा-मैन्युलाइफ बीमा को मिला निगमन प्रमाणपत्र

**नई दिल्ली।** महिंद्रा ग्रुप और मैनुलाइफ के बीमा संयुक्त उद्यम (जेवी) को कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय से निगमन का प्रमाणपत्र मिल गया है। सोमवार को जारी संयुक्त बयान के अनुसार, मंजूरी के बाद महिंद्रा मैनुलाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड (एमएमआईएल) अस्तित्व में आ गई है। भारत में बढ़ती सुरक्षा खाई को कम करना है।

### सुजुकी मोटरसाइकिल की बिक्री मई में 3 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की कुल बिक्री मई, 2026 में तीन प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,32,244 इकाई हो गई, जो पिछले वर्ष समान अवधि में 1,28,897 इकाई थी। कंपनी कि अब तक की सर्वाधिक मासिक बिक्री है। बमई, 2026 में घरेलू बाजार में कंपनी की बिक्री दो प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,10,028 इकाई रही।

### रुपया 10 पैसे कमजोर होकर 94.95 प्रति डॉलर

**मुंबई।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव तथा कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच सोमवार को रुपया 10 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.95 पर रहा। कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में डॉलर की मजबूती और इजराइल-लेबनान के बीच जारी तनाव से निवेशकों की जोखिम लेने की धारणा प्रभावित हुई, जिसका असर भी रुपये पर पड़ा।

### विपुल ऑर्गेनिक्स के मुनाफे में हुई 152 प्रतिशत की वृद्धि

**मुंबई।** विशेष रसायन कंपनी विपुल ऑर्गेनिक्स का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 152.56 प्रतिशत बढ़कर 1.97 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 78 लाख रुपये था। कुल राजस्व 19.67 प्रतिशत बढ़कर 52.62 करोड़ रुपये रहा।

### देश के निर्यात में अप्रैल-मई में दहाई अंक में वृद्धि

**नई दिल्ली।** देश के निर्यात में चालू वित्त वर्ष 2026-27 के अप्रैल-मई माह के दौरान दहाई अंक में वृद्धि दर्ज की गई है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने यह भी कहा कि वाणिज्य मंत्रालय भारत के मुक्त व्यापार समझौतों के बारे में जानकारी देने के लिए 1,000 लोगों को नियुक्त करेगा।

### ब्रजेश कुमार केनरा बैंक के प्रबंध निदेशक नियुक्त

**नई दिल्ली।** सरकार ने ब्रजेश कुमार सिंह को केनरा बैंक का प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। सिंह वर्तमान में इंडियन बैंक में कार्यकारी निदेशक के पद पर कार्यरत हैं और वह के. सत्यनारायण राजू का स्थान लेंगे। के. सत्यनारायण राजू दिसंबर 2025 में सेवानिवृत्त हुए थे। सूत्रों के अनुसार, मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने सिंह को प्रबंध निदेशक और सीईओ के पद पर नियुक्त किए जाने को मंजूरी दे दी।

# यात्री वाहन बिक्री ने पकड़ी रफ्तार; मारुति, किआ का नया रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मोटर वाहन कंपनियों ने ईंधन कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद मई में मजबूत वृद्धि दर्ज की। इस दौरान मारुति सुजुकी और किआ इंडिया ने रिकॉर्ड बिक्री हासिल की। मारुति सुजुकी इंडिया ने सोमवार को बताया कि उसकी मासिक बिक्री अब तक के सर्वाधिक स्तर पर पहुंच गई, जबकि घरेलू बिक्री मई, 2026 में 1,93,535 इकाई रही जो पिछले साल इसी महीने में 1,38,690 इकाई थी। पार्थो बनर्जी ने बताया कि ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी से मांग पर असर पड़ने के बावजूद कंपनी ने समग्र वृद्धि के साथ मजबूत प्रदर्शन किया है।

- ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद मजबूत प्रदर्शन

## मारुति ने मई में रिकॉर्ड 1,93,535 इकाई की बिक्री की

*टोयोटा की घरेलू बिक्री में चार फीसदी वृद्धि : किया इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (बिक्री एवं विपणन) अतुल सूद ने कहा कि यह प्रदर्शन बदलती उपभोक्ता प्राथमिकताओं के साथ उनके उत्पाद खंड के मजबूत तालमेल को दर्शाता है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की घरेलू बिक्री चार प्रतिशत बढ़कर मई में 30,574 इकाई रही, जो पिछले साल 29,280 इकाई थी।*

*महिंद्रा की घरेलू बिक्री में इजाफा : टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स की घरेलू बिक्री मई 42 प्रतिशत बढ़कर 59,090 इकाई रही जो पिछले साल 41,557 इकाई थी। वहीं महिंद्रा एंड महिंद्रा ने घरेलू बाजार में 58,021 इकाई बेचीं, जो पिछले साल की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने मई, 2026 में घरेलू बिक्री में 9.1 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 47,837 वाहन बेचे।*

**मारुति के कॉम्पैक्ट कारों की बिक्री बढ़ी :** छोटी कारों (अल्टो और एस-प्रेसो) की बिक्री पिछले साल मई के 6,776 इकाइयों के मुकाबले बढ़कर 16,275 इकाई हो गई। कॉम्पैक्ट कारों (बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट और वैगनआर) की बिक्री मई, 2025 के 61,960 इकाइयों के मुकाबले बढ़कर 81,555 इकाई हो गई।

**हुंडई ने मजबूत शुरुआत जारी रखी :** हुंडई के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) तरुण गर्ग ने कहा कि कंपनी ने वर्ष की मजबूत शुरुआत की गति को मई में भी जारी रखा है। किआ इंडिया ने मई, 2026 में 23.6 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 27,586 इकाई की बिक्री दर्ज की जो कंपनी की अब तक की मई महीने की सबसे अधिक बिक्री है।

### टाटा के वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 17 फीसदी बढ़ी

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने मई, 2026 में 6,048 इकाई की बिक्री दर्ज की। हालांकि, कंपनी ने सालाना आधार पर तुलनात्मक आंकड़ा जारी नहीं किया।टाटा मोटर्स की वाणिज्यिक वाहन बिक्री मई में 17 प्रतिशत बढ़कर 32,850 इकाई टाटा मोटर्स की कुल वाणिज्यिक वाहन बिक्री मई में 17 प्रतिशत बढ़कर 32,850 इकाई हो गई। मई, 2025 में यह 28,147 इकाई रही थी।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पांच मई को इसकी मंजूरी दी थी

# बैंकों ने ईसीएलजीएस के तहत छोटे उद्यमों को 35,000 करोड़ रुपए के ऋण किए मंजूर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संघर्ष से प्रभावित सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों और उद्योगों को बैंकों ने आपातकालीन ऋण गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) के तहत 35,000 करोड़ रुपये के कर्ज स्वीकृत किए हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पांच मई को इसकी मंजूरी दी थी। इस योजना का उद्देश्य 2.55 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त कर्ज प्रदान करना है। इसमें मौजूदा वैश्विक संकट से प्रभावित एयरलाइन कंपनियों के लिए 5,000 करोड़ रुपये भी शामिल हैं।

वित्तीय सेवा विभाग के संयुक्त सचिव मनोज मुत्तथिल अयप्पन ने यहां संवाददाताओं से कहा कि 29 मई तक बैंकों ने लगभग 80,000 आवेदनों को मंजूरी दी है। इनमें 35,194 करोड़ रुपये के ऋण शामिल हैं और 15,720 करोड़ रुपये की गारंटी जारी की गई है। उन्होंने कहा, ''चूंकि हमने एक अच्छा लक्ष्य हासिल कर लिया है, इसलिए उम्मीद है कि ग्राहकों को इस योजना से लाभ होगा...। पूरी प्रक्रिया डिजिटल है और इसे पांच से सात दिन में पूरा किया जा सकता है।''

### एमएसएमई के लिए 100 प्रतिशत ऋण गारंटी कवरेज

इस योजना का उद्देश्य नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड (एनसीजीटीसी) द्वारा सदस्य ऋण संस्थानों (एमएलआई) को एमएसएमई के लिए 100 प्रतिशत और गैर-एमएसएमई के लिए 90 प्रतिशत ऋण गारंटी कवरेज प्रदान करना है। यह गारंटी पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर अल्पकालिक नकदी असंतुलन से निपटने के लिए पात्र उधारकर्ताओं को दी गई अतिरिक्त ऋण सुविधा के तहत चूक राशि के लिए है।

- खाड़ी संघर्ष से प्रभावित एमएसएमई उद्योगों को मिलेगा कर्ज
- उद्देश्य 2 .55 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त कर्ज प्रदान करना
- वैश्विक संकट से प्रभावित एयरलाइंस कंपनियां भी शामिल

### योजना को व्यापक रूप से उदार बनाया गया

अयप्पन ने कहा, ''योजना को व्यापक रूप से उदार बनाया गया है, ताकि अधिकतम लाभार्थियों को इसका लाभ मिल सके। केवल वे ग्राहक जो 31 मार्च, 2026 तक एसएमए 2 (विशेष उल्लेखित खाता) के तहत हैं, उन्हें योजना से बाहर रखा गया है।'' एसएमए-2 के रूप में वर्गीकृत ग्राहक वे हैं, जिनका ऋण भुगतान (मूलधन या ब्याज) 60 दिन से अधिक और अधिकतम 90 दिन तक बकाया है।

*रोजगार नुकसान को रोकने समय पर नकदी प्रदान करना : योजना का उद्देश्य कंपनियों को बनाए रखने और रोजगार नुकसान को रोकने के लिए समय पर नकदी प्रदान करना है। यह निर्बाध घरेलू उत्पादन को भी बढ़ावा देगा और परिवेश को मजबूत बनाए रखेगा। इस योजना के तहत, बैंक उनकी मौजूदा कार्यशील पूंजी पर 20 प्रतिशत अतिरिक्त ऋण प्रदान कर सकते हैं।*

### एयरलाइन के लिए अवधि पहले वितरण से सात वर्ष होगी

*एयरलाइन क्षेत्र के लिए अवधि पहले वितरण की तिथि से सात वर्ष होगी। इसमें दो वर्ष का स्थगन शामिल है। एमएसएमई और गैर-एमएसएमई के लिए यह पहले वितरण की तिथि से पांच वर्ष होगी, जिसमें एक वर्ष का स्थगन शामिल है। फरवरी में शुरू हुए पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम) और एयरलाइन कंपनियों को भारी वित्तीय चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। ईसीएलजीएस को पहली बार मई, 2020 में कोरोना वायरस महामारी के दौरान आर्थिक संकट को कम करने के लिए पेश किया गया था।*

# जीएसटी संग्रह मई में 3.2 प्रतिशत बढ़कर 1.94 लाख करोड़ रुपए पार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- वृद्धि वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति में सुधार से हुई
- मई 2025 में सकल जीएसटी संग्रह 1.88 लाख करोड़ रुपए रहा

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह मई में 3.2 प्रतिशत बढ़कर 1.94 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। यह वृद्धि वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति में सुधार तथा आयात से मिलने वाले कर संग्रह में लगातार बढ़ोतरी के कारण हुई। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई। मई, 2025 में सकल जीएसटी संग्रह 1.88 लाख करोड़ रुपये रहा था।

घरेलू लेनदेन से मई के दौरान केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) संग्रह 37,397 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) 45,143 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) 51,990 करोड़ रुपये रहा। इस अवधि में कर योग्य वस्तुओं की आपूर्ति में 26.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो घरेलू मांग को दर्शाती है। वहीं सेवाओं के क्षेत्र में यह वृद्धि 22.2 प्रतिशत रही जो घरेलू खपत की मजबूती को दिखाती है। आयात से आईजीएसटी संग्रह 19.1 प्रतिशत बढ़कर मई में 59,654 करोड़ रुपये हो गया जो औद्योगिक क्षमता के विस्तार का संकेत है। जीएसटी 'रिफंड' 2.6 प्रतिशत बढ़कर 27,281 करोड़ रुपये हो गया।'रिफंड' समायोजित करने के बाद, मई में शुद्ध जीएसटी राजस्व 3.3 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.67 लाख करोड़ रुपये रहा।

### वैश्विक व्यवधान के बावजूद यह वृद्धि हुई

जैन ने कहा कि सितंबर, 2025 से दरों में तेज कटौती और पिछले कुछ महीनों में भू-राजनीतिक व्यवधानों के बावजूद यह वृद्धि हुई है। साथ ही, वस्तुओं और सेवाओं के आयात तथा घरेलू खपत में उल्लेखनीय विस्तार हुआ है जो अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शाता है।

# सरकार ने अल नीनो से निपटने फसल निगरानी समूह बनाए

- कृषि मंत्रालय ने खरीफ फसलों पर होने वाले जोखिम कम करने उठाया कदम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अल नीनो के कारण सामान्य से कम मानसून के पूर्वानुमानों के बीच केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा कि कृषि मंत्रालय ने खरीफ फसलों पर होने वाले जोखिमों को कम करने के लिए फसल-मौसम निगरानी और संकट प्रबंधन समूह बनाए हैं, साथ ही राज्य सरकारों को एक संकट प्रबंधन योजना भी भेजी है। पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रमों के संदर्भ में हुई अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में, भोजन और उर्वरक सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं पर भी चर्चा की गई। राज्यों से कहा गया है कि वे बीजों का एक प्रतिशत आरक्षित रखें, जिसमें कम और मध्यम अवधि वाली किस्मों पर विशेष जोर दिया जाए।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
MINISTRY OF AGRICULTURE AND FARMERS WELFARE
सत्यमेव जयते

*हर सोमवार को बारिश को होगा अध्ययन : खाद्य और उपभोक्ता मामले मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव अनुपम मिश्रा ने कहा, ''एक फसल-मौसम निगरानी समूह बनाया गया है, जो हर सोमवार को बारिश के रवैये, बुवाई की प्रगति, जलाशयों की स्थिति, जरूरी चीजों की उपलब्धता, कीटों के प्रकोप और कीमतों के रुझान का अध्ययन करने के लिए बैठक करता है।''*

## एस्कॉर्ट्स कुबोटा की बिक्री मई में 18.9 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** कृषि मशीनरी एवं निर्माण उपकरण कंपनी एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड की ट्रैक्टर बिक्री मई में 18.9 प्रतिशत बढ़कर 12,310 इकाई हो गई। मई 2025 में यह 10,354 इकाई थी। मोटर वाहन विनिर्माता कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि पिछले महीने घरेलू बिक्री 11,887 इकाई रही, जो मई 2025 की 9,703 इकाइयों की तुलना में 22.5 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के अनुसार, यह वृद्धि अनुकूल कृषि माहौल, जलाशयों में पर्याप्त पानी और ग्रामीण मांग के बने रहने से संभव हुई। हालांकि, निकट अवधि में उर्वरकों सहित कच्चे माल की लागत में बढ़ोतरी, कुछ नकदी फसलों के नरम दाम और बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियां ग्राहकों की खरीद क्षमता एवं कच्चे माल की उपलब्धता को प्रभावित कर सकती हैं।

# खाड़ी तनाव के बीच सोने की कीमत 2,500 रुपए टूटी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत 2,500 रुपये टूटकर 1.60 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अमेरिका और ईरान के बीच फिर से शुरू हुए सैन्य संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने के बाद वैश्विक बाजारों में आई गिरावट से यहां भी सोने कमजोर पड़ गया। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में 2,500 रुपये (1.53 प्रतिशत) की गिरावट आई। शुक्रवार को बंद हुई कीमत 1,62,900 रुपये प्रति 10 ग्राम से गिरकर यह 1,60,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गयी।

# औद्योगिक उत्पादन वृद्धि अप्रैल में घटकर 4.9 प्रतिशत पर रही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- ऊर्जा क्षेत्र में सुस्त वृद्धि के कारण उत्पादन वृद्धि कम रही
- यह आधार वर्ष में संशोधन करने के बाद आईआईपी का पहला आंकड़ा

देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि अप्रैल में सालाना आधार पर घटकर 4.9 प्रतिशत रही है। पश्चिम एशिया संकट के बीच ऊर्जा क्षेत्र में सुस्त वृद्धि के कारण औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि कम रही है। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

यह आधार वर्ष में संशोधन कर 2022-23 किये जाने के बाद आईआईपी का पहला आंकड़ा है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापे जाने वाले औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि अप्रैल, 2025 में 5.7 प्रतिशत रही थी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि अप्रैल, 2026 के लिए चार क्षेत्रों... खनन और उत्खनन, विनिर्माण, बिजली और गैस आपूर्ति, जल आपूर्ति, दूषित जल और अपशिष्ट प्रबंधन... की वृद्धि दर क्रमशः (-) 5.1 प्रतिशत, 6.2 प्रतिशत, 4.9 प्रतिशत और 6.6 प्रतिशत रही। बयान में कहा गया है कि आईआईपी 118.9 रहने का अनुमान है जो अप्रैल, 2025 में 113.1 था। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने औद्योगिक उत्पादन सूचकांक का आधार वर्ष 2011-12 से बदलकर 2022-23 कर दिया है। वस्तुओं की संशोधित सूची में 1,042 उत्पाद शामिल हैं जिन्हें 463 मद समूहों में वर्गीकृत किया गया है। इनमें 120 नए मद समूह शामिल हैं। आधार वर्ष संशोधन का यह कार्य अखिल भारतीय औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (टीएसी-आईआईपी) के आधार वर्ष संशोधन को लेकर तकनीकी सलाहकार समिति के अंतर्गत किया गया है।

### कुल 120 नए मद समूह जोड़े गए

नई आईआईपी श्रृंखला में कुल 120 नए मद समूह जोड़े गए हैं, जिनमें 'मैग्नेटिक' पट्टी वाले कार्ड (डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड), सीसीटीवी कैमरा, गैर-बुने हुए वस्त्रों की वस्तुएं, विमान और अंतरिक्ष यान के पुर्जे, स्टेंट और टीके शामिल हैं। साथ ही, केरोसिन, फ्लोरोसेंट ट्यूब और सीएफएल, साइकिल/ट्राइसाइकिल/रिक्शा/एलएमवी टायरों के लिए ट्यूब, प्रिंटिंग मशीनरी और सिलाई मशीन सहित 64 मद समूहों को हटा दिया गया है।

# यूरिया की घरेलू आपूर्ति बढ़ाने दूसरी वैश्विक निविदा जारी

**नई दिल्ली।** वैश्विक कीमतों में भारी बढ़ोतरी के बावजूद सरकार ने खरीफ सत्र के लिए घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के उद्देश्य से 17 लाख टन यूरिया के आयात के लिए दूसरी वैश्विक निविदा जारी की है। उर्वरक मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उर्वरक मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव अपर्णा एस. शर्मा ने पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रमों पर आयोजित अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि यूरिया की वैश्विक कीमत फरवरी में 447 डॉलर प्रति टन से बढ़कर अब 947 डॉलर प्रति टन हो गई है। देश ने होर्मुज जलडमरूमध्य के बाहर के स्रोतों से 25 लाख टन यूरिया और 50 लाख टन डीएपी (डाई-अमोनियम फॉस्फेट) हासिल किया है, जिसकी खेप जून-जुलाई में पहुंचने की उम्मीद है।

# शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन गिरावट, सेंसेक्स 508 अंक फिसला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- वित्तीय, एफएमसीजी एवं वाहन शेयरों में रही बिकवाली

अनिश्चित वैश्विक संकेतों के बीच स्थानीय शेयर बाजार सोमवार को वित्तीय, एफएमसीजी एवं वाहन शेयरों में बिकवाली के कारण लगातार चौथे सत्र में गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 508 अंक फिसल गया जबकि निफ्टी में 165 अंक की गिरावट रही।

विश्लेषकों के मुताबिक, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और अमेरिका-ईरान संघर्ष को लेकर अनिश्चितता के कारण घरेलू बाजार दबाव में रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 508.40 अंक गिरकर 74,267.34 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में 1,164.25 अंक का उतार-चढ़ाव दर्ज किया गया। इसी तरह, निफ्टी भी 165.15 अंक गिरकर 23,382.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

*ब्रेंट क्रूड बढ़कर 94 डॉलर प्रति बैरल : शेयर बाजार में गिरावट का यह लगातार चौथा सत्र रहा। इस दौरान सेंसेक्स में कुल 2,221.62 अंक यानी 2.90 प्रतिशत और निफ्टी में 649.1 अंक यानी 2.70 प्रतिशत की गिरावट आई है। सोमवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल का मानक ब्रेंट क्रूड 3.34 प्रतिशत बढ़कर 94.16 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।*

### इक्विटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट के सामान्य ट्रेडिंग का समय बढ़ाया गया

# शेयर बाजार में बड़ा बदलाव, 10 मिनट बढ़ा ट्रेडिंग का समय

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- अब डेरिवेटिव्स मार्केट शाम 3 :40 बजे तक खुला रहेगा

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने शेयर बाजार के कारोबार में बड़ा बदलाव करते हुए इक्विटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट के सामान्य ट्रेडिंग समय को बढ़ाने का फैसला लिया है। इसके तहत ट्रेडिंग की टाइमिंग में 10 मिनट की बढ़ोतरी की गई है। अब डेरिवेटिव्स मार्केट शाम 3:40 बजे तक खुला रहेगा।

एनएसई ने यह भी साफ किया कि डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट के क्लोजिंग प्राइस तय करने के तरीके में कोई बदलाव नहीं होगा। अब क्लोजिंग प्राइस निकालने के लिए इस्तेमाल होने वाला वॉल्यूम वेटेड एवरेज प्राइस 3:10 बजे से 3:40 बजे के बीच हुए सौदों के आधार पर तय होगा। बता दें कि पहले डेरिवेटिव्स मार्केट की क्लोजिंग 3:30 बजे तक हो जाती थी। हालांकि, प्री-ओपन सेशन और ट्रेड मॉडिफिकेशन विंडो के समय में कोई बदलाव नहीं होगा।

### सोशल स्टॉक एक्सचेंज पर अपडेट

एनएसई सोशल स्टॉक एक्सचेंज (एसएसई) को एक नई गति मिलने वाली है क्योंकि कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) ने कंपनियों को अपने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) खर्च का एक हिस्सा इस प्लेटफॉर्म के जरिए खर्च करने की अनुमति दे दी है। इस बदलाव से गैर-लाभकारी संगठनों के लिए फंडिंग के रास्ते खुलने और सामाजिक प्रभाव वाले इकोसिस्टम में पारदर्शिता और जवाबदेही मजबूत होने की उम्मीद है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के मुताबिक, हाल में हुए नीतिगत बदलाव से भारत में सामाजिक फंडिंग को बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

### क्लोजिंग ऑक्शन कैसे काम करेगा?

यह सेशन कुल 20 मिनट का होगा। इसमें 3:15 से 3:20 बजे तक ट्रांजिशन फेज रहेगा। 3:20 से 3:25 बजे तक निवेशक मार्केट और लिमिट दोनों तरह के ऑर्डर डाल सकेंगे। 3:25 से 3:30 बजे के बीच सिर्फ लिमिट ऑर्डर की अनुमति होगी और मार्केट ऑर्डर में बदलाव या कैंसिलेशन नहीं किया जा सकेगा।

### एनएसई ने जारी किया सर्कुलर

एनएसई ने एक सर्कुलर जारी किया। इस सर्कुलर में बताया कि कैश मार्केट में क्लोजिंग ऑक्शन सिस्टम शुरू होने के बाद डेरिवेटिव्स मार्केट के समय को भी उसके अनुरूप किया जा रहा है। सर्कुलर के मुताबिक यह कदम क्लोजिंग ऑक्शन सेशन(सीएएस) लागू करने के तहत उठाया गया है। सीएएस शेयर बाजार में दिन के आखिर में होने वाला एक छोटा-सा खास ट्रेडिंग सेशन होता है। इसका मकसद किसी शेयर का फेयर और पारदर्शी क्लोजिंग प्राइस तय करना होता है।

## चिंतन

# अडियल रुख ने खटाई में डाली शांति वार्ता

अमेरिका और ईरान के अडियल रुख ने पश्चिम एशिया वार्ता को एक बार फिर खटाई में डाल दिया है। मुश्किल यह है कि दोनों ही देश खुद को जीता हुआ दिखाना चाहते हैं। यह वार्ता जब कुछ आगे बढ़ती है तो दोनों ही देशों के रुख के कारण जल्द ही ठप हो जाती है। एक माह से भी अधिक समय हो गया है। छिटपुट घटनाओं को छोड़ दें तो दोनों ही देश युद्ध विराम पर सहमत हैं, लेकिन मुश्किल होर्मुज को लेकर है, जिसकी वजह से पूरी दुनिया ऊर्जा संकट से जूझ रही है। भारत समेत कई देशों में ऊर्जा संकट बढ़ने से पेट्रोल, डीजल और गैस के दाम बढ़ रहे हैं। धीरे-धीरे इसका प्रभाव और बढ़ता जा रहा है। इसके कारण पूरी दुनिया परेशान है। क्रूड की कीमतें अभी उच्चस्तर पर बनी हुई हैं। आपूर्ति संकट ने चालू बाजार में तेल की कीमतें बढ़ाई हुई हैं। ऐसा नहीं है कि पेट्रोल डीजल की बढ़ी कीमतों से अमेरिका को नुकसान नहीं हो रहा है। अमेरिका में पेट्रोल (गैसोलीन) की वर्तमान राष्ट्रीय औसत कीमत लगभग 4.39 डॉलर प्रति गैलन (लगभग 96 रुपये प्रति लीटर) हैं। पश्चिम एशिया एक बार फिर ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां युद्ध और शांति के बीच की दूरी बेहद कम दिखाई दे रही है। अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव ने न केवल क्षेत्रीय स्थिरता को प्रभावित किया है, बल्कि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा को भी चुनौती के सामने खड़ा कर दिया है। पिछले एक महीने से अधिक समय से दोनों देशों के बीच प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष वार्ताओं का दौर चल रहा है, लेकिन ठोस नतीजे सामने नहीं आ पाए हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह दोनों पक्षों का अडियल रवैया और अपनी-अपनी शर्तों पर समझौता कराने की जिद है। हालांकि हाल के सप्ताहों में बड़े सैन्य टकराव नहीं हुए हैं और दोनों देश युद्धविराम जैसे माहौल को बनाए रखने में सफल रहे हैं, लेकिन इससे स्थायी शांति की उम्मीद नहीं बंधती। असली विवाद होर्मुज जलडमरूमध्य और उससे जुड़े सुरक्षा तथा आर्थिक मुद्दों को लेकर है। दुनिया के कुल समुद्री तेल व्यापार का बड़ा हिस्सा इसी मार्ग से होकर गुजरता है। ऐसे में यहां किसी भी प्रकार का तनाव वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित करता है। वर्तमान संकट का असर पहले ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में दिखाई दे रहा है, जहां कच्चे तेल की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी हुई हैं। ऊर्जा संकट का सबसे अधिक प्रभाव विकासशील देशों पर पड़ रहा है। भारत जैसे आयात-निर्भर देशों में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों पर दबाव बढ़ा है। परिवहन लागत बढ़ने से महंगाई का खतरा भी बढ़ जाता है, जिसका असर आम लोगों की जेब पर पड़ता है। यही कारण है कि यूएस-ईरान तनाव अब केवल दो देशों का द्विपक्षीय मुद्दा नहीं रह गया है, बल्कि यह वैश्विक आर्थिक स्थिरता का प्रश्न बन चुका है। वहीं, अमेरिका में नवंबर में होने वाले चुनाव से पहले ही राष्ट्रपति ट्रंप अपनी पार्टी रिपब्लिकन को जीत की खबर देना चाहते हैं। यही ईरान के साथ वार्ता का जोखिम भरा बिंदू भी है। ट्रंप हर प्रस्ताव को इसी पैमाने पर तौलते हैं। उन्हें हर बार इसके लिए कुछ और चाहिए होता है, जिसके कारण हर बार वार्ता खटाई में पड़ जाती है। देखा जाए तो ट्रंप जैसा समझौता चाहते हैं वैसे में सहमति बनने में कई माह लग सकते हैं। अब सबसे पहले होर्मुज और जरूरी मुद्दों पर सहमति बनाकर हालात सामान्य किए जाएं। इसके बाद समय लेकर जटिल मुद्दे सुलाझाएं जाएं तो यह काफी हद तक तर्कसंगत हो सकता है।

# खाड़ी देशों में अवसरों के 'द्वार' खोले

**बड़ी उपलब्धि**
पीयूष गोयल

भारत-ओमान मुक्त व्यापार समझौता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस मिशन की एक निर्णायक उपलब्धि है, जिसका लक्ष्य नए बाजार खोलने और रोजगार सृजन को गति देने के जरिए भारत के छात्रों, कारीगरों, महिलाओं, किसानों, मछुआरों और एमएसएमई के लिए वैश्विक समृद्धि के मार्ग बनाना है। भारत और ओमान के बीच गहरे आर्थिक संबंध हैं और लोगों के आपसी संबंध प्रगाढ़ हैं। ओमान में लगभग 7 लाख भारतीय रहते हैं, जिनमें वे व्यापारी परिवार भी शामिल हैं, जिनकी जड़ें 200-300 साल पुरानी हैं। ओमान से भारत को भेजी जाने वाली वार्षिक धनराशि लगभग 2 बिलियन डॉलर है, जबकि देश में 6,000 से अधिक भारतीय उद्यम कार्यरत हैं।

एक जून से लागू हो रहा भारत-ओमान मुक्त व्यापार समझौता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस मिशन की एक निर्णायक उपलब्धि है, जिसका लक्ष्य नए बाजार खोलने और रोजगार सृजन को गति देने के जरिए भारत के छात्रों, कारीगरों, महिलाओं, किसानों, मछुआरों और एमएसएमई के लिए वैश्विक समृद्धि के मार्ग बनाना है। भारत और ओमान के बीच गहरे आर्थिक संबंध हैं और लोगों के आपसी संबंध प्रगाढ़ हैं। ओमान में लगभग 7 लाख भारतीय रहते हैं, जिनमें वे व्यापारी परिवार भी शामिल हैं, जिनकी जड़ें 200-300 साल पुरानी हैं। ओमान से भारत को भेजी जाने वाली वार्षिक धनराशि लगभग 2 बिलियन डॉलर है, जबकि देश में 6,000 से अधिक भारतीय उद्यम कार्यरत हैं। दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को महत्वपूर्ण रूप से सुदृढ़ करता है। यह तुरंत ही ओमान में 98% टैरिफ लाइनों के लिए 100 प्रतिशत शुल्क मुक्त बाजार पहुंच की सुविधा देता है, जिसमें 99.38 प्रतिशत निर्यात शामिल है। यह सीईपीएसे पहले की प्रणाली की तुलना में एक उल्लेखनीय सुधार को दर्शाता है। पहले की प्रणाली में केवल 15.3 प्रतिशत भारतीय निर्यात ओमान में शून्य शुल्क के साथ प्रवेश कर सकते थे। भारत की ऐसी वस्तुएं, जिन पर वर्तमान में ओमान में 5 प्रतिशत आयात शुल्क लगता है और जिनकी कीमत लगभग 3.64 बिलियन डॉलर के निर्यात के बराबर है, अब काफी अधिक प्रतिस्पर्धी हो जाएंगी। भारत के एमएसएमई क्षेत्र के लिए, यह समझौता परिवर्तनकारी हो सकता है, क्योंकि सीईपीए से लाभान्वित होने वाले कई क्षेत्रों में छोटे व्यवसायों की प्रमुखता है। लोहा और इस्पात, वस्त्र, चमड़ा, वाहन कल-पुर्जे और औद्योगिक उपकरण जैसे कुछ क्षेत्रों में एमएसएमई को बड़े अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर मिलने की उम्मीद है, जिससे उत्पादन, निवेश और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

बढ़ती वैश्विक अस्थिरता के युग में, सीईपीएभारतीय निर्यातकों को,जो आर्थिक मंदी और बढ़ते व्यापार बाधाओं का सामना कर रहे हैं, अपने बाजारों को विविध बनाने और परंपरागत बाजारों पर निर्भरता कम करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। यह व्यापार समझौता श्रम-गहन क्षेत्रों जैसे वस्त्र और परिधान, चमड़ा और जूते, खाद्य प्रसंस्करण, समुद्री उत्पाद, रत्न और आभूषण और कुछ इंजीनियरिंग क्षेत्रों को लाभ पहुंचाता है, जो भारत के प्रमुख रोजगार प्रदाता हैं। ओमान को होने वाले वस्त्र निर्यात में वृद्धि से उत्पादन में बढ़ोतरी होगी और तिरुपुर, सूरत, लुधियाना, पानीपत, कोयंबटूर, करूर, भदोही, मुरादाबाद, जयपुर और अहमदाबाद जैसे प्रमुख क्लस्टर में रोजगार के अवसरों का सृजन होगा। भारत भर के कारीगर और बुनकर भी अपने उत्पादों की उच्च अंतरराष्ट्रीय मांग से लाभान्वित होंगे। भारत भर में, विशेष रूप से तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में, साथ ही महाराष्ट्र, पंजाब, कर्नाटक और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों समेत चमड़ा और जूता के प्रमुख केंद्रों मं भी रोजगार के अवसर सृजित होंगे। रत्न और आभूषण क्षेत्र एक अन्य उदाहरण है, जो दिखाता है कि सीईपीए रोजगार वृद्धि को किस प्रकार तेज करेगा। भारत के पास पहले से ही कटे और पॉलिश किए हुए हीरे, सोने और चांदी के आभूषण तथा हस्तनिर्मित आभूषण उत्पादन में

मजबूत क्षमताएं हैं। शुल्क बाधाओं के हटने से, भारतीय निर्यातकों को यूरोपीय और एशियाई प्रतिस्पर्धियों पर निर्णायक बढ़त मिलेगी। उद्योग जगत का अनुमान है कि अगले तीन वर्षों में ओमान को होने वाला निर्यात बढ़ कर 150 मिलियन डॉलर तक हो सकता है। इससे पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, राजस्थान और गुजरात के आभूषण निर्माण केंद्रो में महत्वपूर्ण रोजगार संभावनाएं सृजित होने की उम्मीद है। घरेलू किसानों और संवेदनशील कृषि हितों की सुरक्षा के लिए, भारत ने गेहूं, चावल, मक्का, मोटे अनाज, डेयरी, फल, सब्जियां, खाद्य तेल, तिलहन, चाय, कॉफी और शहद जैसे प्रमुख उत्पादों पर कोई टैरिफ छूट नहीं दी है।

घी, शहद, मीठे बिस्कुट, अंडे और कुछ मिष्ठान्न उत्पादों में भारत को प्रतिद्वंद्वियों पर प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलेगा, जिससे देश के कृषि उत्पादों की मांग बढ़ेगी और ग्रामीण आय में वृद्धि होगी। यह समझौता भारत के राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम (एनपीओपी) प्रमाणन की स्वीकृति और मान्यता भी प्रदान करता है, जो भारतीय किसानों को ओमान में, जो एक प्रमुख खाद्य आयातक है, जैविक उत्पाद बेचने के लिए विशाल अवसर देगा।

समुद्री उत्पादों में भी विशाल संभावनाएं हैं, जिनका अब तक उपयोग नहीं हो पाया है। 2022 और 2024 के बीच ओमान का समुद्री उत्पादों का आयात लगभग 119 मिलियन डॉलर था। भारत से आयात केवल 7.75 मिलियन डॉलर था, जिससे भारतीय समुद्री खाद्य निर्यात जैसे झींगा और जमे हुए कटलफिश के लिए विशाल अवसर मौजूद हैं। श्रम-गहन समुद्री उत्पाद उद्योग मछली पकड़ने, प्रसंस्करण, पैकेजिंग, शीत-श्रृंखला लॉजिस्टिक्स और निर्यात संचालन में अतिरिक्त नौकरियां उत्पन्न कर सकता है। यूएसएफडीए, ईएमए, यूके एमएचआरए और टीजीए जैसे नियामकों द्वारा अनुमोदित भारतीय दवाएं 90 दिनों के भीतर ओमान में स्वचालित विपणन प्राधिकार प्राप्त करेंगी-जो भारतीय फार्मा निर्यातकों के लिए एक बड़ी सफलता है। यह भी महत्वपूर्ण है कि सीईपीएभारत की पारंपरिक चिकित्सा सेवाओं के लिए अवसर पैदा करता है। यह पारंपरिक चिकित्सा में संयुक्त अनुसंधान की व्यवस्था करता है।

समझौते का एक और महत्वपूर्ण पहलू सेवा और आवागमन में निहित है। ओमान ने भारत के लिए विशिष्ट निर्यात क्षेत्रों में व्यावसायिक रूप से महत्वपूर्ण प्रतिबद्धताएं व्यक्त की है, जिनमें पेशेवर सेवाएं, कंप्यूटर और आईटी सेवाएं, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, पर्यटन, अनुसंधान और विकास तथा पर्यावरण सेवाएं शामिल हैं। लेखा, इंजीनियरिंग, चिकित्सा, निर्माण, शिक्षाऔर परामर्श जैसे क्षेत्रों में भारतीय पेशेवरों को बेहतर बाज़ार पहुंच से लाभ मिलने की उम्मीद है। महत्त्वपूर्ण रूप से, ओमान ने भारतीय पेशेवरों और श्रमिकों के लिए आवागमन प्रतिबद्धताओं में वृद्धि पर सहमति व्यक्त की है। अंतर-कॉर्पोरेट स्थानांतरित कर्मियों और संविदा सेवा प्रदाताओं को चार साल तक रहने की अनुमति दी जाएगी, जबकि व्यवसाय आगंतुकों और स्वतंत्र पेशेवरों को आसान अस्थायी प्रवेश की सुविधा मिलेगी। इसने अंतर-कॉर्पोरेट स्थानांतरित कर्मियों के लिए ऊपरी-सीमा को 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है। विकसित देशों के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने की मोदी सरकार की पहल प्रत्येक भारतीय के जीवन को बेहतर बनाने के प्रधानमंत्री के मिशन का हिस्सा है। ओमान के साथ समझौता याद दिलाता है कि व्यापार, विकास, रोजगार सृजन और साझा समृद्धि का एक शक्तिशाली उपकरण है। एक विभाजित और संरक्षणवादी दुनिया में, पीएम मोदी स्पष्ट संदेश दे रहे हैं कि एक नया, आत्मविश्वासी भारत पीछे नहीं हटेगा। यह साझेदारियों, प्रतिस्पर्धा और वैश्विक सहभागिता के माध्यम से आगे बढ़ेगा।

(लेखक केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मंथन

नृपेन्द्र अभिषेक नृप

# क्या सुरक्षित हैं हमारी राष्ट्रीय परीक्षाएं?

देश में इन दिनों एक बार फिर राष्ट्रीय परीक्षाओं की विश्वसनीयता चर्चा के केंद्र में है। पहले नीट-यूजी के प्रश्नपत्र लीक और परीक्षा प्रबंधन को लेकर उठे विवादों ने लाखों विद्यार्थियों और अभिभावकों को चिंतित किया था। इसके बाद सीबीएसई की डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली में तकनीकी गड़बड़ियों की खबरें सामने आईं। अब विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली सीयूईटी-यूजी परीक्षा में तकनीकी समस्याओं और परीक्षा केंद्रों पर अव्यवस्थाओं ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है। इन घटनाओं ने केवल कुछ परीक्षाओं की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न नहीं लगाया है, बल्कि उस पूरे तंत्र की विश्वसनीयता को चुनौती दी है, जिस पर करोड़ों युवाओं के सपने और भविष्य आधारित हैं। आज प्रश्न केवल यह नहीं है कि किसी परीक्षा में तकनीकी त्रुटि क्यों हुई, बल्कि यह है कि क्या भारत की परीक्षा व्यवस्था तेजी से बदलती तकनीकी दुनिया के अनुरूप स्वयं को पर्याप्त रूप से तैयार कर पा रही है। भारत को युवाओं का देश कहा जाता है। यहां हर वर्ष करोड़ों विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेते हैं। इन परीक्षाओं का महत्व केवल नौकरी या प्रवेश तक सीमित नहीं होता, बल्कि ये सामाजिक गतिशीलता, अवसरों की समानता और प्रतिभा के सम्मान का माध्यम भी होती हैं। ऐसे में जब किसी परीक्षा की निष्पक्षता पर संदेह उत्पन्न होता है, तो उसका प्रभाव केवल परिणामों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह युवाओं के मनोबल, व्यवस्था के प्रति विश्वास और लोकतांत्रिक संस्थाओं की साख पर भी पड़ता है। यही कारण है कि हाल के वर्षों में बार-बार सामने आ रही परीक्षा संबंधी समस्याएं एक गंभीर राष्ट्रीय चिंता का विषय बन गई हैं। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की स्थापना वर्ष 2017 में इस उद्देश्य से की गई थी कि देश की प्रमुख प्रवेश परीक्षाओं का संचालन अधिक पेशेवर, पारदर्शी और त्रुटिरहित ढंग से किया जा सके। इसके माध्यम से जेईई, नीट, सीयूईटी जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाओं को एक सुव्यवस्थित ढांचे के अंतर्गत लाने का प्रयास किया गया। प्रारंभिक वर्षों में यह व्यवस्था अपेक्षाकृत सफल भी दिखाई दी। डिजिटल तकनीक के उपयोग, ऑनलाइन परीक्षाओं और केंद्रीकृत प्रबंधन ने प्रक्रिया को आधुनिक बनाने में मदद की। किंतु समय के साथ अनेक विवादों और तकनीकी चुनौतियों ने यह संकेत दिया कि केवल संस्थागत ढांचा बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसकी कार्यकुशलता और जवाबदेही भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। सीयूईटी-यूजी परीक्षा में सामने आई तकनीकी समस्याएं इसी व्यापक संकट का हिस्सा हैं। कई केंद्रों पर सर्वर संबंधी दिक्कतें, कंप्यूटरों की खराबी, लॉगिन में विलंब तथा परीक्षा संचालन में बाधाएं देखने को मिलीं। डिजिटल परीक्षा प्रणाली का मूल उद्देश्य मानवीय त्रुटियों को कम करना और प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाना था, लेकिन जब तकनीक स्वयं समस्या का कारण बन जाए तो विद्यार्थियों के लिए यह दोहरी चुनौती बन जाती है। परीक्षा के दौरान कुछ मिनटों का व्यवधान भी किसी अभ्यर्थी के प्रदर्शन को प्रभावित कर सकता है। ऐसे में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि क्या तकनीकी अवसंरचना को पर्याप्त रूप से परखा और मजबूत किया गया था। समस्या का दूसरा महत्वपूर्ण आयाम परीक्षा के बढ़ते डिजिटलीकरण से जुड़ा है। डिजिटल तकनीक निस्संदेह आधुनिक परीक्षा प्रणाली की आवश्यकता है, किंतु इसके साथ अनेक जोखिम भी जुड़े हैं। साइबर सुरक्षा, डेटा संरक्षण, सर्वर क्षमता, नेटवर्क स्थिरता और आपदा प्रबंधन जैसी चुनौतियां लगातार बढ़ रही हैं। भारत जैसे विशाल देश में, जहां लाखों विद्यार्थी एक साथ परीक्षा देते हैं, वहां किसी भी तकनीकी विफलता का प्रभाव बहुत व्यापक हो सकता है। इसलिए केवल तकनीक अपनाना पर्याप्त नहीं है; उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण उसका सुरक्षित, विश्वसनीय और निरंतर परीक्षण किया हुआ होना है। नीट, सीबीएसई या सीयूईटी जैसे विवाद केवल अलग-अलग घटनाएं नहीं हैं। ये उस गहरे संस्थागत संकट के संकेत हैं, जो परीक्षा प्रणाली के विभिन्न स्तरों पर मौजूद कमजोरियों को उजागर कर रहे हैं। आवश्यकता केवल तात्कालिक संकट प्रबंधन की नहीं, बल्कि दीर्घकालिक संरचनात्मक सुधारों की है। ऐसी परीक्षा व्यवस्था का निर्माण करना होगा जिसमें तकनीक सहायक बने, बाधा नहीं; प्रशासन जवाबदेह हो, उदासीन नहीं; और सबसे बढ़कर, विद्यार्थियों को यह विश्वास हो कि उनकी सफलता का आधार केवल उनकी प्रतिभा, परिश्रम और योग्यता है। जब यह विश्वास स्थापित होगा, तभी परीक्षा वास्तव में ज्ञान और क्षमता की परीक्षा होगी, न कि व्यवस्था पर भरोसे की।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# शिव कोई नाम नहीं

संकलित
**दर्शन**

मनुष्य की प्रकृति को समझने, हर तरह के मनुष्य के लिए एक रास्ता खोजने के अर्थ में, यह वाकई एक शाश्वत या हमेशा बना रहने वाला योगदान है। यह उस युग का या उस युग के लिए योगदान नहीं है। सृष्टि का अर्थ है कि जो कुछ नहीं था, वह एक-दूसरे से मिलकर कुछ बन गया। उन्होंने इस सृष्टि को खोलकर एक शून्य की स्थिति में लाने का तरीका खोजा। इसीलिए हमने उन्हें शिव नाम दिया। इसका अर्थ है 'वह जो नहीं है'। जब 'वह जो नहीं है', कुछ या 'जो कुछ है' बन गया, तो हमने उस आयाम को ब्रह्म कहा। शिव को यह नाम इसलिए दिया गया, क्योंकि उन्होंने एक तरीका, एक विधि नहीं, बल्कि हर संभव तरीका बताया कि चरम मुक्ति को कैसे पाएं, जिसका अर्थ है, कुछ से कुछ नहीं तक जाना। शिव कोई नाम नहीं हैं, वह एक वर्णन है। जैसे यह कहना कि कोई डाक्टर है, वकील है या इंजीनियर है, हम कहते हैं कि वह शिव हैं, जीवन को शून्य बनाने वाले। इसे जीवन के विनाशकर्ता के रूप में थोड़ा गलत समझ लिया गया, लेकिन वह भी सही है। बात मात्र यह है कि जब आप 'विनाशकर्ता' शब्द का इस्तेमाल करते हैं, तो लोग उसे बुरा समझ लेते हैं। अगर किसी ने 'मुक्तिदाता' कहा होता तो उसे अच्छा माना जाता। धीरे-धीरे 'शून्य करने वाला', 'विनाशकर्ता' बन गया और लोग यह सोचने लगे कि वह बुरे हैं। आप उन्हें कुछ भी कहिए, उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता- बुद्धिमत्ता की प्रकृति यही है। अगर आपकी बुद्धिमत्ता एक ऊंचाई पर पहुंच जाती है, तो आपको किसी नैतिकता की जरूरत नहीं होगी।

# जीवन में गुरु की आवश्यकता क्यों?

संकलित
**प्रेरणा**

एक गाय घास चरने के लिए एक जंगल में चली गई। शाम ढलने के करीब थी। उसने देखा कि एक बाघ उसकी तरफ दबे पांव बढ़ रहा है। वह डर के मारे इधर-उधर भागने लगी। वह बाघ भी उसके पीछे दौड़ने लगा। दौड़ते हुए गाय को सामने एक तालाब दिखाई दिया। घबराई हुई गाय उस तालाब के अंदर घुस गई। वह बाघ भी उसका पीछा करते हुए तालाब के अंदर घुस गया। तब उन्होंने देखा कि वह तालाब बहुत गहरा नहीं था। उसमें पानी कम था और वह कीचड़ से भरा हुआ था। उन दोनों के बीच की दूरी काफी कम हुई थी। लेकिन अब वह कुछ नहीं कर पा रहे थे। वह गाय उस किचड़ के अंदर धीरे-धीरे धंसने लगी। वह बाघ भी उसके पास होते हुए भी उसे पकड़ नहीं सका। वह भी धीरे-धीरे कीचड़ के अंदर धंसने लगा। दोनों भी करीब करीब गले तक उस कीचड़ के अंदर फस गए। दोनों हिल भी नहीं पा रहे थे। गाय के करीब होने के बावजूद वह बाघ उसे पकड़ नहीं पा रहा था। थोड़ी देर बाद गाय ने उस बाघ से पूछा, क्या तुम्हारा कोई गुरु या मालिक है? बाघ ने गुर्राते हुए कहा, मैं तो जंगल का राजा हूं। मेरा कोई मालिक नहीं। मैं खुद ही जंगल का मालिक हूं। गाय ने कहा, लेकिन तुम्हारे उस शक्ति का यहां पर क्या उपयोग है? उस बाघ ने कहा, तुम भी तो फस गई हो और मरने के करीब हो। तुम्हारी भी तो हालत मेरे जैसी है। गाय ने मुस्कुराते हुए कहा, बिलकुल नहीं। मेरा मालिक जब शाम को घर आएगा और मुझे वहां पर नहीं पाएगा तो वह ढूंढते हुए यहां जरूर आएगा और मुझे इस कीचड़ से निकाल कर अपने घर ले जाएगा।

## सटाका

## आज की पाती

### प्रदूषण व जमाखोरी से देश को बचाएंगे पॉलीमर नोट

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा देश में प्लास्टिक अर्थात पॉलीमर नोटों को प्रचलन में लाने की दिशा में किए जा रहे प्रयास न केवल भारतीय मुद्रा व्यवस्था के आधुनिकीकरण की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण तथा नकली मुद्रा पर प्रभावी नियंत्रण की दृष्टि से भी ऐतिहासिक साबित हो सकते हैं। यदि यह योजना व्यापक स्तर पर लागू होती है, तो इसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम सामने आ सकते हैं। आरबीआई पिछले एक दशक से पॉलीमर नोटों के प्रचलन की संभावनाओं पर विचार कर रहा है और इस परियोजना पर निरंतर कार्य भी किया जा रहा है। इसके अंतर्गत नोट छापने वाली इकाइयों से लेकर एटीएम मशीनों तक को नई व्यवस्था के अनुरूप तैयार करने की दिशा में प्रयास किए गए हैं। *- संतोष वर्मा, करनाल*

## ट्रेंड

### जहां जरूरी होगा कार्रवाई करेंगे

जमीन, भूमि एवं विकास कार्यालय (एल एंड डीओ) की एक विशेषता है। स्वतंत्रता से पहले भी एल एंड डीओ को जमीन हस्तांतरित की जाती रही है। चूंकि उस समय दिल्ली में राज्य सरकार नहीं थी, इसलिए केंद्र सरकार जमीन की मालिक बनी। अब जहां जरूरी होगा कार्रवाई की जाएगी। **-मनोहर लाल,** केंद्रीय मंत्री

### मैं जनता का पहला सेवक

मेरी राजनीति भी मेरे सूट की तरह ब्लैक एंड व्हाइट होगी। ये रंग साफ सोच और बिना किसी भ्रम के फैसले लेने का संदेश देते हैं। इतने सालों से आपको धोखा देने वालों को छोडकर आपने भाई को चुना। मैं खुद को मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि जनता का पहला सेवक मानता हूं।
**-विजय थलापति,** सीएम, तमिलनाडु

### राज्य में अराजकता फैली

कुछ विधायकों और सांसदों को डराने-धमकाने या रिश्वत देकर टीएमसी को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। जो लोग टीएमसी छोड़कर गए हैं, उनके जाने से पार्टी का भला ही हुआ है। राज्य में अराजकता पूरी तरह से फैली हुई है।
**-ममता बनर्जी,** पूर्व सीएम, बंगाल

### रोजगार के लिए कदम उठा रहे

मेरा सपना गरीबी-मुक्त समाज देखना है। मैं हमेशा बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के बारे में सोचता हूं। विभिन्न श्रेणियों के तहत दी जाने वाली पेंशन बढ़ाकर 15,000 रुपये प्रतिमाह तक कर दी है। सरकार रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए कदम उठा रही है। **-एन. चंद्रबाबू नायडू,** सीएम, आंध्र प्रदेश

## करंट अफेयर

# ब्रिटेन में भारतीय कर्मी को बकाया वेतन देने का आदेश

ब्रिटेन में रोजगार न्यायाधिकरण ने भारतीय देखभाल कर्मी को 28,000 पाउंड से अधिक की बकाया मजदूरी और अवकाश वेतन देने का आदेश दिया है। न्यायाधिकरण ने पाया कि भारतीय कर्मी को काम दिलाने की जिम्मेदारी लेने वाली कंपनी उसे काम नहीं दिला सकी। दरअसल 33 वर्षीय शाबिन शाजी स्वास्थ्य एवं देखभाल कर्मी वीजा के तहत ब्रिटेन पहुंचा था। उसने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में नौकरी के लिए स्वान केयर सॉल्यूशंस लिमिटेड से आवश्यक 'स्पॉन्सरशिप' प्रमाणपत्र प्राप्त किया था। शाजी ने हाल ही में बर्मिंघम के रोजगार न्यायाधिकरण को बताया कि 'स्पॉन्सर' कंपनी ने न तो उन्हें कोई काम दिया और न ही वेतन का भुगतान किया, जो कि वेतन में अनधिकृत कटौती के समान है। रोजगार न्यायाधीश एडमंड्स ने अपने फैसले में कहा, दावेदार (शाजी) को यह साबित करना था कि उन्हें निर्धारित वेतन का भुगतान नहीं किया गया। मैंने पाया है कि दावेदार 15 अप्रैल 2023 से 21 अप्रैल 2024 तक कंपनी का कर्मचारी था। उसके अनुबंध में सप्ताह 40 घंटे कार्य और 22,880 पाउंड वार्षिक सकल वेतन का प्रावधान था। उन्होंने कहा, इस अवधि के दौरान दावेदार अपने काम के लिए तैयार, इच्छुक और सक्षम था। वह केवल इसलिए काम नहीं कर पाया क्योंकि प्रतिवादी (कंपनी) ने उसे काम उपलब्ध नहीं कराया।

## ऑफ बीट

# कपड़े धोने के पाउडर, तरल डिटर्जेंट में क्या अंतर है?

कपड़े धोने के पाउडर और तरल पदार्थ दोनों में सक्रिय तत्व 'सर्फेक्टेंट' होते हैं, जिन्हें डिटर्जेंट (उत्पाद का नाम) के रूप में भी जाना जाता है। ये आम तौर पर आवेशित या 'आयनिक' अणु होते हैं जिनकी संरचना में दो अलग-अलग भाग होते हैं। एक भाग पानी के साथ और दूसरा भाग तेलीय कणों के साथ क्रिया करता है। यह उपयोगी गुण सर्फेक्टेंट को कपड़ों से ग्रीस और गंदगी को हटाने और पानी के जरिए निकालने की अनुमति देता है। सर्फेक्टेंट बुलबुले भी बना सकते हैं। आपके पानी में घुले धातु के लवण सर्फेक्टेंट के प्रदर्शन को सीमित कर सकते हैं। तथाकथित खारे पानी में बहुत सारे घुले हुए कैल्शियम और मैग्नीशियम लवण होते हैं जो आसानी से साबुन का मैल बना सकते हैं। इसलिए कपड़े धोने के आधुनिक डिटर्जेंट में साबुन के मैल को बनने से रोकने के लिए फॉस्फेट और पानी से कठोर धातुओं को हटाने वाले तत्व होते हैं। कई उत्पादों में 'ऑप्टिकल ब्राइटनर' भी होते हैं। ये रसायन पराबैंगनी प्रकाश को अवशोषित करते हैं और नीली रोशनी छोड़ते हैं, जो सफेद रंग को और सफेद या चमकदार बनाता है। कपड़े धोने के डिटर्जेंट में आम तौर पर सुगंध होती है। इस सुगंध के लिए भी रसायन का उपयोग किया जाता है।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# 'आलोक जबलपुर' का पंचम प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

## मेधावी और प्रतिभाएं हुईं सम्मानित

**जबलपुर।** अखिल भारतीय लोधी/लोध अधिकारी कर्मचारी संघ की इकाई 'आलोक जबलपुर' द्वारा 31 मई 2026 को मानस भवन, राइट टाउन में 'पंचम प्रतिभा सम्मान समारोह' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह आयोजन जिले में प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया था। समारोह के दौरान विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इसमें शिक्षा सत्र 2025-26 के दौरान कक्षा 5वीं व 8वीं में 75% तथा 10वीं व 12वीं में 80% से अधिक अंक अर्जित करने वाले छात्र-छात्राओं के साथ-साथ नवोदय विद्यालय में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त, 01 जून 2025 से 31 मई 2026 की अवधि में नवनियुक्त एवं सेवानिवृत्त हुए अधिकारी-कर्मचारियों तथा विभिन्न विधाओं में जिला, प्रदेश, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मेहनत का लोहा मनवाने वाले प्रतिभाशाली युवक-युवतियों का भी सम्मान किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में 'आलोक जबलपुर' की जिला कार्यकारिणी का विशेष योगदान रहा, जिसमें अध्यक्ष लोधी नरेश पटेल, महिला अध्यक्ष तारकेश्वरी लोधी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगदेव पटेल, महिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मिथिलेश पटेल, संयोजक कीरत सिंह पटेल और परामर्शदात्री समिति के अध्यक्ष नेकनारायण सिंह ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारी और सदस्य सक्रिय रहे।

## मुख्यमंत्री की टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस लगाएगी गांधी चौपाल

**जबलपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के संबंध में की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने गांधी चौपाल आयोजित करने की घोषणा की है। कांग्रेस नेताओं ने इसे राजनीतिक मर्यादा और लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत बताते हुए इसकी निंदा की है।

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने बताया कि 2 जून को शाम 6 बजे टाउन हॉल स्थित गांधी प्रतिमा परिसर में गांधी चौपाल का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में महात्मा गांधी के विचारों और अहिंसात्मक परंपराओं को स्मरण करते हुए शांतिपूर्ण ढंग से विरोध दर्ज कराया जाएगा। इस दौरान 'रघुपति राघव राजा राम' भजन के माध्यम से प्रार्थना भी की जाएगी। कांग्रेस ने कार्यकर्ताओं और नागरिकों से बड़ी संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## बैंक ऑफ इंडिया ने आयोजित किया ऋण शिविर

### ₹8.50 करोड़ से अधिक के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित

**जबलपुर।** बैंक ऑफ इंडिया, जबलपुर अंचल द्वारा ईसीएलजीएस 5.0 योजना के अंतर्गत ऋण शिविर सह ग्राहक सम्मेलन का वृहद आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न शाखाओं से आए 25 से अधिक उद्यमियों, व्यवसायियों एवं ग्राहकों ने भाग लिया। इस अवसर पर लगभग ₹8.50 करोड़ से अधिक की ऋण राशि के स्वीकृति पत्र आंचलिक प्रबंधक रमेश कुमार एवं उप-आंचलिक प्रबंधक संतोष सहाय द्वारा वितरित किए गए। आंचलिक प्रबंधक रमेश कुमार ने ईसीएलजीएस 5.0 योजना की विशेषताओं, पात्रता एवं लाभों की जानकारी देते हुए कहा कि यह योजना वित्तीय चुनौतियों का सामना कर रहे उद्यमियों को आवश्यक सहयोग प्रदान कर उनके व्यवसाय को मजबूती देने में सहायक सिद्ध होगी। कार्यक्रम में साख विभाग प्रमुख सुकेश कर्ण, एसएमईसीसी-जबलपुर प्रमुख विक्रम ठाकुर तथा एसएमईसीसी एवं कृषि विभाग के अधिकारियों ने ग्राहकों की जिज्ञासाओं का समाधान किया और योजना का अधिकतम लाभ लेने का आह्वान किया। समापन अवसर पर उप-आंचलिक प्रबंधक संतोष सहाय ने ग्राहकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बैंक की ग्राहक-केंद्रित सेवाओं एवं समयबद्ध वित्तीय सहायता प्रदान करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## भगत सिंह युवा विचार मंच ने किया बुजुर्गों का सम्मान

**जबलपुर।** शहीद भगत सिंह युवा विचार मंच द्वारा श्री गुरु नानक दरबार गोरखपुर में समाज के बुजुर्ग जिन्होंने अपनी पूरी जिन्दगी सेवा, नेकी को समर्पित कर दी और आज भी मानव की सेवा करने के लिए तत्पर रहते हैं, ऐसे समाज सेवियों का युवा विचार मंच द्वारा स्वागत, भगत सिंह रत्न (ट्रॉफी) देकर सम्मान किया गया, जिसमें मुख्य रूप से तजिन्दर सिंह टीटू, डिम्पी बिन्द्रा ने काके आनंद, स. राजेन्द्रर सिंह छाबड़ा प्रधान श्री गुरु नानक दरबार गोरखपुर, स. हरजीत सिंह गुरुद्वारे के मुख्य ग्रंथी, रविन्दर सिंह चाना, पम्मी चड्डा, फौजी पाजी, उत्तम सिंह, प्रभजोत सिंह, नवजीत सिंह गिल्ल मौजूद थे।

## पश्चिम मध्य रेल में PMIS पोर्टल 'IMPACT' का शुभारंभ, परियोजना निगरानी होगी और प्रभावी

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे ने रेल परियोजनाओं के प्रभावी प्रबंधन, निगरानी और समयबद्ध क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारतीय रेल की पहली पूर्ण विकसित प्रोजेक्ट मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (PMIS) पोर्टल 'IMPACT' का शुभारंभ किया। इस अत्याधुनिक डिजिटल प्रणाली का लोकार्पण पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार खत्री, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) एम.एस. हाशमी तथा वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया। महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि डिजिटल तकनीक आधारित यह पहल रेलवे परियोजनाओं की निगरानी और प्रबंधन को नई दिशा प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि IMPACT (Intelligent Management of Projects Activities & Construction Tracking) प्रणाली के माध्यम से परियोजनाओं की रियल-टाइम मॉनिटरिंग, संसाधनों का बेहतर उपयोग और समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जा सकेगा। यह प्लेटफॉर्म उन्नत रिपोर्ट्स, डेटा एनालिटिक्स, इंटरैक्टिव डैशबोर्ड, डिजिटल डॉक्यूमेंट मैनेजमेंट सिस्टम (DMS) तथा निरीक्षण एवं साइट मॉनिटरिंग के लिए डिजिटल RFI मॉड्यूल जैसी सुविधाओं से युक्त है। प्रणाली परियोजनाओं से जुड़ी सभी गतिविधियों का ऑडिट ट्रेल सुरक्षित रखकर पारदर्शिता, जवाबदेही और मानकीकृत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करेगी। प्रारंभिक चरण में पश्चिम मध्य रेलवे की तीन प्रमुख परियोजनाओं को इस पोर्टल से जोड़ा गया है।

## नृत्य नमन में 175 नृत्यांगनाओं की नृत्य प्रस्तुति आज

**जबलपुर।** कला, साहित्य, संस्कृति को समर्पित पाथेय संस्था के द्वारा पद्मभूषण पंडित कुंजीलाल दुबे की स्मृति में 02 जून को सायं 7 बजे से मानस भवन सभागार में सामूहिक नृत्यों का आयोजन किया गया है। समारोह के संयोजक राजेश पाठक प्रवीण ने बताया नृत्योत्सव में 175 नृत्यांगनाएं नृत्य निदेशक नीलांगी कलन्तरे, स्वाति मोदी तिवारी, मोती शिवहरे, उपासना उपाध्याय, भैरवी विश्वरूप, मोमिता बेज, राकेश गिरिगोस्वामी, मेघा पांडे, कृष्णकांत दीक्षित, अंकिता गिनारा, मानसी विश्वकर्मा, गरिमा पटवा, तेजस्वनी सिंह, अमृता तिवारी, महिमा गुप्ता के निर्देशन में विविध शास्त्रीय उपशास्त्रीय शैली के सामूहिक नृत्यों को प्रस्तुत करेंगी। दुर्गा चौबे, प्रतुल श्रीवास्तव, विजय नेमा, यशोवर्धन पाठक, संतोष नेमा ने बताया कि समारोह में प्रवेश निःशुल्क है।

## 3 स्थाई वारंट तामील, कांबिंग गस्त

**जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर सुंदर सिंह कनेश व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भावना मरावी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत द्वारा अपने स्टाफ की टीम गठित कर निगरानी बदमाश, स्थाई, गिरफ्तारी वारंट तामीली हेतु टीम को रवाना किया गया था, इसी तारतम्य में प्रकरण क्रमांक 8381/18 अपराध क्र 342/18 धारा 25 आर्म्स एक्ट, प्रकरण क्रमांक 13314/ 19 अपराध क्रमांक 140/19 धारा 401 आईपीसी, प्रकरण क्रमांक 4356/2020 अपराध क्र. 41/19 धारा 403 ipc, के स्थाई वारंटी सौरभ पटेल पिता स्वर्गीय राजेश पटेल उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम भमकी शाहपुर थाना शाहपुरा जिला जबलपुर स्थाई पता भारत कॉलोनी व्हीकल स्टेट मढ़ई थाना रांझी जिला जबलपुर का स्थाई वारंट की तामीली की गयी। इस सराहनीय कार्य में सहायक उप निरीक्षक गोपाल सिंह राजपूत, Hc 257 अरुण तिवारी, Hc 189 स्नेह पटेल, C 528 अंकुर गोहिया, C 84 रवि कुमार रजक, C 113 परशुराम यादव, C457 गोपाल सिंह अधिकारी, कर्मचारियों की विशेष भूमिका रही।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा ग्रामीण की तैयारी बैठक सम्पन्न

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी जबलपुर ग्रामीण की महत्वपूर्ण बैठक संभागीय कार्यालय रानीताल में आयोजित की गई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, संगठनात्मक तैयारियों तथा जनसंपर्क अभियानों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, सिहोरा विधायक संतोष बरकड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष आशा गोंटिया, जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल एवं जनपद अध्यक्ष चंद्रकिरण गोस्वामी सहित पार्टी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और राष्ट्र निर्माण के 12 वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए व्यापक जनजागरण अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। साथ ही कार्यकर्ताओं से कार्यक्रमों को सफल बनाने हेतु सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया गया। इस अवसर पर राजेश दाहिया, रूपेश पटेल, आशीष पटेल, अनुपम सराफ, पुष्पराज बघेल, कृष्ण शेखर सिंह, ओम दुबे, अल्का गर्ग, नीता जैन, शैलेंद्र सिंह, अंकुर जैन, राकेश पटेल, ओमनारायण दुबे, अतुल दुबे सहित समस्त मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, जिला पदाधिकारी एवं मोर्चा अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर रेल मंडल की जागरूकता रैली

**जबलपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के उपलक्ष्य में पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल द्वारा सोमवार को नरसिंहपुर रेलवे अस्पताल एवं रेलवे कॉलोनियों में पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा।अभियान के दौरान रेलवे चिकित्सालय के डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों ने रेलवे कर्मचारियों एवं कॉलोनीवासियों को पंपलेट और बैनरों के माध्यम से जागरूक किया। लोगों को वृक्षारोपण बढ़ाने, प्रदूषण कम करने, ऊर्जा एवं जल संरक्षण अपनाने तथा प्राकृतिक संसाधनों के जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही मौसमजनित बीमारियों से बचाव संबंधी जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित कर्मचारियों और नागरिकों ने स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण के संरक्षण का संकल्प लेते हुए इसमें सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

# जीतू पटवारी पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के मप्र स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार प्रकोष्ठ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष अजय नारायण सितलानी के निर्देशन पर मप्र के समस्त जिलों में स्वतंत्रता परिवार प्रकोष्ठ परिवार उत्तराधिकारियों ने महापुरुषों की प्रतिमा स्थलों पर राष्ट्रगान व राष्ट्रगीत गायन का आयोजन कर हर माह की पहली तारीख को उक्त कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया। इसी क्रम में नगर निगम नेहरू उद्यान में 01 जून को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू प्रतिमा स्थल पर प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष राजेन्द्र रज्जू सराफ एवं ग्रामीण अध्यक्ष नारायण सिंह शर्मा के संयोजन में प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज नामदेव, राकेश पटेल, प्रीति चौधरी, एड. प्रकाश चंद गोलछा, केशव प्रसाद चौरसिया, ओमप्रकाश जायसवाल, ओमप्रकाश शर्मा, सत्येन्द्र जैन, अशोक यादव, शिवमंगल यादव सहित अन्य ने पं. नेहरू को सलामी दी। तत्पश्चात नगर निगम चौक से राजीव गांधी चौक तक पदयात्रा निकालकर नारेबाजी करते प्रदर्शन किया तथा सेनानियों के वंशजों ने मुख्यमंत्री द्वारा जीतू पटवारी पर की गई टिप्पणी की घोर निंदा की। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कांग्रेस परिवार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अजय नारायण सितलानी के नेतृत्व में पूरे मप्र के जिलों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशजों ने जीतू पटवारी पर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा की गई अशोभनीय टिप्पणी की निंदा करते हुए मुख्यमंत्री से इस्तीफा व माफी मांगने की मांग उठाई गई।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं-सभा.अधि./13/मुख्यालय/2026-27/एम/50
दिनांक:- 27/052/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गुलशन जैन पिता श्री सुबोध जैन ने मकान 945/1 अ वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 800 व.फु. प्रथम तल 600 व.फु. मृत्यु प्रमाणपत्र/ विक्रय पत्र/ खसरे की नकल के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, ARMY NO. JC- 708209M RANK NB SUB NAME DEEPAK KUMAR PATEL S/O LATE KHYALIRAM PATEL OF UNIT MH, JABALPUR (MP) AADHAR CARD No. 9943 7660 2347 I, have changed name and date of birth of my MOTHER from name SHASHI PATEL and date of birth 25/04/1951 (Name and date of birth as per my Army Service Records) to name SHASHI BAI PATEL and date of birth 01/01/1956 (name and date of birth as per my MOTHER, AADHAR CARD NO. 3244 6006 5237) vide affidavit dated 01/06/2026 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME-SHASHI BAI PATEL
INCORRECT NAME-SHASHI PATEL
CORRECT DATE OF BIRTH-01/01/1956
INCORRECT DATE OF BIRTH-25/04/1951

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, संत कुमार पिता वीरबल राय, निवासी ग्राम बाजार मोहल्ला, सिलौंडी, पो. सिलौंडी, तहसील ढीमरखेडा, जिला कटनी, म.प्र. ने श्रीमती सीमा जैन (सिंघई) पति श्री सुबोध कुमार जैन, निवासी-ए 1/17, कचनार सिटी, जबलपुर, म.प्र. के साथ एक मकान के क्रय हेतु अनुबंधपत्र निष्पादित किया है। मौजा ग्राम लमती, न.ब. 642, प.ह.नं. 25/34, नया 17 में स्थित खसरा नं. 30/6 -उक्त भूमि पर पूर्व मुखी 800 वर्गफुट मकान/ ड्यूप्लेक्स बना हुआ है उक्त मकान को सीमा जैन द्वारा विक्रय किया जा रहा है। अत: यदि किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था या अन्य को उक्त सम्पत्ति के विक्रय, स्वामित्व, कब्जे या किसी अन्य प्रकार से कोई आपत्ति, दावा, हक या उजर हो तो वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर मय दस्तावेजी साक्ष्य के अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास या पब्लिक नोटरी, ढीमरखेडा, जिला कटनी के समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में यह माना जावेगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है तथा उक्त सौदा नियमानुसार पूर्ण कर दिया जावेगा, जिसके लिए बाद में कोई उजर/दावा मान्य नहीं होगा।

संत कुमार
पिता वीरबल राय निवासी: सिलौंडी, तहसील ढीमरखेडा, जिला कटनी, म.प्र.
मो.9522220090

## हज़रत सैयद बाबा का सालाना उर्स अकीदत और रूहानियत के साथ सम्पन्न

**जबलपुर।** बड़ी ओमती जामा मस्जिद के सामने स्थित हज़रत सैयद बाबा रहमतुल्लाह अलैह का दो दिवसीय सालाना उर्स शरीफ़ शनिवार रात अकीदत, अदब और एहतेराम के साथ सम्पन्न हुआ। उर्स का आगाज़ 29 मई को बाद नमाज़-ए-मगरिब परचम कुशाई के साथ हुआ, जिसके बाद फ़ातिहा, तिलावत-ए-कुरआन, दुआ और इबादत का सिलसिला जारी रहा। उर्स के अवसर पर 30 मई को खादिम अमित बाबा एवं बाबू बाबा के निवास नया मोहल्ला से सैय्यद कादिर अली कादरी की सदारत में शाही संदल जुलूस निकाला गया। जुलूस विभिन्न मार्गों से होते हुए दरगाह शरीफ़ पहुँचा, जहाँ अकीदतमंदों ने संदल पेश कर मुल्क में अमन, भाईचारे, तरक्की और खुशहाली के लिए विशेष दुआएँ कीं। उर्स में बड़ी संख्या में जायरीन और अकीदतमंदों ने शिरकत कर बुजुर्ग-ए-दीन को ख़िराज-ए-अकीदत पेश किया। इस अवसर पर साबिर भाई, जाविद भाई, असलम भाई, शाहिद, मुबीन, सलमान बाबा, कदीर बाबा, शारू बाबा, कल्लू बाबा, अज्जू बाबा, नसीम बाबा, मंजूर भाई, वसीम भाई, वरुण साहनी और अहद पहलवान सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर गायत्री परिवार ने निकाली भव्य रैली

**जबलपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जिलहरी घाट (गौरीघाट) से विशाल जन जागरण रैली गायत्री परिवार के मुख्य ट्रस्टी बृज बिहारी शर्मा के नेतृत्व में निकाली गई, जो सिद्धघाट, उमाघाट से भ्रमण करती हुई झंडा चौक पर समाप्त हुई। गायत्री परिवार के पीत वस्त्रधारी परिजन हाथों में नशा निषेध पोस्टर, बैनर लेकर नारे लगाते हुए नशा न करने का संदेश दे रहे थे। गायत्री परिवार के प्रधान ट्रस्टी बृज बिहारी शर्मा ने कहा कि नशे की आदत को आज ही छोड़ें और स्वस्थ सम्मानजनक और भविष्य की शुरुआत करें आपकी एक छोटी सी कोशिश आपके परिवार को खुशियां दे सकती है। नशा परिवार की बर्बादी और बीमारियों का रास्ता है, आज ही इसे त्याग कर स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन जीने की शुरुआत करें। इस दौरान प्रकाश मूर्झानी, प्रेम शंकर तिवारी ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि नशे के कारण होने वाली दुर्घटनाओं एवं पारिवारिक कलह के कारण परिवार बिखर रहे हैं। इस अवसर पर भैयालाल पटेल, कमल राय, बाबूलाल वर्मा, पी.एल. यादव, दयाराम श्रीवास्तव, नारायण दुबे, शिवचरण विश्वकर्मा, वंदना राजपूत, स्नेहलता सांवरे, प्रीति सोनी, सावित्री मालवीय, कविता तिवारी आदि की उपस्थिति उल्लेखनी रही।

**नाम सुधार**

मैं नवीन कुमार गोपलानी (Naveen Kumar Goplani) पिता श्री भगवान दास गोपलानी, निवासी- मकान नं. 454 गुडविल कॉम्पलेक्स नेपियर टाउन जबलपुर जिला जबलपुर म.प्र. 482001 आधार नंबर 832117349103 आज दिनांक 15/05/2026 को शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं कि यह कि, मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूं। यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम नवीन कुमार गोपलानी (Naveen Kumar Goplani) पिता श्री भगवान दास गोपलानी दर्ज है । यह कि मैं पूर्ण रूप से यह सत्यापित करता हूं कि मेरा पुराना नाम नवीन कुमार गोपलानी (Navin Kumar Goplani) जो कि मेरे पासपोर्ट क्रमांक N5152675 में दर्ज है। यह कि मेरा नाम नवीन कुमार गोपलानी (Naveen Kumar Goplani) है जो कि मेरे आधार कार्ड एवं मतदाता पहचान पत्र में दर्ज है। यह कि महोदय जी से मेरा निवेदन है कि मुझे मेरे नये नाम नवीन कुमार गोपलानी (Naveen Kumar Goplani) जो कि मेरे आधारकार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में दर्ज है। अत: मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावे। एवं लिखा और पढ़ा जावे। यह कि इस वास्ते यह शपथ पत्र आपके समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

Old Name: Navin Kumar Goplani
New Name: Naveen Kumar Goplani

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं-सभा.अधि./13/मुख्यालय/2026-27/एम/51
दिनांक:- 27/052/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति प्राची शर्मा पति श्री अतुल कुमार शर्मा ने मकान 1445 ब्लाक बी फ्लेट नं. 406 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती चतुर्थ तल 844 व.फु. विक्रय पत्र/ के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं-सभा.अधि./13/मुख्यालय/2026-27/एम/48
दिनांक:- 27/05/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्रीमति अंजली दुबे पति स्व. श्री विश्वनाथ दुबे (2) गौरा दुबे पिता स्व. श्री विश्वनाथ दुबे ने मकान नं. 573 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती क्षेत्रफल 9515 व.फु. भूतल 1500 व.फु. मृत्यु प्रमाणपत्र/ खसरे की नकल/ लीजडीड के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

# सैयारा की जोड़ी लेकर आ रही है नई रोमांटिक फिल्म

**मुंबई।** साल 2025 में रिलीज हुई फिल्म सैयारा ने बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दिया था। इस फिल्म में अहान पांडे और अनीत पड्डा नजर आए थे। दोनों की जोड़ी यूथ में सेंसेशन बन गई थी। अब ये जोड़ी एक बार फिर मोहित सूरी के ही डायरेक्शन में बनने वाली अगली फिल्म में साथ दिखेंगे। एक रिपोर्ट में ये जानकारी दी है कि मोहित सूरी फिल्म सैयारा के बाद एक और फ्रेश रोमांटिक फिल्म पर काम कर रहे हैं। इस फिल्म में एक बार फिर अहान पांडे और अनीत पड्डा की जोड़ी नजर आने वाली है। फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने की खबर है। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि इस साल के अंत तक यानी अक्टूबर-नवंबर तक ये फिल्म रिलीज के लिए तैयार होगी।

## लाइफ Style

# तृषा

## फैमिली ड्रामा की भी हैं क्वीन

साउथ फिल्मों की स्टार तृषा कृष्णन सिर्फ रोमांटिक किरदारों के लिए ही नहीं, बल्कि फैमिली ड्रामा फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। इन फिल्मों में उन्होंने दमदार किरदारों से लोगों को अपना दीवाना बना दिया था। इन फिल्मों को आप ओटीटी पर देख सकते हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

साउथ की जानी मानी एक्ट्रेस तृषा कृष्णन ने अपने कॅरियर में हर तरह के रोल निभाए हैं। लेकिन, अगर आप सोच रहे हैं कि वह सिर्फ रोमांटिक फिल्मों में ही नजर आई हैं, तो ऐसा नहीं है, वह अब तक कई फैमिली ड्रामा फिल्मों में भी नजर आ चुकी है। साउथ फिल्मों की मशहूर एक्ट्रेस तृषा को रोमांटिक फिल्मों के लिए खूब पसंद किया जाता है। इन फिल्मों में उन्होंने अपने काम से लोगों को हैरान कर दिया था। इन फिल्मों में प्यार, परिवार, रिश्तों की उलझनें और इमोशंस का अच्छा बैलेंस देखने को मिलता है। अगर आप तृषा की ऐसी फिल्में देखना चाहते हैं, जिनमें रोमांस के साथ-साथ फैमिली ड्रामा भी हो, तो ओटीटी पर मौजूद ये 5 फिल्में जरूर देख सकते हैं। इनमें पहली है- 96 साल 2018 में आई ये फिल्म प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। यह एक इमोशनल रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, फिल्म में उनका जानकी देवी का रोल में काफी पसंद किया गया था।फिल्म सिर्फ पुराने प्यार की कहानी नहीं दिखाती, बल्कि जिंदगी के फैसले, अधूरे रिश्ते और परिवार की जिम्मेदारियों को भी खूबसूरती से सामने लाती है।इस फिल्म में तृषा और विजय सेतुपति की जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया था।

## हॉलीवुड मसाला

# दुआ ने 6 साल बड़े एक्टर से की शादी

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में अपनी आवाज का जादू बिखेरने वाली 1,660 करोड़ रुपए की नेटवर्थ वाली पॉप सिंगर दुआ लीपा ने शादी कर ली है। उनके जीवनसाथी उम्र में उनसे 6 साल बड़े हैं और मनोरंजन जगत का जाना-पहचाना चेहरा हैं। करोड़ों फैंस की पसंदीदा सिंगर ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड कैलम टर्नर के साथ नई जिंदगी की शुरुआत कर ली है। दोनों के रिश्ते की खबरें काफी समय से सामने आ रही थीं और अब शादी की खबर ने फैंस की खुशी दोगुनी कर दी है। ऐसे में हर कोई उनके पति के बारे में जानना चाहता है। कैलम टर्नर ब्रिटेन के मशहूर एक्टर हैं।

# एक एपिसोड के लिए ले रही है 2 करोड़ 84 लाख!

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सबसे पॉपुलर सीरीज में शुमार गेम ऑफ थ्रोन्स के कलाकारों की कमाई को लेकर सालों से कई तरह की चर्चाएं होती रही हैं। इस बीच कई बार यह दावा किया जाता रहा कि सीरीज के प्रमुख कलाकारों को प्रति एपिसोड करीब 3 लाख डॉलर (लगभग 2.84 करोड़ रुपए) की फीस दी जाती थी। अब इस मामले पर एक्ट्रेस एमिलिया क्लार्क ने खुद चुप्पी तोड़ी है। एमिलिया क्लार्क के मुताबिक, सीरीज के कलाकारों की कमाई बढ़ा-चढ़ाकर पेश की गई है। एमिलिया ने सीरीज में डेनेरिस टार्गेरियन यानी 'मदर ऑफ ड्रैगन्स' का किरदार निभाया था। एक इंटरव्यू के दौरान एमिलिया क्लार्क से उनकी प्रति एपिसोड फीस को लेकर सवाल किया गया। इस पर उन्होंने हंसते हुए कहा कि उन्हें इतनी बड़ी रकम नहीं मिलती थी।

# परफेक्ट फिगर पाने की ज्यादा कसरत...

**मुंबई।** तापसी पन्नू अपने बयानों को लेकर अक्सर चर्चा में रहती हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने अपनी बॉडी इमेज से जुड़ी मुश्किलों के बारे में बात की है। उन्होंने बताया है कि उन्होंने स्लिम-फिट दिखने के लिए बहुत मेहनत की। इस कोशिश में उन्होंने अपने आपको परेशान किया। उन्होंने अपनी जिंदगी के उस दौर को याद किया जब उन्हें एक खास तरह का दिखने का बहुत ज्यादा दबाव महसूस होता था। तापसी पन्नू ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर बताया 'मुझे याद है कि मुझे सपाट पेट पाने का जुनून था, क्योंकि बड़े होते समय मैं बहुत ज्यादा फिट थी, लेकिन मुझे कभी समझ नहीं आया कि पेट के निचले हिस्से की चर्बी हमेशा क्यों बनी रहती थी। इसे कम करने के लिए मैंने इतनी ज्यादा कसरत की कि मैंने खुद को हद से ज्यादा थका दिया।



# अक्षय-दिशा का गाना ऊंचा लंबा ... रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार आने वाली फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' में 2007 की हिट फिल्म 'वेलकम' के क्लासिक गाने 'ऊंचा लंबा कद' का जादू फिर से बिखेरने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। दिशा पाटनी के साथ अक्षय कुमार ने 'ऊंचा लंबा कद' गाना फिर से रिलीज कर दिया है और नए गाने में चार्म तो बहुत है, लेकिन रिलीज होते ही फैंस मायूस हो गए। इससे पहले, अक्षरा सिंह के साथ ठुमके लगाकर छाने वाले अक्षय को अब नफरत मिल रही है कि उन्होंने दिशा पाटनी को लेकर कटरीना की फिर से याद दिला दी और दिशा उस औरा को छू भी नहीं पाईं जो कटरीना का है। अक्षय कुमार और दिशा पाटनी की शानदार केमिस्ट्री, रंगीन विजुअल्स और जोशीली धुन 'ऊंचा लंबा कद फॉरएवर'को फिल्म के साउंडट्रैक का एक खास आकर्षण बनाती है।

## टीवी मसाला

# दूरदर्शन पर पहली बार टेलीकास्ट हुआ था ये कल्ट शो

**नई दिल्ली।** आज के दौर में लोग सिनेमाघर, ओटीटी और यूट्यूब जैसे माध्यमों से मनोरंजन का आनंद लेते हैं। लेकिन, एक वक्त ऐसा भी था, जब बात एंटरटेनमेंट की आती थी तो लोगों के लिए दूरदर्शन टीवी चैनल एकमात्र साधन हुआ करता था। महाभारत, रामायण और शक्तिमान जैसे कई कल्ट धारावाहिक दूरदर्शन की पहचान बने थे। भारतीय मनोरंजन जगत के इतिहास को खंगाला जाए तो दूरदर्शन के रूप में सबसे पुराने टीवी चैनल का नाम सामने आता है, जिसने दशकों तक लोगों को घर बैठे एंटरटेन किया। इसी आधार पर बात की जाए दूरदर्शन के सबसे पहले और पुराने टीवी सो के बारे में तो उसका नाम कृषि दर्शन था। 26 जनवरी 1967 को गणतंत्र दिवस के खास मौके पर दूरदर्शन पर कृषि दर्शन शो को पहली बार प्रसारित किया गया था। इस चैनल की पहली एंकर प्रीतिमा पुरी ने इसका आगाजा किया था। शो के नाम से ही साफ जाहिर होता है कि इसमें भारतीय किसानों को आधुनिक खेती, कृषि-तकनीक और ग्रामीण विकास की अहम जानकारी दी जाती थी। उस वक्त शोज की भरमार कम हुआ करती थी, जिसके तहत कृषि दर्शन भी भारतवासियों के लिए मनोरंजन का अहम साधन बन गया था। इतना ही नहीं कृषि प्रधान भारत देश के किसानों के लिए ये शो काफी महत्वपूर्ण साबित हुआ था, क्योंकि इसमें मौजूद एक्सपर्ट द्वारा मिलने वाली सलाहों से किसानों को खेती में काफी सहायता मिलती थी। दूरदर्शन टीवी चैनल के सबसे अधिक लंबे चलने वाले धारावाहिक के तौर पर भी कृषि दर्शन को याद किया जाता है। इस शो के अब तक 62 सीजन टेलीकास्ट हो चुके हैं, जिनमें 16 हजार 780 एपिसोड मौजूद हैं।

## मुझे पटक-पटक कर मारा : रूपा

**नई दिल्ली।** बीआर चोपड़ा की पॉपुलर टेलीविजन सीरीज महाभारत को आज भी फैंस से उतना ही प्यार मिलता है जितना की सालों पहले दिया जाता था।

इसके किरदार भी खूब फेमस हुए। उन्हीं में से एक हैं द्रौपदी की भूमिका निभा चुकी एक्ट्रेस रूपा गांगुली। महाभारत की बात जब भी आती है तो द्रौपदी के चीर हरण की चर्चा हमेशा होती है। लेकिन, क्या आपको पता है कि आज से 10 साल पहले रूपा गांगुली के साथ बिल्कुल चीर हरण जैसा हादसा हुआ था? जी, हां एक्ट्रेस पर जानलेवा हमला हुआ था जिसे याद कर उनका मन अब भी सिहर जाता है। रूपा गांगुली ने ट्विटर पर इस घटना का जिक्र किया था। द्रौपदी के चीर हरण वाला वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा ,'मुझे कुछ दिनों से याद आ रहा है, 22 मई 2016 डायमंड हार्बर की वह घटना, जब 17-18 लोगों ने पुलिस को साथ लेकर, मुझे गाड़ी से उतारकर रास्ते पर पटक-पटक कर मारा था।

# मां बनने के बाद बदल जाती हैं बातें : कियारा

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री कियारा आडवाणी अपनी अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में वह मां बनी हैं। इस बीच उन्होंने मां बनने के बाद महिलाओं को अक्सर जिन उम्मीदों का सामना करना पड़ता है, उनके बारे में बात की है। उन्होंने इस बात पर गौर किया कि कैसे महिलाओं की प्रेग्नेंसी का जश्न मनाने से हटकर लोगों का ध्यान दूसरी चीजों पर चला जाता है। मां बनने से अपनी जिंदगी में आए बदलावों के बारे में बात करते हुए, कियारा ने कहा 'यह अनुभव हर तरह से बहुत ही अच्छा है। मुझे लगता है कि जो डायरेक्टर अब मेरे साथ काम करेंगे, उन्हें मेरा सबसे बेहतरीन रूप देखने को मिलेगा। मां बनने के इस सफर ने मेरे अंदर दुनिया के प्रति मेरी समझ में एक नया पहलू खोल दिया है।' उन्होंने बताया सबसे दिलचस्प बात यह है कि जब आप प्रेग्नेंट होती हैं, तो हर कोई कहता है, अरे वाह, आप कितनी ग्लो कर रही हैं, आप कितनी खूबसूरत लग रही हैं। मगर, जैसे ही आप बच्चे को जन्म देती हैं, तो बातें बदल जाती हैं। लोग कहते हैं 'अब तो मोटी लग रही है, थोड़ी ऐसी लग रही है, थोड़ी वैसी लग रही है।'

अभिनेत्री ने कहा 'जब आप प्रेग्नेंट होती हैं, तो लोग आपको देवी की तरह पूजते हैं, लेकिन जैसे ही आप बच्चे को जन्म देती हैं, वे उम्मीद करने लगते हैं कि आप तुरंत ही अपनी पुरानी फिटनेस और काम पर वापस लौट आएंगी। महिलाओं के लिए सबसे मुश्किल समय बच्चे के जन्म के बाद का ही होता है। यही वह समय होता है, जब उन्हें सबसे ज्यादा सहारे की जरूरत होती है।' कियारा ने कहा 'कहा जाता है कि एक बच्चे की परवरिश के लिए पूरे गांव की जरूरत पड़ती है। इसी तरह एक मां को संभालने के लिए भी पूरे गांव की जरूरत पड़ती है।' कियारा की अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' चार जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# 43 साल पुरानी वो फिल्म, जिसे देख फूट-फूटकर रोए थे लोग, बच्चों को प्रॉपर्टी देने से डरने लगे थे मां-बाप

**नई दिल्ली।** सिनेमा समाज का आईना होता है। कुछ फिल्में महज एंटरटेनर तक ही सीमित रहती हैं, लेकिन कुछ ऑडियंस के दिलों में घर कर जाती हैं। 43 साल पहले एक ऐसी ही फिल्म आई थी जिसने मां-बाप को इस कदर सहमा दिया था कि वे अपने बच्चों को घर का मालिकाना हक देने से कतराने लगे थे। यह फिल्म जब बनी तो किसी को नहीं पता था कि इसे देखने के बाद ऑडियंस सिसक-सिसककर रोने लगेगी। आज भी अगर टीवी पर यह फिल्म आ जाए तो देखने वाले अपने आंसू नहीं रोक पाते हैं। 43 साल पहले जब यह फिल्म आई तो सिनेमाघरों से निकलने वाले हर शख्स की आंखें नम थी। इस फिल्म ने ऑडियंस पर गहरा प्रभाव छोड़ा था।




### पारिवारिक फिल्म ने कर दिया था भावुक

यह फिल्म राजेश खन्ना की थी। हैंडसम हंक राजेश खन्ना सिनेमा के पहले सुपरस्टार रहे। मगर, जब उनका कॅरियर खतरे में पड़ा, तब यही फिल्म उनके डूबते नाव का सहारा बनी। जिस फिल्म की हम बात कर रहे हैं, वो है अवतार। अमन, अमृत अनजाना और आप आए बहार आए जैसी फिल्में बना चुके मोहन कुमार ने ही अवतार का निर्देशन और निर्माण किया था। फिल्म में राजेश खन्ना ने एक बूढ़े पिता का किरदार निभाया था। उनके साथ लीड रोल में शबाना आजमी थीं। इसके अलावा फिल्म में ए.के. हंगल, सचिन पिलगांवकर, रंजन ग्रेवाल, प्रीति सप्रू, सुजीत कुमार, गुलशन ग्रोवर समेत कलाकार अहम भूमिकाओं में थे।

### बच्चे घर से कर देते हैं बेदखल

फिल्म की कहानी अवतार किशन (राजेश खन्ना) और उसकी पत्नी राधा (शबाना आजमी) की है, जिसके बच्चे उन्हें उनके ही घर से बेदखल कर देते हैं और उन्हें उनके हाल पर छोड़ देते हैं। बुढ़ापे में दर-दर भटकने के बाद दिन-रात एक करके अवतार फिर से सफलता की सीढ़ियां चढ़ता है।

## बॉलीवुड की दूसरी लता : ताउम्र झेला तुलना का दंश, रफी संग गाए 140 गाने

# पर्वतों के पेड़ों पर शाम का बसेरा है, सुरमई उजाला है...

*नई दिल्ली। आज की सुबह संगीत जगत के लिए एक दुखद खबर लेकर आई। संगीत के स्वर्णिम दौर की एक और आवाज आज खामोश हो गई। सुमन कल्याणपुर (89) ने इस दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। लता मंगेशकर, आशा भोसले के बाद आज सुमन कल्याणपुर ने भी दुनिया से रुखसती ले ली। वो अपने पीछे 740 गानों की बेशकीमती विरासत छोड़ गई हैं। बांग्लादेश में जन्मीं सुमन हिंदी सिनेमा को वो अध्याय हैं जो स्वर्ण अक्षरों में दर्ज जरूर है। लेकिन, आज भी कइयों ने उसे पढ़ा नहीं है। आज भी ज्यादातर लोग उनकी आवाज पहचान नहीं पाते हैं। लता मंगेशकर और उनकी आवाज में सामानता इतनी रही कि उन्हें दूसरी लता कहा गया। सुरों की मल्लिका का सबसे बड़ा आशीर्वाद ही उनका 'अभिशाप'बन गया। ताउम्र वो लता मंगेशकर के साए से निकल नहीं पाईं। सुमन कल्याणपुर को ताउम्र तुलना का दंश झेलना पड़ा था। दिग्गज संगीतकारों के लिए सुमन कल्याणपुर और लता मंगेशकर की आवाज में फर्क कर पाना कभी-कभी नामुमकिन सा हो जाता था। सुमन कल्याणपुर ने उस दौर में अपनी जगह बनाई, जब हिंदी सिनेमा में पहले से ही कई दिग्गज आवाजें मौजूद थीं। उन्होंने हिंदी सिनेमा में संगीत का सफर इस वक्त शुरू किया जब लता मंगेशकर, आशा भोसले जैसी गायिकाओं का इंडस्ट्री पर राज था। हर फिल्ममेकर और संगीतकार लता मंगेशकर के साथ काम करने की ख्वाहिश रखता था, ऐसे में उस दौर में किसी भी गायिका के लिए अपनी जगह बनाना किसी चुनौती से कम नहीं था।*

### स्वरकोकिला को मानती थीं दोस्त

अब ताउम्र जिससे तुलना हो उस शख्स को नापसंद करना लाजमी है, लेकिन शायद उस स्वर्णिम दौर की ये ही खासियत थी कि हर कलाकार दूसरे कलाकार और उसकी कला की पूरी इज्जत करता था। साल 2022 में पीटीआई को दिए एक इंटरव्यू में सुमन ने लता दीदी को अपनी सबसे करीबी दोस्तों में से एक बताया था। उन्होंने स्वीकार किया था कि वो खुद भी लता मंगेशकर की आवाज की मुरीद थीं। दोनों ने साथ में फिल्म चांद के लिए एक डुएट रिकॉर्ड किया था। उस फिल्म के गाने पर साथ काम करने का अपना अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा था कि वो और लता जी सहेलियां थीं।

***रफी संग हिट थी जोड़ी :*** आज कल तेरे मेरे प्यार के चर्चे, ना ना करते प्यार तुम्हीं से, तुमने पुकारा और हम चले आए, पर्वतों के पेड़ों पर शाम का बसेरा है, दिल एक मंदिर है, ठहरिए होश में आ लूं मोहम्मद रफी के साथ उनके सुपरहिट गाने थे जो आजतक लोगों की जुबां पर चढ़े हुए हैं। दशकों बाद भी इन एवरग्रीन गानों का खुमार कम नहीं हुआ है।

### लता से हूबहू मिलती थी आवाज

लता मंगेशकर और सुमन कल्याणपुर की आवाज में फर्क कर पाना लगभग असंभव सा है। 1960 और 1970 के दशक में लता और सुमन के बीच की तुलना चरम पर थी। जब कई बड़े संगीतकार और निर्माता लता मंगेशकर संग काम नहीं कर पाते थे, तो वो सुमन कल्याणपुर का दरवाजा खटखटाने पहुंच जाते थे। उन्हें ज्यादातर गाने तभी मिलते जब स्वरकोकिला किसी कारणवश उन्हें मना कर देती थीं।

### पढ़ाई, शादी और बच्चे

मुंबई के सेंट कोलंबस स्कूल से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद, सुमन ने चित्रकला की पढ़ाई की और सर जे.जे. स्कूल ऑफ आर्ट में दाखिला लिया। हालांकि, जल्द ही संगीत ही उनका जुनून बन गया। उन्होंने पंडित केशवराव भोले, उस्ताद खान अब्दुल रहमान खान और उस्ताद नवरंग जैसे प्रख्यात गुरुओं से ट्रेनिंग ली, जिसने उनके करियर की नींव रखी। सुमन ने 1958 में बिजनेसमैन रामानंद कल्याणपुर से शादी की। उनके परिवार में उनकी बेटी चारू अग्नि हैं।

### इन भाषाओं में भी बिखेरा आवाज का जादू

कोकिला जैसी मीठी आवाज और सुरों की धनी सुमन कल्याणपुर को दूसरी लता कहा जाने लगा था। कॅरियर में 740 गाने को आवाज देने वाली दिवंगत सिंगर ने हिंदी के साथ ही कई भाषाओं में अपनी सुरीली आवाज का जादू बिखेरा था। उन्होंने बंगाली, मराठी, असमी, कन्नड़ और ओड़िया भाषाओं में भी अपने संगीत के सफर को जारी रखा था। 28 जनवरी, 1937 को अविभाजित भारत के ढाका में जन्मीं सुमन कल्याणपुर हिंदी और मराठी सिनेमा की सबसे प्रसिद्ध सिंगर्स में से एक बनीं। फिल्मी संगीत के अलावा, उनके भजन, गजल, मराठी अभंग और भावगीत भी गाए, जो एक कलाकार के रूप में उनकी पहचान बनी।

### एलन के क्लासरूम स्टूडेंट शुभम ऑल इंडिया टॉपर, टॉप-10 में एलन क्लासरूम से

# जेईई-एडवांस्ड 2026: एलन का ऐतिहासिक कीर्तिमान

**कोटा।** आईआईटी रुड़की द्वारा जारी जेईई-एडवांस्ड 2026 रिजल्ट्स में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा ने लगातार तीसरे वर्ष ऑल इंडिया रैंक-1 देकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इन रिजल्ट्स के साथ एलन ने अब तक आईआईटी-जेईई में 7 बार ऑल इंडिया रैंक-1 दिए हैं तथा अपने इतिहास में दूसरी बार ऑल इंडिया रैंक-1, 2 और 3 को दोहराया है। इससे पहले वर्ष 2016 में भी एलन ने यह उपलब्धि हासिल की थी। एलन के विद्यार्थियों ने देश की टॉप-10 रैंक में से 6, टॉप 50 में 24 क्लासरूम स्टूडेंट्स रहे है। यह प्रदर्शन एक बार फिर साबित करता है कि राष्ट्रीय स्तर पर टॉप रैंकर्स तैयार करने में एलन देश का सबसे सफल और लगातार प्रदर्शन करने वाला संस्थान है।

देशभर में एलन की सफलता की अगुवाई एलन के कोटा क्लासरूम स्टूडेंट शुभम कुमार ने की। शुभम ने 360 में से 330 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल की। श्रेष्ठता के दौर को जारी रखते हुए एलन के ही क्लासरूम स्टूडेंट कबीर छिल्लर ने 360 में से 329 अंकों के साथ ऑल इंडिया रैंक-2 तथा जतिन चाहर ने 319 अंकों के साथ ऑल इंडिया रैंक-3 प्राप्त की। इसके साथ ही ऑल इंडिया गर्ल्स टॉपर आरोही

देशपांडे भी एलन कोटा क्लासरूम से है। आरोही ने 280 अंकों के साथ ऑल इंडिया रैंक-77 प्राप्त की है। इसके साथ ही एलन ऑनलाइन लाइव कोर्स से यशवर्धन ने ऑल इंडिया रैंक-52 प्राप्त कर ऑनलाइन में बेस्ट रिजल्ट दिया है।

टॉप रैंकर्स की सूची में एलन क्लासरूम प्रोग्राम के स्टूडेंट्स अर्नव गौतम (एआईआर-7), कनिष्क जैन (एआईआर-8), दर्श सिक्का (एआईआर-10) हासिल करते हुए देश की टॉप-10 रैंक में सफलता की संख्या 6 तक पहुंचा दी है। टॉप-10 से आगे बढ़ते हुए देश की टॉप-20 रैंक में एलन के 12 स्टूडेंट्स, टॉप-50 में 24 स्टूडेंट्स शामिल हैं। देश के 7 में से पांच आईआईटी जोन टॉपर एलन क्लासरूम से हैं। इसमें दिल्ली, गुवाहाटी, कानपुर, भुवनेश्वर और रूडकी जोन टॉपर शामिल हैं।

स्टूडेंट्स को बधाई देते हुए एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के सीईओ नितिन कुकरेजा ने कहा कि "एलन उत्कृष्टता में विश्वास रखता है और ये परिणाम स्टूडेंट्स की सफलता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। एलन ने क्वालिटी और क्वांटिटि दोनों ही तरह से असाधारण परिणाम दिए हैं। एलन ने हर ब्रेकेट टॉप-50, टॉप-100, ऑफलाइन और ऑनलाइन हर क्षेत्र में बेहतर परिणाम रहे हैं। रिजल्ट जारी होने के बाद सभी सेंटर्स पर उत्साह का माहौल है, क्योंकि देश के हर कोने से, ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर महानगरों तक एलन स्टूडेंट्स ने सफलता प्राप्त की है। पिछले दो वर्षों में आईआईटी में प्रवेश पाने वाला प्रत्येक चैथा स्टूडेंट एलन से रहा है। हमें अपने स्टूडेंट्स, फैकल्टीज और एलन टीम पर गर्व है।"उन्होंने आगे कहा कि एलन परिणामों की पारदर्शिता और प्रमाणिकता बनाए रखने के लिए संस्थान पिछले तीन वर्षों से देश की अग्रणी ऑडिट फर्म ई-वाय से अपने स्टूडेंट्स के रिकॉर्ड का वेलिडेशन करवा रहा है।इस उपलब्धि के साथ एलन ने अब तक सात बार आईआईटी-जेईई में ऑल इंडिया रैंक-1 प्रदान की है। इससे पहले वर्ष 2025 में रजित गुप्ता तथा वर्ष 2024 में वेद लाहोटी ने एलन कोटा के क्लासरूम प्रोग्राम से एआईआर-1 हासिल की थी। उनसे पहले चित्रांग मुर्डिया (2014), अमन बंसल (2016), कार्तिकेय गुप्ता (2019) और मृदुल अग्रवाल (2021) ने भी आईआईटी-जेईई में एआईआर-1 प्राप्त की थी।

> **6 स्टूडेंट, एआईआर-1, 2, 3 के साथ रचा नया रिकॉर्ड एलन क्लासरूम से टॉप 50 में 24 स्टूडेंट्स**
>
> **आल इंडिया गर्ल्स टॉपर आरोही देशपांडे भी एलन कोटा क्लासरूम से, आईआईटी-जेईई के 7 में से 5 जोन टॉपर एलन से**
>
> **ऑनलाइन लाइव कोर्स के यशवर्धन को भारत के सभी आनलाइन प्लेटफार्म में बेस्ट ऑल इंडिया रैंक-52**
>
> **एलन कोटा से लगातार तीसरे वर्ष आल इंडिया टॉपर**

## कॉइनबेस ने भारत में शुरू की डायरेक्ट रु. ट्रांजैक्शन सुविधा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वैश्विक क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज और एसएंडपी-500 इंडेक्स में शामिल कंपनी कॉइनबेस ने भारतीय ग्राहकों के लिए डायरेक्ट रुपए में लेनदेन की सुविधा शुरू करने की घोषणा की है। इस नई सुविधा के तहत भारतीय उपयोगकर्ता अब आईएमपीएस के माध्यम से सीधे अपने बैंक खातों से रुपए जमा और निकासी कर सकेंगे, जिसके लिए उन्हें किसी पी2पी नेटवर्क या अन्य बिचौलियों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

कंपनी ने बताया कि वह भारत की फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट के साथ पंजीकृत है और भारतीय नियामकीय ढांचे का पूर्ण रूप से पालन करती है। नए सिस्टम के जरिए ग्राहकों को अधिक सहज, तेज और सुरक्षित लेनदेन का अनुभव मिलेगा। कॉइनबेस ने भारतीय ग्राहकों के लिए स्थानीय आईएनआर ऑर्डर बुक भी तैयार की हैं, जिससे उन्हें समर्पित लिक्विडिटी का लाभ मिलेगा।

इसके साथ ही उपयोगकर्ताओं को कंपनी के वैश्विक एक्सचेंज नेटवर्क तक भी निरंतर पहुंच प्राप्त होगी।


**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

N.I.T.NO.:/PWD/2026-27/04/E-tendring/PRO 239 **लोककर्म विभाग निविदा आमंत्रण सूचना** Date - 01/06/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों/ मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in की पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का विवरण | कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD_511881_1<br>01/06/2026 | संभाग क्रं. 04 नरसिंह वार्ड स्थित श्री पंकज राय निवास के पीछे नाले का बेस रिटेरिंगवाल एवं नाली निर्माण कार्य (पार्षद अनुशंसा) (प्रथम निविदा) | 03 माह<br>रू 4.85 | 2000<br>4860 | 15/06/2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट www.//mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

कार्यपालन यंत्री,
संभाग क्रमांक -04
नगर निगम जबलपुर


## हाईवे पर बढ़ता तनाव और अवैध वसूली पर सवाल

# परिवहन क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों ने उठाई डिजिटल चेकिंग व्यवस्था लागू करने की मांग

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय राजमार्गों पर हाल के दिनों में हुई हिंसक घटनाओं, अवैध वसूली और चेकिंग व्यवस्था को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। मध्य प्रदेश के चाकघाट, सिकंदरा, खवासा और राजस्थान के पाली जैसे क्षेत्रों में सामने आई घटनाओं ने हाईवे पर कानून-व्यवस्था और चेकिंग प्रणाली को लेकर बहस तेज कर दी है।परिवहन क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों का कहना है कि जो व्यवस्था कभी 'चाय-पानी' जैसे स्वैच्छिक सहयोग से शुरू हुई थी, वह धीरे-धीरे कई जगहों पर अवैध वसूली और दबाव की स्थिति में बदल गई है। इससे न केवल ट्रक चालकों में असंतोष बढ़ रहा है, बल्कि कई बार तनावपूर्ण और हिंसक घटनाएं भी सामने आ रही हैं।

परिवहन क्षेत्र से जुड़े लोगों और विशेषज्ञों का मानना है कि अब समय आ गया है कि हाईवे चेकिंग व्यवस्था को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाया जाए। उनका कहना है कि वाहन से जुड़े सभी दस्तावेज जैसे परमिट, फिटनेस, बीमा और टैक्स पहले से ही ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं, ऐसे में भौतिक चेकिंग के दौरान होने वाले विवादों और अनियमितताओं को कम किया जा सकता है। प्रस्ताव के अनुसार, यदि चेकिंग प्रक्रिया को तकनीक आधारित और मानव हस्तक्षेप से कम किया जाए तो भ्रष्टाचार की संभावना घटेगी और ट्रांसपोर्ट सिस्टम अधिक सुरक्षित और पारदर्शी बन सकता है। ट्रांसपोर्ट कारोबारियों का कहना है कि हाईवे पर बढ़ते दबाव, जुर्माने, टोल और अन्य शुल्कों के बीच ड्राइवर पहले से ही आर्थिक और मानसिक तनाव में रहते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत में माल ढुलाई का बड़ा हिस्सा सडक्र मार्ग से होता है, ऐसे में हाईवे पर स्थिरता और भरोसेमंद व्यवस्था बेहद जरूरी है। परिवहन क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने यह भी कहा कि किसी भी स्थिति में कानून को हाथ में लेना सही नहीं है। उन्होंने अपील की है कि विवादों का समाधान संवाद और कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से किया जाए, न कि हिंसा के जरिए।

## 125 करोड़ रु.के नए ऑर्डर से सथलोखर सिनर्जीज के ऑर्डर बुक 840 करोड़ के पार

**चेन्नई।** सथलोखर सिनर्जीज ई एंड सी ग्लोबल लिमिटेड को लगभग 125 करोड़ रुपए के नए पुष्ट ऑर्डर प्राप्त हुए हैं। इन नए प्रोजेक्ट्स के साथ कंपनी की वित्त वर्ष 2026-27 के लिए कुल पुष्ट ऑर्डर बुक बढ़कर 840.22 करोड़ रुपए हो गई है, जिससे आने वाले समय के लिए मजबूत राजस्व संभावनाएं दिखाई दे रही हैं। कंपनी को मिले नए ऑर्डर औद्योगिक और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों से संबंधित हैं, जो उसकी मजबूत निष्पादन क्षमता और ग्राहकों के बढ़ते विश्वास को दर्शाते हैं। सथलोखर सिनर्जीज को ग्रैंड अटलांटिया पनपक्कम एसईजेड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड से चेन्नई के रानीपेट स्थित शिपकोट पार्क में सिविल और प्री-इंजीनियर्ड बिल्डिंग निर्माण कार्य का बड़ा ऑर्डर मिला है।

## होंडा की 5.18 लाख यूनिट्स की बिक्री दर्ज

**गुरुग्राम।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने मई 2026 में कुल 5,18,777 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की है। यह आंकड़ा मई 2025 में बेची गई 4,65,109 यूनिट्स की तुलना में 12 प्रतिशत अधिक है, जो कंपनी की मजबूत बाजार उपस्थिति और उपभोक्ता मांग को दर्शाता है। कंपनी द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार मई 2026 में घरेलू बाजार में 4,59,611 यूनिट्स की बिक्री हुई।

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।



**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला - जबलपुर (म.प्र.)**
E-mail- modgmjab@mp.gov.in

क्रमांक / 967 / खनिज / 2026 दिनांक 29/05/2026

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18 ( 1 - क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करनें के लिए

**द्वितीय सूचना पत्र**

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक सविकृश मिनरल्स पता - 874, शास्त्री नगर, एच - 1, बावली के पास, त्रिपुरी वार्ड, जबलपुर द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 15/01/2026 को प्रस्तुत किया गया था। आवेदित क्षेत्र के संबंध में आपत्ति हेतु दिनांक 23/02/2026 तक प्रथम सूचना पत्र जारी किया गया था, परंतु अन्य कोई आपत्ति प्राप्त न होने से आपत्तियों के संबंध में पुन: प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस तक प्रस्तुत उत्खनिपट्टा आवेदन पत्र के संबंध में आपत्तियाँ आमंत्रित की जाती है। आपत्तियाँ कार्यालयीन समय में स्वयं अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत की जा सकती हैं।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा हेक्टर में | भूमि का प्रकार शासकीय / निजी | खनिज का नाम | रिमॉर्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जबलपुर | शहपुरा | डमोला | 237 भाग | 4.00 | शासकीय भूमि | मुरूम | |
| | | | कुल रकबा | 4.00 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (एक माह ) कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आषय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुन: 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जायेगा।

खनि अधिकारी
जिला - जबलपुर, (म.प्र.)

G-13725/26 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"



**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला - जबलपुर (म.प्र.)**
E-mail- modgmjab@mp.gov.in

क्रमांक / 974 / खनिज / 2026 दिनांक 29/05/2026

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18 ( 1 - क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करनें के लिए

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक अंजली दुबे पति स्व. श्री विश्वनाथ दुबे पता - 29, नयागाँव रामपुर, हाउसिंग सोसायटी, जबलपुर द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 02/05 / 2023 को प्रस्तुत किया गया है। प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस की अवधि में इस क्षेत्र पर उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदिन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा हेक्टर में | भूमि का प्रकार शासकीय / निजी | खनिज का नाम | रिमॉर्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जबलपुर | सिहोरा | हद्रयनगर | 397,398,399 | 2.5800 | निजी भूमि | मुरूम | |
| | | | कुल रकबा | 2.5800 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (एक माह ) कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आषय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुन: 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जायेगा।

खनि अधिकारी
जिला - जबलपुर, (म.प्र.)

G-13756/26 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"


## डाबर का रियल एक्टिव कोकोनट वाटर पेश

**नई दिल्ली।** आयुर्वेद कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड ने प्राकृतिक हाइड्रेशन समाधान रियल एक्टिव कोकोनट वॉटर को पेश किया है। यह नारियल पानी शरीर को नेचुरल इलेक्ट्रोलाइट्स प्रदान करता है और बिना किसी अतिरिक्त चीनी के तैयार किया गया है, जिससे यह एक स्वास्थ्यवर्धक और लो-कैलोरी विकल्प बन जाता है। कंपनी के मयंक कुमार ने कहाकि रियल एक्टिव कोकोनट वॉटर गर्मियों का एक परफेक्ट साथी है। यह शरीर को हाइड्रेट रखता है, थकान को दूर करता है और पानी की कमी को पूरा करता है। इसमें किसी प्रकार की अतिरिक्त चीनी नहीं मिलाई गई है।

## श्रीजी शिपिंग को आयकर विभाग की मंजूरी

**मुंबई।** श्रीजी शिपिंग ग्लोबल लिमिटेड को आयकर विभाग से टनेज टैक्स स्कीम ) के तहत मंजूरी मिल गई है। यह मंजूरी आयकर अधिनियम, 1961 के अध्याय 12-जी की धारा 115वीपी (1) के अंतर्गत कंपनी के पात्र अंतर्देशीय जहाजों के लिए प्रदान की गई है। कंपनी के अनुसार यह मंजूरी वित्त वर्ष 2025-26 (आकलन वर्ष 2026-27) से प्रभावी होगी और वित्त वर्ष 2034-35 तक अथवा लागू नियमों के अनुसार निर्धारित अवधि तक वैध रहेगी। यह लाभ आयकर अधिनियम और संबंधित नियमों के अनुपालन की शर्तों के अधीन लागू रहेगा। कंपनी ने इस मंजूरी को अपनी विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। कंपनी का मानना है कि टनेज टैक्स स्कीम से दीर्घकालिक कर नियोजन में स्पष्टता मिलेगी और पात्र शिपिंग परिचालनों में कर दक्षता बढ़ेगी। टनेज टैक्स स्कीम के तहत शिपिंग कंपनियों पर कर का निर्धारण उनके वास्तविक लाभ के बजाय जहाजों की शुद्ध वहन क्षमता के आधार पर किया जाता है।


**MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY**
**(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)**
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

**NOTICE INVITING TENDER FOR STATUTORY AUDIT**
**(E-Procurement Notice) (Third Invitation)**

No.5278/22/V-12/MPRRDA/Acct./CA Consultant/FY 2025-26
Bhopal, Dated : 29.05.2026

Firms of Chartered Accountants empanelled with C&AG which meet all the conditions in the eligibility criteria listed below, for appointment as Statutory Auditors for providing consultation and other allied services for Statutory Audit at MPRRDA headquarters office and its Project Implementation Units for the financial year 2025-26 as per the Terms of Reference provided in the RFP document.

- **Cost of Bid Document, Bid Security (EMD) and service charges as appearing on e-procurement portal are to be paid simultaneously through Debit Card/Credit Card/Internet Banking or system generated challan. For detailed procedure of online payment of EMD and submission of affidavit please refer condition number 3 of detailed NIT.**

1. RFP document may be seen, downloaded and purchased from our e-procurement website **https://mptenders.gov.in** from 17:30 hrs. on 03.06.2026.
2. Last date of Submission of bid is date **29.06.2026 upto 17.00 hrs.**

Detailed RFP documents consisting of qualification information and eligibility criterion of bidders, and the set of terms & conditions of contract to be complied with by the consultants can be seen online on the website **https://www.mptenders.gov.in.**

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/126124/2026 (TENDER)

"मेरी सड़क" ऐप डाउनलोड कर, फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग, पांडवनगर जिला- शहडोल (म.प्र.)**
E-mail:-piushahdol@gmail.com

एनआईटी नं.:- 15/2026/केन्द्रीयकृत निविदा/सी.ई./ पीडब्ल्यूडी/भवन/998 रीवा, दिनांक :- 26.05.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है।

| स. क्र. | पोर्टल टेंडर आई. डी. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी रू. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वषार्काल सहित) | 90 प्रतिशत अविवादित भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2026_PWPIU_510883_1 | विचारपुर जिला शहडोल ब्लॉक सोहागपुर में फुटबॉल ग्राऊण्ड, बाऊण्ड्रीवॉल, 02 चेंजिंग रूम, 01 स्टोर रूम, 01 ऑफिशियल्स रूम एवं पवेलियन का निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | शहडोल | 387.00 | 387000.00 | 15000.00 | 12 माह (वषार्काल सहित) | भूमि उपलब्ध |

1- निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेवसाईट https://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2- निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑल-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3- निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 01.06.2026 समय 10:00 AM से दिनांक 16.06.2026 समय 5:30 PM तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेवसाईट पर देखी जा सकती है।
4- निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग, शहडोल (म.प्र.)

जी - 13736/26 स्वच्छता ही सेवा


## राशिफल

**मेष** — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय

**वृश्चिक** — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि

**मीन** — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## शब्द पहेली - 6244

**बाएँ से दाए**
1. मूर्ख, बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश, खानदान-2
6. आह, पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी, इच्छा, चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास, नौकर, सेवक-5
14. अग्नि, आग-3
16. चयनित, स्वीकृत-4
17. जाति, संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत, व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश, अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान, माइन-2
32. आश्रय, पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**
1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में, अधर में-2,2
3. आफत, आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति, चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति, प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम, आसक्ति-3
13. नीर, जल-2
15. भाग्य, तकदीर-3
17. जंबुल, जांब-3
18. टेंशन, परेशानी-3
20. काया, बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी, रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा, चोंचला-3
27. पूड़ी, गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक, गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

### शब्द पहेली- 6243 का हल

## सूडोकु नवताल - 6254

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

### सूडोकु नवताल - 6253 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

हरिभूमि
जबलपुर, मंगलवार
2 जून 2026

# सहेली

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महिलाएं अहम भूमिका निभा सकती हैं। इसके लिए बहुत बड़ी कोई कार्य योजना बनाने की भी जरूरत नहीं है। घर के आंगन से ही इसकी शुरुआत कर, वे दूसरों को भी पर्यावरण संरक्षित करने के लिए प्रेरित कर सकती हैं। महिलाएं किन मोर्चों पर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देकर देश को प्रदूषण मुक्त रख सकती हैं, हर तरफ हरियाली बिखेर सकती हैं, जानिए।

## पर्यावरण सहेजने के मोर्चे पर डटें महिलाएं

कवर स्टोरी

डॉ. मोनिका शर्मा

सदा से ही सब कुछ सहेजने का भाव रखने वाली महिलाएं पर्यावरण को बचाने में अहम भूमिका निभा सकती हैं। अब इस फ्रंट पर बिना देरी किए सार्थक कदम उठाने की भी दरकार है। 2026 के विश्व पर्यावरण दिवस की थीम 'नाउ फॉर क्लाइमेट चेंज' है। यानी एनवॉयर्नमेंट प्रोटेक्शन के लिए जल्द से जल्द कार्रवाई करनी ही होगी। यह विषय हमारी धरती, पर्यावरण और मौसमी बदलावों से जुड़ी हर चेतावनी को समझने का संदेश देता है। ऐसे में महिलाएं तुरंत इस फ्रंट को संभाल सकती हैं। उन छोटे-छोटे कदमों को बढ़ावा दे सकती हैं, जो पर्यावरण बचाने में बहुत कारगर सिद्ध हो सकते हैं। घर हो या बाहर, महिलाएं इस ओर बढ़ने की शीघ्र पहल करें।

### आंगन से शुरू हो मुहिम

घर-परिवार में सब कुछ संभालने वाली स्त्रियां आम-सी बातों और आदतों पर ध्यान देकर भी एनवॉयर्नमेंट प्रोटेक्शन से जुड़ी कार्रवाई को बल दे सकती हैं। आप भी अपने आंगन से ही इसकी शुरुआत कर सकती हैं। ई-वेस्ट को कम करना, बिजली और पानी की बचत, फूड वेस्ट न करना, आस-पास जाने के लिए पैदल चलना, पेपर-नैपकिन की बजाय रुमाल का यूज करना, रि-साइकिलिंग के लिए घर के कचरे का सही तरीके से निपटारा करने जैसे काम हर घर में किए जा सकते हैं।

वाटर प्यूरीफायर से निकलने वाले वेस्ट पानी से पौधों को सींचना हो या पोंछा लगाने में इस्तेमाल करना। सिंगल-यूज प्लास्टिक से दूरी बनाने के लिए बाजार जाते हुए थैला साथ रखने की आदत बनानी हो या लाइट, पंखे जैसे उपकरणों को बेवजह चलते ना रहने देना। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए आप खुद भी सजग हों और घर के दूसरे सदस्यों को भी इन आदतों को अपनाने को प्रेरित करें। असल में 'नाउ फॉर क्लाइमेट चेंज' मुहिम का मूल मंत्र भी 'सोच बड़ी, पर शुरुआत छोटी' ही है। डेली लाइफ में छोटे-छोटे बदलाव कर क्लाइमेटिक हालातों पर गहरा असर डाला जा सकता है। बड़ी जनसंख्या वाले हमारे देश में तो ऐसी हर सहज शुरुआत और भी मायने रखती है।

### तीज-त्योहारों के व्यावहारिक अर्थ समझें

हमारे पर्व-त्योहारों को मनाने से जुड़ी बुनियादी सोच, प्रकृति और इंसान के बीच सहज संतुलन बनाने वाली ही है। कुदरत का आभार और संरक्षण इनसे जुड़े मुख्य संकल्प हैं। ऋतु-परिवर्तन से जुड़े हमारे त्योहार जल, धरती और हरियाली जैसे प्राकृतिक संसाधनों को सहेजने का व्यावहारिक पाठ पढ़ाने वाले रहे हैं। मकर संक्रांति, पोंगल, फूलदेई और बैसाखी जैसे पर्व सीधे तौर पर फसल चक्र और प्रकृति की पूजा से ही जुड़े हैं। वट सावित्री, आंवला नवमी, सरहुल और पीपल पूर्णिमा जैसे बहुत से त्योहार पेड़ों के पूजन-अर्चन के संग धरती की गोद में हरियाली के बने रहने की प्रार्थनाएं भी लिए हैं। तुलसी और केले के पौधे तो हर दिन पूजे जाते हैं। पारंपरिक रूप से हल्दी, चंदन और फूलों के प्राकृतिक रंग हमारे जीवन का हिस्सा रहे हैं। जल, अग्नि, वायु और आकाश के संतुलन वाली परंपरागत जीवनशैली में मिट्टी की मूर्तियों के पूजन का रिवाज रहा है। विशेष अवसरों पर नदियों और कुओं की पूजा की जाती है। चिंता की बात यह है कि बीते कुछ वर्षों में त्योहारों के रंग-ढंग भी बदल गए हैं। जिसके चलते नदी-तालाब प्लास्टिक से अंट गए हैं। दिखावटी-सजावटी चीजों ने प्रकृति के रंग छीनने का काम किया है। यही वजह है कि इन पर्वों को मनाने वाली स्त्रियां त्योहरों के व्यावहारिक अर्थ समझकर पर्यावरण सहेजने की धुरी बन सकती हैं। प्रकृति को सहेजने के लिए स्त्रियां इन त्योहारों को पारंपरिक संस्कारों के साथ मनाएं।

### बनाएं सहेलियों के समूह

सहेलियां एक-दूजे को देखकर फैशन और स्टाइल ही नहीं, ईको-फ्रेंडली आदतें भी अपना सकती हैं। किट्टी पार्टी या आस-पड़ोस का कोई ग्रुप पर्यावरण सहेजने वाली एक्टिविटीज से भी जुड़ सकती हैं। अपने-अपने घर में किचन गार्डन बना सकती हैं। छत पर सब्जियां और छोटी-सी बालकनी में हरी मिर्च, धनिया, पुदीना जैसे पौधे आसानी से उगा सकती हैं। अपने उगाए सब्जी, फल-फूल आदि एक-दूजे संग शेयर कर खुशियां साझा कर सकती हैं। अपनी फ्रेंड्स के साथ मिलकर किसी स्थानीय पार्क में पौधारोपण करने या किसी तालाब की साफ-सफाई का भी प्लान बनाएं। सरकारी संस्थान या किसी संगठन द्वारा रोपे गए पौधों के देखभाल की जिम्मेदारी लें। नई चीजें खरीदने की बजाय मिलकर पुरानी चीजों का मेकओवर करें। यह एक-दूसरे से कुछ क्रिएटिविटी सीखने और कुदरत को सहेजने की सबसे सुंदर राह है। पार्टियों की तस्वीरें ही नहीं, सोशल मीडिया में अपनी इन गतिविधियों को भी शेयर करें। पर्यावरण के प्रति सजगता और जिम्मेदारी रखने का भाव लिए छोटे-छोटे कदम डिजिटल दुनिया में दूसरी महिलाओं को भी प्रेरणा देंगे, वे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय होंगी। a

विशेष
विश्व पर्यावरण दिवस
5 जून

## परवरिश में घुली हो हरियाली

पर्यावरण का संकट किसी एक व्यक्ति के लिए नहीं पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय है। इससे निपटने के लिए हमें तो हर संभव प्रयास करने ही होंगे, साथ ही अपने बच्चों को भी जागरूक बनाना होगा। उनकी परवरिश इस तरह करनी होगी कि बच्चों के व्यवहार-जीवनशैली में पर्यावरण-सजगता शामिल हो।

सजगता

पूर्ति खरे

बच्चे अपने पैरेंट्स और परिवार से जो सीखते हैं, वो उनके व्यक्तित्व का स्थाई हिस्सा बन जाता है। उनकी आदतें, सोच, व्यवहार और जीवन के प्रति दृष्टिकोण सबकी पहली पाठशाला घर-परिवार ही होती है। ऐसे में यदि बचपन से ही उन्हें प्रकृति के प्रति प्रेम, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और संसाधनों के सम्मान की सीख मिले, तो यह केवल आदत नहीं, उनके भावी जीवन की बुनियाद भी रखता है।

**व्यवहार में शामिल हो सजगता:** आज जब दुनिया ग्लोबल वार्मिंग, पेय जल संकट, प्रदूषण और घटते जंगलों जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रही है, तब पर्यावरण शिक्षा को केवल बच्चों के स्कूल की किताबों तक सीमित रखना पर्याप्त नहीं है। इसे उनके रोजमर्रा की दिनचर्या, व्यवहार और संस्कारों में शामिल करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। बच्चों को अगर हम आज पर्यावरण के प्रति सजग बनने के संस्कार देंगे तो वे जीवनपर्यंत पर्यावरण संरक्षण को लेकर संवेदनशील रहेंगे।

**प्रकृति से बढ़ती दूरी है मूल वजह:** पहले के समय में पर्यावरण संरक्षण शब्द भले इतना प्रचलित न रहा हो, लेकिन हमारी जीवनशैली प्रकृति के बेहद करीब हुआ करती थी। दादी-नानी की रसोई में प्लास्टिक नहीं, कपड़े के थैले और मिट्टी के बर्तन होते थे। पानी की एक-एक बूंद की कीमत समझी जाती थी। पेड़ केवल छाया देने वाली वस्तु नहीं, परिवार के सदस्य जैसे माने जाते थे। गर्मियों में घरों के बाहर पक्षियों के लिए पानी रखा जाता था, बचा हुआ खाना पशुओं को दे दिया जाता था और त्योहार भी प्रकृति के अनुकूल मनाए जाते थे। यह सब किसी पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं था, बल्कि जीवन का स्वाभाविक व्यवहार था। लेकिन आधुनिकता और सुविधाओं की दौड़ में हम प्रकृति से धीरे-धीरे दूर होते चले गए। ऐसे में पर्यावरण शिक्षा को फिर से जीवन के केंद्र में लाना जरूरी हो गया है।

**महसूस कराएं प्राकृतिक आत्मीयता:** जब बच्चा मिट्टी में पौधे का बीज रोपता है, किसी मुरझाए पेड़ को पानी देता है, किसी चिड़िया को दाना डालता है या पहली बारिश की खुशबू महसूस करता है, तब उसके भीतर प्रकृति के प्रति आत्मीयता जन्म लेती है। आज की पीढ़ी बेहद संवेदनशील और जागरूक है। जरूरत केवल उन्हें सही दिशा देने की है। यदि हम उन्हें यह समझा पाएं कि पृथ्वी केवल मनुष्यों की नहीं, बल्कि पक्षियों, जानवरों, पेड़-पौधों और आने वाली पीढ़ियों की भी है, तो वे निश्चित ही जिम्मेदार नागरिक बनेंगे। यह भी सच है कि बच्चों को केवल डर दिखाकर पर्यावरण के प्रति जागरूक नहीं बनाया जा सकता। इसलिए जरूरी है कि उन्हें प्रकृति की सुंदरता, उसकी उदारता और उससे मिलने वाले सुख का भी अनुभव कराया जाए। उन्हें यह महसूस होना चाहिए कि पर्यावरण बचाना कोई बोझ नहीं, बल्कि जीवन को सुंदर बनाने का तरीका है।

**बनें बच्चों के रोल मॉडल:** बच्चे सबसे ज्यादा अनुकरण घर में करते हैं। यदि वे अपने माता-पिता को पानी व्यर्थ बहाते, हर छोटी चीज के लिए प्लास्टिक का उपयोग करते या बिजली की अनावश्यक बर्बादी करते देखेंगे, तो वही सीखेंगे। वहीं यदि घर में कपड़े के थैले इस्तेमाल होंगे, पौधों की देखभाल की जाएगी, पानी और बिजली बचाने पर ध्यान दिया जाएगा, तो बच्चे इसे सहज व्यवहार की तरह अपनाएंगे।

**ये सरल तरीके भी हैं कारगर :** सप्ताह में एक दिन 'नो प्लास्टिक डे' रखा जा सकता है। बच्चों के साथ मिलकर बालकनी या छत पर छोटा-सा किचन गार्डन बनाया जा सकता है। उसकी देखभाल की जिम्मेदारी बच्चों को ही सौंपी जा सकती है। जन्मदिन पर महंगे रिटर्न गिफ्ट्स की जगह पौधे बांटने की शुरुआत की जा सकती है। छुट्टियों में बच्चों को किसी जंगल, नदी या गांव की सैर कराई जा सकती है ताकि वे प्रकृति को वास्तविक रूप में महसूस कर सकें। a



सीजनल केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

## ट्रैवलिंग में साथ रखें ये प्रोडक्ट्स
## मेंटेन रहेगा ग्लोइंग मेकअप

गर्मी की छुट्टियों में बहुत से लोग अपने परिवार, दोस्तों के संग हिल स्टेशंस या अन्य पर्यटक स्थलों पर घूमने जाते हैं ताकि नेचर का आनंद ले सकें और शहरों की भाग-दौड़ भरी उबाऊ जिंदगी से राहत मिल सके। लेकिन इस मौसम में खुले वातावरण में घूमने से पसीने, टैनिंग, त्वचा में जलन, सनबर्न से ब्यूटी पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। लेकिन अगर आप ट्रैवलिंग के दौरान अपने साथ कुछ जरूरी ब्यूटी प्रोडक्ट्स रखती हैं तो आप इस मौसम में त्वचा को होने वाले नुकसानों से खुद को बचा सकती हैं।

**फेस वाइप्स:** गर्मी में सबसे ज्यादा परेशानी पसीने से होती है। तेज धूप की वजह से ऑयली स्किन पर गंदगी और तेल जम जाता है। इससे चेहरा डल लगता है और मेकअप भी खराब हो जाता है। इसलिए इस मौसम में जब भी आप घूमने जाएं तो अपने साथ फेस वाइप्स जरूर रखें। फेस वाइप्स से बिना पानी के चेहरे की त्वचा साफ हो जाती है और चेहरे की नर्व्स में ब्लड सर्कुलेशन भी बढ़ता है। गीले फेस वाइप्स को आप अपनी सुविधानुसार उपयोग कर सकती हैं। जब आपके पास पानी और फेस वॉश उपलब्ध नहीं हो तो इसे यूज करें। इससे आपकी स्किन तुरंत साफ और फ्रेश लगेगी।

**ड्राई शैंपू:** यात्रा के दौरान कई बार बालों को धोने का कम ही समय मिल पाता है। ऐसे में ड्राई शैंपू काफी मददगार हो सकता है। ड्राई शैंपू पानी रहित उत्पाद है, जिसे बालों को साफ करने के लिए आमतौर पर स्प्रे या पावडर के रूप में उपयोग किया जाता है। इसे सिर की त्वचा पर लगाया जाता है और यह बालों से तेल या सीबम को सोख लेता है, जिससे बाल साफ और तरोताजा दिखते हैं। यदि आपकी स्कैल्प सेंसिटिव है तो अल्कोहलबेस्ड या सुगंधित ड्राई शैंपू से बचें।

**वाटर प्रूफ काजल:** अधिकतर महिलाएं अपनी सुंदरता को निखारने के आंखों पर काजल लगाना खूब पसंद करती हैं। लेकिन गर्मी के मौसम में पसीने से काजल फैलने की समस्या हो सकती है। इस समस्या से बचने के लिए वाटर प्रूफ काजल आपकी मदद कर सकता है। वाटर प्रूफ काजल आंखों पर लंबे समय तक मेंटेन रहता है। इन्हें लगाने से आंखों को परेशानी नहीं होती है और सेंसिटिव आंखों वाली महिलाओं के लिए भी उपयुक्त होता है। जैल आधारित काजल 12 घंटों तक टिका रहता है, जिसे आप ब्रश की मदद से लगा सकती हैं।

**ग्लिटर:** ग्लिटर नाखूनों को एक नया लुक देता है, जिससे साधारण मेनीक्योर भी खास दिखने लगता है। ग्लिटर मेनीक्योर अनेक प्रकार के कस्टमाइजेशन का अवसर प्रदान करता है और विभिन्न रंगों और फिनिश के साथ आपके सौंदर्य को निखारता है। a

डाइट एडवाइस

विधि

आमतौर पर महिलाएं वर्क प्रेशर की वजह से ब्रेकफास्ट में कुछ भी खा लेती हैं या स्किप कर देती हैं। आपको हेल्दी और एक्टिव रहने के लिए अपने ब्रेकफास्ट में ऐसे फूड्स शामिल करने चाहिए, जिससे आपको एनर्जी मिल सके।

## जब डेली करेंगी न्यूट्रिशस ब्रेकफास्ट
## आप रहेंगी हेल्दी-एनर्जेटिक

डॉक्टर्स कहते हैं कि दिन की शुरुआत हैवी ब्रेकफास्ट से होनी चाहिए। इससे पूरे दिन एनर्जी बनी रहती है लेकिन बहुत सी महिलाएं, सुबह की भाग-दौड़ और काम में ब्रेकफास्ट पर ध्यान नहीं देती हैं या बिना ब्रेकफास्ट किए ही रह जाती हैं। डेली न्यूट्रिशस ब्रेकफास्ट नहीं करने से सारा दिन सुस्ती और आलस महसूस होता है। वीकनेस आने लगती है। नाश्ते में ऐसी चीजें खानी चाहिए, जो हेल्दी हों। क्योंकि सही ब्रेकफास्ट दिनभर एनर्जेटिक और एक्टिव बनाए रखता है। ब्रेकफास्ट हेल्दी होने से कई सारी बीमारियां भी शरीर से दूर रहती हैं, साथ ही मेंटल हेल्थ भी बेहतर रहती है और इम्यून सिस्टम भी मजबूत होता है।

**क्या खाएं:** सुबह के नाश्ते में जितना हो सके हेल्दी और पौष्टिक चीजें शामिल करनी चाहिए। प्रोटीन, फाइबर, हेल्दी फैट से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए। इसके लिए ताजे फल, स्प्राउट्स, ओट्स, अंडा, दलिया, सूजी, मूंग दाल चीला, ड्राई फ्रूट्स, दूध को ब्रेकफास्ट में शामिल करना चहिए। सुबह के ब्रेकफास्ट में परांठों की जगह उपमा, नमकीन दलिया, घी लगी रोटी शामिल करना फायदेमंद होता है। प्रोटीन से भरपूर नाश्ता आपके शरीर को दिनभर की ऊर्जा देने में मदद करता है। प्रोटीन-रिच नाश्ते में उबले हुए अंडे, पनीर, दही, दलिया या ओटमील, मूंग दाल का चीला खा सकती हैं। फाइबर पाचन को सही बनाए रखने में मदद करता है। यह दिल के लिए भी अच्छा होता है। फाइबर से भरपूर ब्रेकफास्ट के लिए फलों का सलाद, साबुत अनाज की ब्रेड या परांठे, आलू या शकरकंदी की चाट खा सकती हैं। हेल्दी फैट से शरीर को एनर्जी मिलती है। यह शरीर के लिए जरूरी हार्मोन के प्रोडक्शन में भी मददगार है। इसके लिए एवोकाडो, नट्स, मूंगफली का मक्खन, अलसी का तेल ब्रेकफास्ट में शामिल कर सकती हैं। फ्रेश फल और सब्जियां न सिर्फ शरीर को हाइड्रेट करते हैं, बल्कि ये जरूरी विटामिन और मिनरल्स से भी भरपूर होती हैं। ये इम्यूनिटी को बढ़ाने में मददगार हैं। शरीर को पूरे दिन हाइड्रेटेड रखने के लिए पानी के अलावा, ब्रेकफास्ट में नीबू पानी, नारियल पानी, ग्रीन टी लेना भी अच्छा होता है। मीठे के लिए ब्रेकफास्ट में शहद, मेपल सिरप या गुड़ का इस्तेमाल कर सकती हैं। एक छोटे से फल जैसे कि आम, पपीता या सेब को भी मिठास के लिए शामिल कर सकती हैं। नाश्ते में स्मूदी केला और दूध एक बेहतरीन ऑप्शन हो सकता है। बिना अतिरिक्त मात्रा में नमक या चीनी की दही का ऑप्शन भी सेहतमंद होता है।

**क्या न खाएं:** ब्रेकफास्ट में कुछ फूड आइटम्स को नहीं खाना चाहिए।

**वाइट ब्रेड:** सफेद ब्रेड को लो क्वालिटी के कार्ब्स के साथ प्रोसेस किया जाता है, जिससे मोटापा, ब्लड शुगर बढ़ने और हार्ट डिजीज का खतरा भी पैदा होता है।

**समोसा-पकौड़े:** तली हुई चीजें खाने से सीने में जलन, पेट में भारीपन और शरीर में कोलेस्ट्रॉल बढ़ सकता है।

**मीठा दही:** इससे शरीर में शुगर की मात्रा बढ़ सकती है।

**इंस्टेंट नूडल्स:** इनमें बहुत ज्यादा नमक, प्रिजरवेटिव्स और अनहेल्दी फैट्स होते हैं, इसलिए ये सुबह के खाने के लिए बिल्कुल हेल्दी नहीं होते हैं। a

(डायटिशियन शीला सहरावत से बातचीत पर आधारित)

# युवा खिलाड़ियों की मौजूदगी, नई चुनौतियां स्वीकार करने के लिए करती है प्रेरित : कोहली

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

*भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली ने आईपीएल में अपना सबसे तेज अर्धशतक लगाने और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को लगातार दूसरी ट्रॉफी दिलाने के बाद कहा कि टी20 प्रारुप में अपने खेल को नया रूप देने के लिए उन्हें अपनी सोच में बदलाव करना पड़ा और इस बीच युवा खिलाड़ियों ने भी उन्हें प्रेरित किया। कोहली ने 18वें ओवर की आखिरी गेंद पर अरशद खान के खिलाफ शानदार छक्का लगाकर टीम को लगातार दूसरी बार चैंपियन बनाया।*

*कोहली ने 42 गेंद में 9 चौके और 3 छक्कों की मदद से नाबाद 75 रन की पारी खेलने के बाद प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। उन्होंने पुरस्कार समारोह में कहा, ' यह वही पल है, जिसका हर खिलाड़ी सपना देखता है। मैंने कई बार इस क्षण की कल्पना की थी, खासकर विजयी रन बनाने की। बल्लेबाजी के लिए उतरते समय मैं पूरी तरह सहज था।' कोहली ने कहा, 'मुझे पता था कि रन-चेज़ में क्या करना है। युवा खिलाड़ियों की मौजूदगी आपको लगातार अपने खेल में सुधार करने और नई चुनौतियां स्वीकार करने के लिए प्रेरित करती है।'*

## पूरे टूर्नामेंट में रहा हमारा दबदबा : पाटीदार

अहमदाबाद। आरसीबी ने आईपीएल में अपना दूसरा खिताब उस दिन जीता जब कप्तान रजत पाटीदार अपना 33वां जन्मदिन मना रहे थे, लेकिन इस सुखद संयोग से भी कहीं अधिक वह प्रतियोगिता में अपनी टीम के शुरू से अंत तक के दबदबे से खुश थे। पाटीदार ने कहा, ' ईमानदारी से कहूं तो पिछले साल बहुत दबाव था। इस साल टूर्नामेंट में हमारे प्रदर्शन की वजह से माहौल काफी शांत रहा। मुझे लगता है कि हमने न सिर्फ अच्छा खेल दिखाया, बल्कि इस साल हमने टूर्नामेंट में अपना दबदबा बनाए रखा।' उन्होंने कहा, ''हमें पूरा भरोसा था कि अगर हम इसी तरह खेलते रहे तो हम निश्चित रूप से दूसरा खिताब जीतने में सफल रहेंगे।' पाटीदार ने इसके साथ ही अन्य टीम को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि उनकी टीम लगातार तीसरा खिताब जीतने के लिए भी कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

## विजय जुलूस नहीं निकालेगा आरसीबी

अहमदाबाद। पिछले साल की भगदड़ और 11 लोगों की मौत को ध्यान में रखते हुए आरसीबी ने आईपीएल में लगातार दूसरी खिताबी जीत के लिए विजय जुलूस नहीं निकालने का फैसला किया है। आरसीबी के एक सूत्र ने कहा, 'बेंगलुरु में किसी भी प्रकार का जश्न मनाने की संभावना बहुत कम है। कुछ दिशानिर्देश निर्धारित हैं और हमें उनका पालन करना होगा।' इस बीच बेंगलुरु शहर के पुलिस आयुक्त सीमंथ कुमार सिंह ने कहा, 'हम किसी भी प्रकार के सार्वजनिक समारोह की अनुमति नहीं देंगे। यदि कोई जश्न मनाना चाहता है तो वह घर के अंदर मना सकता है।'

## आरसीबी के प्रशंसकों ने पूरी रात मनाया जश्न

*बेंगलुरु। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के उत्साही प्रशंसकों ने अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में अपनी टीम की लगातार दूसरी खिताबी जीत का संयमित होकर पूरी रात जश्न मनाया और स्थानीय पुलिस ने भी यह सुनिश्चित किया कि 'विजय उत्सव' बेकाबू न हो जाए। पिछले साल खिताब जीतने के जश्न के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ में 11 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। उसे घटना को ध्यान में रखते हुए बेंगलुरु पुलिस ने शहर के उन प्रमुख इलाकों में गश्त की, जहां रविवार रात मोटेरा में गुजरात टाइटन्स पर आरसीबी की शानदार जीत के बाद प्रशंसक जमा हुए थे। पुलिस की घेराबंदी के बावजूद लोगों ने पूरी रात जश्न मनाया लेकिन इस बार किसी तरह की अप्रिय घटना नहीं घटी। विजय उत्सव में शामिल एक प्रशंसक ने कहा, ' हमें खुशी है कि आरसीबी ने लगातार दो खिताब जीते हैं, लेकिन फाइनल एकतरफा रहा। हमें उम्मीद थी कि गुजरात टाइटंस कड़ी चुनौती पेश करेगा।' दिल्ली से आए एक प्रशंसक ने कहा, 'मैं विराट कोहली का प्रशंसक हूं और इसीलिए मैं आरसीबी का समर्थन करता हूं। मुझे खुशी है कि आज रात दोनों ने अच्छा प्रदर्शन किया।' बेंगलुरु पुलिस ने आरसीबी की जीत की संभावना को देखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर के मुख्य क्षेत्रों के आसपास गश्त शुरू कर दी थी।*

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी ने 19 पदक जीतने पर भारतीय टीम को दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22वीं एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 10 स्वर्ण पदकों सहित 19 पदक जीतने वाले भारतीय टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह शानदार प्रदर्शन खिलाड़ियों के दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता को दर्शाता है। भारत ने हांगकांग में आयोजित की गई चार दिवसीय प्रतियोगिता में 10 स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य सहित कुल 19 पदक जीतकर चीन (14 स्वर्ण, नौ रजत, दो कांस्य) के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। मोदी ने 'एक्स' पर कहा, 22वीं एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 10 स्वर्ण पदकों सहित 19 पदक जीतने के लिए भारतीय टीम को हार्दिक बधाई। यह उत्कृष्ट प्रदर्शन भारत के युवा एथलीटों के दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता को दर्शाता है।

### टॉप्स विकास समूह में 22 नौकायन खिलाड़ी शामिल

**नई दिल्ली।** जापान के आइची-नागोया में सितंबर-अक्टूबर में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारियों के मद्देनजर नौकायन (रोइंग) के 22 खिलाड़ियों को सोमवार को टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के विकास समूह में शामिल किया गया। यह फैसला मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) की 174वीं बैठक में लिया गया। भारतीय नौकायन संघ (आरएफआई) की ओर से वार्षिक राष्ट्रीय चयन ट्रायल और विभिन्न नौकाओं के लिए दलों को अंतिम रूप दिए जाने के बाद खिलाड़ियों की सूची जारी की गई। विकास समूह में शामिल प्रमुख खिलाड़ियों में पेरिस ओलंपिक 2024 में हिस्सा लेने वाले बलराज पंवार, 2022 एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता अरविंद सिंह और दो पदक जीत चुके जसविंदर सिंह शामिल हैं। कुल 22 खिलाड़ियों को छह विभिन्न नौका वर्गों में टॉप्स विकास समूह में शामिल किया गया है।

### आईजीपीएल राइजिंग स्टार्स संयुक्त 12वें स्थान पर कार्तिक

**अल जदीदा।** भारत के उभरते हुए गोल्फर कार्तिक सिंह ने आईजीपीएल मोरक्को राइजिंग स्टार्स 2026 के अंतिम दौर में एक अंडर 71 का स्कोर बनाकर संयुक्त 12वां स्थान हासिल किया। आखिरी नौ होल में एक डबल बोगी और एक बोगी करने के बावजूद कार्तिक का प्रदर्शन सराहनीय रहा। इस बीच थाईलैंड के तानापत पिचैकूल ने बांग्लादेश के अनुभवी खिलाड़ी सिद्दीकुर रहमान को दो शॉट से हराकर खिताब जीता। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने तीसरे दौर में आठ अंडर 64 के स्कोर के बाद दो शॉट की बढ़त बना ली थी। उन्होंने अंतिम दौर में दो अंडर 70 का स्कोर बनाकर अपनी बढ़त को बरकरार रखा। उन्होंने कुल 9 अंडर का स्कोर बनाया।



## आईपीएल 2026 समीक्षा : टाइटन्स ने अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों में बनाई पहचान

# आरसीबी और गुजरात का शानदार सफर एमआई-एलएसजी को करना होगा मंथन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने एक और बेहद सफल सत्र में शानदार प्रदर्शन किया, गुजरात टाइटन्स ने प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी निरंतरता बनाए रखी लेकिन आईपीएल की बड़ी टीम मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने निराशाजनक प्रदर्शन के बाद 2026 सत्र के खत्म होने से पहले ही अगले सत्र के लिए बदलाव की प्रक्रिया शुरू कर दी। टी20 क्रिकेट में कोई भी टीम किसी को भी हरा सकती है और लीग की प्रकृति में यह बात साफ दिखी क्योंकि प्लेऑफ में जगह बनाने वाली टीम का फैसला लीग चरण के आखिरी दिन हुआ। आरसीबी, गुजरात टाइटन्स और सनराइजर्स हैदराबाद लीग चरण के आखिरी दिन से पहले ही क्वालीफाई कर चुकी थीं, लेकिन राजस्थान रॉयल्स 24 मई को मुंबई इंडियंस को हराकर चौथी टीम के तौर पर प्लेऑफ में शामिल हो गई, जिसने आखिरी दिन पंजाब किंग्स को बाहर कर दिया।

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

18 साल से आईपीएल खिताब का इंतजार कर रही इस फ्रेंचाइजी ने पिछले सत्र में अपनी ऐतिहासिक जीत के बाद अब जीत को अपनी आदत बना लिया है। एंडी फ्लावर और मो बोबाट के नेतृत्व वाले 'थिंक टैंक' ने एक ऐसी चैंपियन टीम तैयार की है, जो मैदान पर जबरदस्त प्रदर्शन कर रही है। विराट कोहली अपने करियर के इस पड़ाव पर भी युवा खिलाड़ियों से मुकाबला करने के लिए लगातार अपने खेल में नए प्रयोग कर रहे हैं।

### गुजरात टाइटन्स

टाइटन्स ने अपने छोटे से आईपीएल इतिहास में सबसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों में से एक के तौर पर अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने पांच सत्र में तीन बार फाइनल में जगह बनाई है, जिसमें अपने पहले ही सत्र में ख़िताब जीतना भी शामिल है। शुभमन गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर ने लगातार रन बनाए। अगर कभी ये खिलाड़ी नाकाम रहे तो मध्यक्रम उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सका, जिससे इसी विभाग को वह अगली नीलामी में मजबूत करना चाहेगी।

### सनराइजर्स हैदराबाद

पैट कमिंस की कप्तानी वाली इस टीम ने धीमी शुरुआत के बाद इस सत्र में ज्यादा कुछ गलत नहीं किया। हालाकि 'एलिमिनेटर' में वैभव सूर्यवंशी और जोफ्रा आर्चर के शानदार प्रदर्शन के आगे उन्हें हार का सामना करना पड़ा। उनके लिए सकारात्मक चीज प्रफुल हिंगे और साकिब हुसैन जैसे तेज गेंदबाजों का उभरकर सामने आना रही।

### राजस्थान रॉयल्स

कप्तान रियान पराग ने खुद यह बात स्वीकार की है कि रॉयल्स को लीग चरण के आखिरी दिन का इंतजार करने के बजाय, उससे काफी पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लेना चाहिए था। उनका अभियान काफी हद तक 15 साल के किशोर खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी पर निर्भर था जो अपने पहले पूरे सत्र में 237.30 के जबरदस्त स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने।

### मुंबई इंडियंस

भारत के कई बड़े सितारों से सजी टीम इस सत्र में सबसे ज्यादा निराशाजनक प्रदर्शन करने वाली टीम रही। जसप्रीत बुमराह, हार्दिक, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा की चौकड़ी इस सत्र को भुलाना चाहेगी। रोहित शर्मा ने शीर्ष क्रम में ठीक प्रदर्शन किया, लेकिन चोट की वजह से उनका सत्र प्रभावित रहा।

### लखनऊ सुपर जायंट्स

दो निराशाजनक सत्र के बाद कप्तान ऋषभ पंत के पद छोड़ने के साथ ही अगले सत्र के लिए टीम में बदलाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। पहले हिस्से में टीम की बल्लेबाजी पूरी तरह फ्लॉप रही जबकि मोहम्मद शमी, मोहसिन खान और प्रिंस यादव की अगुवाई में गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया।

### दिल्ली कैपिटल्स

लगातार दूसरे सत्र में दिल्ली कैपिटल्स अक्षर पटेल की कप्तानी में प्लेऑफ में जगह बनाने में नाकाम रही। यह एक और ऐसा सत्र रहा, जिसमें केएल राहुल ने 500 से ज्यादा रन बनाए लेकिन आखिरी नतीजों के लिहाज से उन रनों की अहमियत नहीं रही। टीम के पास बल्लेबाजी में जरूरी ताकत की कमी थी। गेंदबाजी में भी जरूरी धार नहीं थी।

### पंजाब किंग्स

आईपीएल के पहले हाफ में सबसे मजबूत टीम मानी जा रही पंजाब किंग्स ने दूसरे हाफ में लगातार छह मैच हारकर अपने प्लेऑफ में पहुंचने के मौकों को गंवा दिया। उनकी शानदार बल्लेबाजी ने उनकी कमजोर गेंदबाजी की भरपाई कर दी थी, लेकिन बाद में क्षेत्ररक्षण समेत तीनों ही विभागों में उनका प्रदर्शन गिर गया।

### कोलकाता नाइट राइडर्स

शुरुआती छह मैच हारने के बाद भी 10 टीम में से सातवें स्थान पर रहकर केकेआर ने अच्छा प्रदर्शन किया। पूरी संभावना है कि अजिंक्य रहाणे ने आईपीएल में अपना आखिरी सत्र खेल लिया है। टीम को सभी विभागों में संघर्ष करना पड़ा और अब उसे पूरी तरह से नए सिरे से तैयार करने की जरूरत है।

### चेन्नई सुपर किंग्स

पांच बार की चैंपियन टीम 2023 में खिताब जीतने के बाद से अब तक प्लेऑफ में जगह बनाने में नाकाम रही है। रुतुराज गायकवाड़ की अगुआई वाली फ्रेंचाइजी को अब अपनी रणनीति में बदलाव करने की जरूरत है।

## क्रिकेट

# आईसीसी ने लागू किए नए नियम टी20 में कोच की मैदान में एंट्री

लेग साइड वाइड, डे टेस्ट में पिंक बॉल पर लगी मुहर

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने क्रिकेट नियमों से जुड़ी कुछ सिफारिशों पर मुहर लगा दी है। अहमदाबाद में बोर्ड मीटिंग के दौरान इस पर फैसला लिया गया।

इसके तहत दिन में होने वाले टेस्ट मैच में पिंक बॉल के इस्तेमाल, लेग साइड वाइड ट्रायल, अवैध बॉलिंग एक्शन पर हॉक आई डेटा के एक्सेस को मंजूरी दी गई। इससे आने वाले समय में क्रिकेट में काफी बदलाव देखने को मिलेंगे। वहीं आईसीसी ने टी 20 मैच के दौरान कोच को मैदान में एंट्री का प्रावधान रखा है। आईसीसी ने बताया कि अगर खराब रोशनी के चलते खेल में रुकावट आती है तब अंपायर दोनों टीमों की सहमति से लाल गेंद की जगह पिंक बॉल से खेल को आगे बढ़ा सकते हैं।

ऐसा इसलिए किया जा रहा क्योंकि कई बार खराब रोशनी के चलते मैच में समय खराब होता है और इससे नतीजा नहीं निकल पाता है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के अंक दांव पर होने की वजह से इस तरह के नतीजे टीमों के लिए नुकसानदेह साबित हुए हैं।

### लेग साइड वाइड पर अहम फैसला

बोर्ड मीटिंग में लेग साइड वाइड पर अहम फैसला हुआ। अब अगर किसी बल्लेबाज के लेग साइड में कोई गेंद जाती है तो वह सीधे-सीधे वाइड नहीं होगी। अंपायर यह जांच करेंगे कि वह बल्लेबाज से कितनी दूर है। उसके हिसाब से ही फैसला किया जाएगा। कहा जा रहा है कि एक तय लाइन रखी जाएगी और उसके अंदर अगर गेंद रहती है तो वह वाइड नहीं होगी। लेकिन इस पर फैसला मैदानी अंपायर ही लेगा। अभी इस नियम को आईसीसी ने ट्रायल पर डाला है।

## डब्ल्यूटीटी प्रिस्टिना फीडर सीरीज

# 15 साल की दिव्यांशी ने रचा इतिहास, जीते दो स्वर्ण पदक

एजेंसी ▶▶| प्रिस्टीना

उभरती हुई खिलाड़ी 15 वर्षीय दिव्यांशी भौमिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डब्ल्यूटीटी फीडर महिला एकल खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। वह इस उपलब्धि हासिल करने वाली भारत की सबसे कम उम्र की महिला खिलाड़ी बन गई हैं। विश्व रैंकिंग में 211वें स्थान पर काबिज दिव्यांशी ने फाइनल में चीनी ताइपे की विश्व नंबर 38 येह यी-तियान को रोमांचक मुकाबले में 3-2 (8-11, 11-8, 11-5, 7-11, 11-7) से पराजित किया। भारतीय खिलाड़ी ने पहला गेम गंवाने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए अद्भुत संयम, जुझारुपन और आत्मविश्वास का परिचय दिया तथा यादगार जीत दर्ज की। इस प्रदर्शन के साथ उन्होंने सीनियर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी दमदार मौजूदगी का अहसास कराया। दिव्यांशी की यह उपलब्धि केवल भारतीय टेबल टेनिस के लिए ही ऐतिहासिक नहीं है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी उन्हें विशिष्ट स्थान दिलाती है।

### महिला युगल में जीता गोल्ड

दिव्यांशी ने अपने शानदार अभियान में एक और स्वर्णिम उपलब्धि जोड़ते हुए महिला युगल वर्ग का स्वर्ण पदक भी जीता। उन्होंने साथी भारतीय किशोर खिलाड़ी सिंड्रेला दास के साथ मिलकर जापान की साची आओकी और कोकोना मुरामात्सु की जोड़ी को रोमांचक फाइनल में 3-2 (7-11, 14-12, 12-14, 11-8, 11-7) से हराया। करीब आधे घंटे तक चले इस संघर्षपूर्ण मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने पहला गेम गंवाने के बावजूद शानदार वापसी की। निर्णायक क्षणों में दबाव के बीच उनका धैर्य और दृढ़ता देखने लायक रही, जिसने भारत की इस उभरती हुई जोड़ी की बढ़ती परिपक्वता और उज्ज्वल भविष्य की झलक पेश की।

### उम्र से कहीं अधिक दिखाई परिपक्वता

मात्र 15 वर्ष की आयु में वह जापान की स्टार खिलाड़ी मिवा हारिमोटो के बाद डब्ल्यूटीटी फीडर सर्किट में महिला एकल खिताब जीतने वाली दुनिया की दूसरी सबसे युवा खिलाड़ी मानी जा रही हैं। प्रिस्टीना में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान दिव्यांशी ने पूरे सप्ताह अपने खेल से प्रभावित किया।

# नार्वे चेस : गुकेश और दिव्या हारे कार्लसन ने दर्ज की बड़ी जीत

एजेंसी ▶▶| ओस्लो

नॉर्वे चेस 2026 के छठे राउंड में कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। पुरुष और महिला दोनों वर्गों में खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर रही, जिससे खिताब की दौड़ और दिलचस्प हो गई है। पुरुष वर्ग में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने टूर्नामेंट लीडर अलीरेजा फिरोजा को हराकर बड़ी जीत दर्ज की। सफेद मोहरों से खेलते हुए कार्लसन ने पूरे मुकाबले में दबाव बनाए रखा और बाद के चरण में अपनी बढ़त का फायदा उठाकर जीत हासिल की। यह फिरोजा की टूर्नामेंट में पहली क्लासिकल हार रही एक अन्य मुकाबले में वेस्ली सो ने भारत के युवा ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंदा को हराया। लंबा चला यह मुकाबला काफी संघर्षपूर्ण रहा, लेकिन एंडगेम में वेस्ली ने बेहतर खेल दिखाते हुए पूरे तीन अंक हासिल किए। इस जीत के साथ वह अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए हैं।

### कीमर से हारे गुकेश

मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश को जर्मनी के विंसेंट कीमर के हाथों हार का सामना करना पड़ा। कीमर इस मुकाबले में गुकेश पर शुरुआत से ही हावी रहे और वह अपने दमदार खेल को अंत तक बरकरार रखने में सफल रहे। विंसेंट ने गुकेश को वापसी करने का मौका नहीं दिया और शानदार जीत दर्ज की।

# 'जी' ने हासिल किए भारत के लिए 'फीफा वर्ल्ड कप' राइट्स

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में फुटबॉल प्रेमियों के लिए बड़ी राहत की बात है कि 'जी' पर 2026 फीफा विश्व कप का सीधा प्रसारण किया जाएगा क्योंकि 11 जून से शुरू होने वाले टूर्नामेंट से 10 दिन पहले 'जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेस लिमिटेड' ने फुटबॉल की विश्व संचालन संस्था फीफा के साथ 8 साल की भागीदारी की घोषणा की।

इस साझेदारी के तहत 'जी' भारत में विश्व कप 2026 समेत फीफा के सभी मुकाबलों का प्रसारण करेगा। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल संस्था फीफा के साथ हुए इस करार के तहत 'जी' फीफा के 39 वैश्विक फुटबॉल टूर्नामेंट का प्रसारण करेगा, जिनमें 11 जून 2026 से शुरू होने वाला फीफा विश्व कप भी शामिल है। अमेरिका, कनाडा और मेक्सिकों विश्व कप 2026 की संयुक्त मेजबानी करेंगे।

### 'यूनाईट8 स्पोर्ट्स नेटवर्क' में होगा विश्वकप का प्रसारण

विश्व कप का टीवी पर सीधा प्रसारण जी एंटरटेनमेंट अपने नए 'यूनाईट8 स्पोर्ट्स नेटवर्क' के जरिए करेगा जबकि इसकी लाइव स्ट्रीमिंग 'जी5' ऐप पर उपलब्ध होगी। जी एंटरटेनमेंट के पास भारतीय बाजार के लिए फीफा विश्व कप 2026, फीफा विश्व कप 2030, फीफा महिला विश्व कप 2027 के साथ 2034 तक के अन्य अहम फीफा टूर्नामेंट और डॉक्यू-सीरीज कंटेंट के मीडिया अधिकार होंगे। जी एंटरटेनमेंट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पुनीत गोयंका ने कहा, 'हम दुनिया के सबसे बड़े खेल टूर्नामेंट में से एक को भारतीय दर्शकों तक पहुंचाने को लेकर बहुत उत्साहित हैं। मीडिया अधिकार हासिल करने और विशेष खेल चैनल शुरू करने में किया गया हमारा निवेश, इस खेल की लंबी अवधि की संभावनाओं में हमारे पक्के विश्वास को दर्शाता है। '

## आज से शुरू हो रहा थाईलैंड ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट

# बुलंद हौसलों के साथ कोर्ट पर उतरेगी सात्विक-चिराग की जोड़ी

एजेंसी ▶▶| जकार्ता

सिंगापुर ओपन में लंबे समय से चले आ रहे खिताबी इंतजार को समाप्त करने के बाद आत्मविश्वास से भरपूर भारत की स्टार पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी अब मंगलवार से शुरू हो रहे थाईलैंड ओपन सुपर 1000 में लगातार दूसरा खिताब जीतने के इरादे से कोर्ट पर उतरेगी।

पूर्व विश्व नंबर एक भारतीय जोड़ी को प्रतियोगिता में चौथी वरीयता मिली है। अपने पहले मुकाबले में उनका सामना मलेशिया के कांग खाई शिंग और आरोन ताई की जोड़ी से होगा। पुरुष युगल में भारत की दूसरी जोड़ी एमआर अर्जुन और हरिहरन अम्साकरुणान का मुकाबला मलेशिया के नूर मोहद अजरीन आयुब अजरीन और तान वी कियोंग से होगा। यदि दोनों भारतीय जोड़ियां अपने-अपने शुरुआती मुकाबले जीतती हैं तो दूसरे दौर में आमने-सामने हो सकती हैं।

### पहला मुकाबला मलेशिया के शिंग और आरोन की जोड़ी से

### सिंधू की पहली भिड़ंत थाईलैंड की ओंगबामरुंगफान से

महिला एकल में भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधू अपने अभियान की शुरुआत थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान के खिलाफ करेंगी। सिंधू सिंगापुर ओपन में क्वार्टर फाइनल तक पहुंची थीं। अन्य भारतीय खिलाड़ियों में मालविका बंसोड़ का सामना थाईलैंड की सातवीं वरीय पोर्नपावी चोचुवोंग से होगा, जबकि उन्नति हुड्डा को पहले ही दौर में जापान की विश्व नंबर 12 नोजोमि ओकुहारा जैसी मजबूत प्रतिद्वंद्वी मिली हैं।

### लक्ष्य भिड़ेंगे अल्वी फरहान से

लक्ष्य सेन पुरुष एकल में अपने पहले मुकाबले में इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से भिड़ेंगे। वहीं किदांबी श्रीकांत का सामना जापान के युशी तनाका से होगा। अन्य भारतीय खिलाड़ियों में आयुष शेट्टी का मुकाबला चीन के वेंग होंग यांग से होगा, जबकि एचएस प्रणय आयरलैंड के एनट के खिलाफ चुनौती पेश करेंगे। मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो के साथ रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गदे भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद भारत की एकमात्र जोड़ी पहले दौर में इंडोनेशिया की फेब्रियाना द्विपुजी कुसुमा और मेलिसा ट्रियास पुस्पितासारी के खिलाफ अभियान शुरू करेगी।

▶ नगर निगम, जबलपुर को निर्देश : अगली सुनवाई 13 जुलाई को
▶ उत्तराखंड के रुद्रपुर से कोई अपशिष्ट कठौंदा भेजने के तथ्य का होगा सत्यापन

# एनजीटी ने कठौंदा वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट को लेकर मांगी विस्तृत रिपोर्ट

**जबलपुर।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण, एनजीटी के चेयरमैन जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव व विशेषज्ञ सदस्य डा. अफरोज अहमद की पीठ ने कठौंदा वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट को लेकर नगर निगम, जबलपुर विस्तृत रिपोर्ट तलब कर ली है। एनजीटी ने प्लांट के संचालन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व पर्यावरणीय अनुपालन की मानीटरिंग की व्यवस्था दी है। नगर आयुक्त ने अपने जवाब में कहा है कि वे इस तथ्य का सत्यापन करेंगे कि क्या उत्तराखंड के रुद्रपुर से कोई अपशिष्ट कठौंदा वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट में उपचार हेतु भेजा गया था। नगर निगम द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में कई पहलें प्रगति पर होने के कारण एनजीटी ने निर्देश दिया कि इन कार्यों की अद्यतन स्थिति सहित विस्तृत प्रगति रिपोर्ट अगली सुनवाई से कम से कम एक सप्ताह पूर्व प्रस्तुत की जाए। मामले की अगली सुनवाई 13 जुलाई 2026 को निर्धारित की गई है। दरअसल, यह मामला कठौंदा क्षेत्र में कचरा जलने के बाद धूल और प्रदूषण के व्यापक प्रभाव की ओर ध्यान आकर्षित किए जाने वाले समाचारों पर संज्ञान के आधार पर सुनवाई में लिया गया है। सुनवाई के दौरान नगर निगम ने अवगत कराया कि कठौंदा स्थित वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट वर्ष 2016 से संचालित है। इसका संचालन जबलपुर एमएसडब्ल्यू प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। अक्टूबर, 2025 से जनवरी, 2026 तक प्लांट में व्यापक ओवरहालिंग कार्य किया गया था। जिसके बाद जनवरी, 2026 में इसे पुनः संचालित कर दिया गया। प्लांट के बंद रहने की अवधि में एकत्रित लगभग 38,138 टन ठोस अपशिष्ट को पुनः चालू होने के बाद प्रसंस्कृत किया गया है। नगर निगम के पास घर-घर कचरा संग्रहण के लिए 403 वाहन उपलब्ध हैं, जिनमें जैविक व अजैविक कचरे के पृथक संग्रहण की व्यवस्था है। कचरा पृथक्करण को बढ़ावा देने के लिए जनजागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। जैविक कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन हेतु 100 टन प्रतिदिन क्षमता का बायो-सीएनजी प्लांट प्रस्तावित किया गया है। इसके अतिरिक्त, वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट में उच्च ऊष्मीय क्षमता वाले अपशिष्ट के पृथक्करण हेतु नई प्री-प्रोसेसिंग प्रणाली भी स्थापित की गई है। कठौंदा व रानीताल स्थित पुराने कचरा डंप स्थलों के संबंध में नगर निगम ने दावा किया कि दोनों स्थलों का बायो-रिमेडिएशन कार्य पूरा कर लिया गया है। कठौंदा स्थल से प्राप्त आरडीएफ का उपयोग वर्तमान में वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट में ईंधन के रूप में किया जा रहा है। स्थल के चारों ओर आवश्यक बफर जोन बनाए रखा गया है व पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधारोपण और पार्क विकास की योजना पर कार्य किया जा रहा है।

## कैट ने 91 वर्षीय वृद्धा से पेंशन वसूली पर लगाई रोक

**जबलपुर।** केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण, कैट के न्यायिक सदस्य जस्टिस अखिल कुमार श्रीवास्तव व प्रशासनिक सदस्य मल्लिका आर्या की युगलपीठ ने 91 वर्षीय वृद्धा श्यामा देवी झा को अंतरिम राहत प्रदान करते हुए पारिवारिक पेंशन से तीन लाख 33 हजार की वसूली पर अंतरिम रोक लगा दी है। गुना निवासी याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता आकाश सिंघई ने दलील दी कि याचिकाकर्ता पेंशन भोगी है। 91 वर्ष की आयु में पारिवारिक पेंशन ही उनका एकमात्र आजीविका का साधन है। लिहाजा, विभाग द्वारा की जा रही वसूली विधि व न्याय के स्थापित सिद्धांतों के विपरीत है। कथित अधिक भुगतान की राशि की वसूली वृद्ध व असहाय पेंशनभोगियों से नहीं की जा सकती, विशेषकर तब जब उसमें उनका कोई दोष या कपटपूर्ण आचरण न हो। कैट ने प्रथमदृष्ट्या तर्कों से सहमत होते हुए वसूली आदेश के क्रियान्वयन पर अंतरिम रोक लगाते हुए प्रतिवादी विभाग को नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दे दिए।

## फर्जी दस्तावेज पेश करने वाले पांच आरोपियों की अग्रिम जमानत निरस्त

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश संजोग सिंह वाघेला ने हाईकोर्ट के नाम से फर्जी दस्तावेज पेश करने के मामले में शिल्पा पांडे, मधुलता दुबे, शिवांक दुबे, शिवानी चतुर्वेदी और अनूप चतुर्वेदी की अग्रिम जमानत निरस्त कर दी है। इस मामले में हाईकोर्ट के निर्देश पर दोबारा एफआईआर दर्ज की गई है। फरियादी वीरेन्द्र पांडे की ओर से दायर परिवाद में कहा गया कि दांडिक पुनरीक्षण प्रकरण की सुनवाई के आरोपियों ने हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार के नाम से कूटरचित दस्तावेज पेश किया। इस मामले में उनके खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का प्रकरण दर्ज किया है। मामले में आरोपियों की ओर से अग्रिम जमानत दायर की गई। सुनवाई के बाद न्यायालय ने आरोपियों की अग्रिम जमानत निरस्त कर दी है।

मामले की गूंज जबलपुर रेलवे मुख्यालय पहुंची

## स्टेशन पर अमानक पानी की बिक्री ने तूल पकड़ा!

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे अंतर्गत गंगापुर रेलवे स्टेशन पर कथित रूप से नकली पानी की बिक्री को लेकर शुरू हुआ मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। सीनियर डीसीएम सौरभ जैन की कार्रवाई के बाद एक स्टॉल बंद कराया गया, जिसके चलते वाणिज्य निरीक्षक रवि मीणा और संबंधित वेंडर के बीच विवाद हो गया। इसके बाद मामला जीआरपी थाने तक पहुंचा, जहां वेंडर ने पुलिसकर्मियों पर मारपीट के आरोप लगाए हैं। घटनाक्रम की जानकारी मिलने पर रेलवे और जीआरपी के वरिष्ठ अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया है।

बताया जा रहा है कि यात्रियों को कथित रूप से अमानक पानी बेचे जाने की शिकायत मिलने पर रेलवे प्रशासन ने संबंधित स्टॉल के खिलाफ कार्रवाई की थी। इसी दौरान स्टेशन पर वाणिज्य निरीक्षक और वेंडर के बीच कहासुनी हो गई। बाद में वेंडर शिकायत लेकर जीआरपी थाने पहुंचा, जहां उसके साथ दुर्व्यवहार और मारपीट किए जाने के आरोप सामने आए हैं। मामले की सूचना स्टॉल संचालक इमरान द्वारा उच्च अधिकारियों को दी गई, जिसके बाद जांच के आदेश जारी किए गए हैं।

**कोटा डीएसपी को सौंपी गई जांच**

अजमेर जीआरपी पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोटा के पुलिस उपधीक्षक शकील अहमद को मामले की जांच सौंपी गई है। वहीं जीआरपी के तीन जवानों के निलंबन की चर्चा भी सामने आई है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। मामले की गूंज जबलपुर रेलवे मुख्यालय तक पहुंच गई है और वरिष्ठ अधिकारी लगातार घटनाक्रम की जानकारी ले रहे हैं। रेलवे प्रशासन और जीआरपी दोनों स्तर पर जांच जारी है, जिसके बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

वीडियो शूट में किसान से कहलवाया, नगदी लेकर ऑनलाईन दिए पैसे

## नगदी भी लूटे, गूगल-पे से भी ट्रांसफर कराए पैसे

**जबलपुर।** शहर में एक बार फिर लुटेरे सक्रिय हो गए। अभी बरगी में कार चालक को लूटने वालों का सुराग मिला भी नहीं था कि संजीवनीनगर थाना अतंर्गत अंधमूक बायपास रोड पर एक किसान को चाकू व कट्टा के नोंक पर लूट लिया गया। लुटेरो ने किसान से चांदी की चैन, 20 हजार रुपए के अलावा गूगल पे एकाउंट से 2 हजार रुपए भी ट्रांसफर करवा लिए। लुटेरे अब बीएनएस की धाराओं में डिजीटल साक्ष्य को बचाव के लिए भी इस्तेमाल करने लगे है। लुटरों ने न केवल वारदात की बल्कि पीड़ित किसान का एक वीडियो भी बनवाया, जिसमें उससे कहलवाया कि गूगल पे से मैने पैसे ट्रांसफर किए और बदले में नगद पैसे लिए है। ताकि कानूनी लड़ाई में इसका इस्तेमाल सबूत के तौर पर किया जा सके। पुलिस लूट का मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है। घटना के संबंध में संजीवनीनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार आईटीआई के सामने माढ़ोताल निवासी 32 वर्षीय किसान पुष्पेंद्र पटेल कल दोपहर लगभग 1.30 बजे अपने खेत ग्राम सेमरा गया था वहां से रात लगभग 11.30 अपने खेत से बजाज चेतक स्कूटर से घर आ रहा था जैसे ही देर रात लगभग 12.10 बजे अंधमूक वायपास के ऊपर पहुँचा, तभी फ्लाईओवर के ऊपर एक बिना नंबर की एक्सिस में तीन अज्ञात लोग आए और उसे रोककर चाकू दिखाते हुए उसके गले में पहने चांदी की चैन, स्कूटर की डिक्की में रखी फसल बिक्री के 20 हजार रूपये ले लिये। ठीक 5 मिनिट बाद बजाज पल्सर क्रमांक एमपी 20 जेड एक्स 5693 में दो लोग आये और बोले क्या मिला है कहते हुए कट्टा अड़ा दिया और उसका मोबाइल छिना। डरा धमकाकर उनमें से एक लड़के ने मोबाइल से गूगल पे एकाउंट से 2 हजार रुपए ट्रांसफर करवा लिए तथा डरा धमकाकर आरोपियों ने एक वीडियो बनाया जिसमें यह कहलवाया कि मैंने यह पैसे स्वयं ट्रांसफर किये और ट्रांसफर के बदले मैने नगद लिये हैं। डरा धमकाकर उन्होंने उससे उसका मोबाइल नम्बर एवं गूगल पिन नम्बर पूछा तो उसने अपने मोबाइल का नम्बर एवं स्क्रीन पासवर्ड बताया था और यह कर दिया था कि यही मेरा गूगल पे एकाउण्ट का पिन है कहते हुए रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए कटंगी वायपास तरफ भागने लगे एवं उसके मोबाइल के गूगल पे अकाउण्ट से कई बार ट्रांसफर करने की कोशिश किये लेकिन असफल रहे उसी समय उसने पीछा कर शोर मचाया तो उसका मोबाइल फैंककर भाग गये।

अब एसीएस के हस्तक्षेप के बाद बढ़ा दबाव

## आशा प्रोत्साहन राशि घोटाले की जांच अधर में

**जबलपुर।** स्वास्थ्य विभाग में वित्तीय अनियमितताओं की जांच को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। वर्ष 2022 में आशा प्रोत्साहन राशि वितरण में सामने आई गड़बड़ियों की जांच तीन वर्ष बाद भी पूरी नहीं हो सकी है। आरोप है कि जिन अधिकारियों की भूमिका जांच के दायरे में थी, उन्हीं स्तरों पर जांच प्रक्रिया उलझकर रह गई। इस बीच राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) द्वारा लगातार प्रतिवेदन मांगे जाने के बावजूद स्थानीय स्तर से जवाब नहीं भेजे जाने की जानकारी सामने आई है।

सूत्रों के अनुसार आशा प्रोत्साहन राशि वितरण में कई अनियमितताएं उजागर हुई थीं। कुछ आशा कार्यकर्ताओं के खातों में निर्धारित राशि से अधिक भुगतान किया गया, जबकि एक मृत आशा कार्यकर्ता के खाते में भी राशि जमा होने का मामला सामने आया था। शिकायतों के बाद विभागीय जांच समिति गठित की गई और मुख्यालय को भी इसकी जानकारी भेजी गई। हालांकि प्रारंभिक कार्रवाई और नोटिस जारी होने के बाद जांच रिपोर्ट आगे नहीं बढ़ सकी। बताया जाता है कि मामले में कुछ वरिष्ठ अधिकारियों की भूमिका भी जांच के घेरे में थी, जिसके चलते प्रतिवेदन अब तक लंबित है।

### विधानसभा तक पहुंचा मामला

आशा प्रोत्साहन राशि प्रकरण विधानसभा में उठने के बावजूद जांच रिपोर्ट मुख्यालय को नहीं भेजी गई। वहीं संजीवनी क्लीनिकों के लिए प्राप्त 58 लाख रुपये के उपयोग से जुड़े मामले में भी एनएचएम के पत्रों का जवाब लंबित बताया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक मिशन संचालक कार्यालय से कई बार प्रतिवेदन मांगा जा चुका है, लेकिन स्थानीय स्तर पर अपेक्षित जानकारी नहीं भेजी गई।

### एसीएस ने माना गंभीर मामला

स्वास्थ्य विभाग की लंबित जांचों को लेकर अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने नाराजगी जताई है। हाल ही में जबलपुर प्रवास के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। सूत्रों के अनुसार एसीएस ने कलेक्टर को भी मामले की समीक्षा कर लंबित जांच प्रतिवेदन मुख्यालय भेजने को कहा है। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने पुष्टि करते हुए बताया कि इस संबंध में रिमाइंडर पत्र प्राप्त हुआ है और उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। एसीएस के हस्तक्षेप के बाद विभागीय अधिकारियों में हलचल बढ़ गई है।

कृषि भूमि के नामांतरण के लिए ले रहा था घूस

## रिश्वत लेते पटवारी लोकायुक्त के हत्थे चढ़ा

**जबलपुर।** भ्रष्टाचार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत लोकायुक्त पुलिस जबलपुर ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव तहसील अंतर्गत पदस्थ एक पटवारी को 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

लोकायुक्त पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक संदीप कुमार सिंह निवासी पड़रिया, तहसील गोटेगांव, जिला नरसिंहपुर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी माता श्रीमती ममता देवी द्वारा ग्राम मुआर में खरीदी गई 7 एकड़ कृषि भूमि के नामांतरण की प्रक्रिया के लिए हल्का नंबर 41 के पटवारी घनश्याम गढ़वाल 10 हजार रुपये रिश्वत की मांग कर रहे थे। शिकायत मिलने पर लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय जबलपुर द्वारा मामले का सत्यापन कराया गया। जांच के दौरान रिश्वत मांगने की शिकायत सही पाई गई। सत्यापन के समय आरोपी पटवारी ने 10 हजार रुपये की मांग में से 5 हजार रुपये लेने पर सहमति जताई।

योजना के अनुसार सोमवार को लोकायुक्त टीम ने गोटेगांव स्थित महिंद्रा शोरूम के समीप टीला क्षेत्र में संचालित पटवारी के निजी कार्यालय पर जाल बिछाया। जैसे ही आरोपी पटवारी घनश्याम गढ़वाल ने आवेदक से 5 हजार रुपये की रिश्वत ली, लोकायुक्त टीम ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। आरोपी घनश्याम गढ़वाल (39 वर्ष), निवासी पंचमुखी हनुमान कॉलोनी, बरही, जिला कटनी, वर्तमान में पटवारी हल्का नंबर 41 ग्राम मुरदई, तहसील गोटेगांव, जिला नरसिंहपुर में पदस्थ है। लोकायुक्त पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) की धारा 7, 13(1)(बी) एवं 13(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। ट्रैप दल में निरीक्षक राहुल गजभिए, निरीक्षक जितेंद्र यादव सहित लोकायुक्त जबलपुर की टीम शामिल रही।

वन विभाग का सर्च ऑपरेशन जारी, सतर्कता बढ़ाई गई

## आयुध निर्माणी खमरिया में तेंदुए की दस्तक

**जबलपुर।** आयुध निर्माणी खमरिया परिसर में तेंदुए की मौजूदगी की आहट मिलने पर हड़कंप मच गया। इस बात की जानकारी मिलने पर वन विभाग ने सर्च ऑपरेशन शुरु कर दिया, और पूरे क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी। ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों ने परिसर में तेंदुए को घूमते हुए देखा, जिसके बाद आयुध निर्माणी प्रशासन और वन विभाग को तत्काल जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम सक्रिय हो गई और सोमवार को भी तेंदुए की तलाश का अभियान जारी रहा। माना जा रहा है कि यह वन्यजीव गन कैरेज फैक्ट्री (जीसीएफ) के जंगलों से भटककर खमरिया क्षेत्र में पहुंचा है। वन विभाग की रेस्क्यू टीम आधुनिक उपकरणों की सहायता से तेंदुए की लोकेशन का पता लगाने में जुटी है। थर्मल कैमरे, पिंजरे और विशेष निगरानी दलों की मदद से जंगल और आसपास के क्षेत्रों में लगातार खोजबीन की जा रही है।

### जारी की गई एडवाइजरी

तेंदुए की सूचना के बाद खमरिया आयुध निर्माणी और वाहन निर्माणी जबलपुर (वीएफजे) में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। कर्मचारियों और स्थानीय निवासियों को सुनसान स्थानों पर अकेले न जाने तथा रात के समय विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। सुरक्षा कर्मियों की गश्त बढ़ा दी गई है और पूरे क्षेत्र पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। गौरतलब है कि दिसंबर 2025 में भी सारणी क्वार्टर्स क्षेत्र में एक तेंदुआ कर्मचारी के आवास परिसर में घुस आया था, जिसकी गतिविधियां सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हुई थीं। इसके अलावा पूर्व में जीसीएफ के संवेदनशील एफ-6 सेक्शन में भी तेंदुए की मौजूदगी दर्ज की जा चुकी है। खमरिया और जीसीएफ के जंगलों से सटे इस औद्योगिक क्षेत्र में वन्यजीवों की आवाजाही लगातार चिंता का विषय बनी हुई है, जिससे स्थानीय परिवारों और कर्मचारियों में भय का माहौल बना हुआ है।

### सड़क दुर्घटना में घायल महिला की मौत

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत पाटन बायपास ब्रिज के ऊपर सड़क दुर्घटना घायल एक महिला का मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार देवरी पटपरा थाना बरेला निवासी 40 वर्षीय श्रीमति मायाबाई यादव का सोमवार की सुबह पाटन बायपास ब्रिज के ऊपर सड़क दुर्घटना में घायल होने से शिवम पटेल द्वारा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार दौरान सोमवार को सुबह लगभग 10.20 बजे डॉक्टर ने चैक कर श्रीमति माया बाई को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240